
# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, शुक्रवार 24 जुलाई 2026

26 दिन बाद माने वांगचुक

## जेपी नड्डा ने जूस पिलाकर खत्म कराया अनशन

सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने अपना अनशन तोड़ दिया है। पीएम मोदी के संबोधन के बाद सोनम वांगचुक ने अपना अनशन तोड़ा। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और जितेंद्र सिंह ने सोनम वांगचुक का अनशन तुड़वाया। 26 दिनों से सोनम वांगचुक पेपर लीक के खिलाफ अपनी मांगों को लेकर भूख हड़ताल पर थे। सोनम गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती हैं। जैसे ही पीएम मोदी का संबोधन हुआ, उसके तुरंत बाद नड्डा और सिंह अस्पताल के लिए रवाना हो गए। सोनम वांगचुक से उन्होंने मेदांता अस्पताल में मुलाकात की और अनशन तोड़ने का आग्रह किया। नड्डा ने मोदी सरकार द्वारा लिए गए फैसले के बारे में भी बताया।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366



## खबर संक्षेप

### इन्फोसिस के नए सीईओ होंगे आशीष दास



**नई दिल्ली।** देश की दूसरी सबसे बड़ी आईटी कंपनी इन्फोसिस ने जून तिमाही के शानदार नतीजों के साथ नए सीईओ की घोषणा की है। कंपनी ने आशीष दास को नया सीईओ और एमडी नियुक्त किया है, जो 1 अप्रैल, 2027 से सलिल पारेख की जगह पदभार संभालेंगे। चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 12 प्रतिशत बढ़कर 7,769 करोड़ रुपए पर पहुंच गया।

### सोनम की जमानत रद्द सरेंडर करने के आदेश



**नई दिल्ली।** इंदौर के चर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड की मुख्य आरोपी पत्नी सोनम रघुवंशी को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। उसकी जमानत रद्द करते हुए तीन हफ्ते के भीतर सरेंडर करने का आदेश दिया है। मेघालय सरकार की याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने यह फैसला सुनाया, जिसने हाईकोर्ट द्वारा जमानत बरकरार रखने के आदेश को चुनौती दी थी।

### बॉयफ्रेंड को बंधक बना नीट छात्रा से गैंगरेप



**चित्रकूट।** उप्र के चित्रकूट स्थित देवांगना घाटी के जंगल में तीन युवकों ने एक नीट छात्रा के साथ गैंगरेप की वारदात को अंजाम दिया। राजस्थान के कोटा से नीट की तैयारी कर रही 20 वर्षीय छात्रा अपने 17 वर्षीय दोस्त के साथ घूमने आई थी। आरोपियों ने खुद को वनकर्मी बताकर धमकाया और छात्रा के दोस्त को पीटकर गमछे से बांध दिया। इसके बाद वे छात्रा को झाड़ियों में घसीटकर ले गए और दरिंदगी की।

33 वें दिन धरना जारी : कॉकरोच जनता पार्टी ने किया शुक्रवार को देशभर में प्रदर्शन का ऐलान

# जंतर-मंतर पर फिलहाल समाधान का 'मंतर' नहीं

*प्रदर्शनकारी नीट पेपर लीक मामले में जवाबदेही तय करने और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं*

एजेंसी ⏩ नई दिल्ली

केंद्र की मोदी सरकार ने गुरुवार को कहा कि वह कॉकरोच जनता पार्टी यानी सीजेपी के साथ किसी भी समय बातचीत के लिए तैयार है। उन्हे 4 बार बातचीत के लिए आमंत्रित किया लेकिन कोई आकर बात करने को तैयार नहीं है। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि पिछले 24 घंटे में सीजेपी को जेपी नड्डा के घर या ऑफिस पर बातचीत के लिए 4 बार ऑफर भेजा जा चुका है। उधर कॉकरोच पार्टी ने कहा है कि सरकार को बात करनी है तो जंतर-मंतर आए या फिर किसी न्यूट्रल जगह पर चर्चा करें। हम किसी के घर या ऑफिस नहीं जाएंगे। संवाद के लिए समय और स्थान तय होता, इससे पहले सीजेपी ने शुक्रवार को देशभर में शांति पूर्ण प्रदर्शन करने का ऐलान कर दिया। प्रदर्शनकारी नीट पेपर लीक मामले में जवाबदेही तय करने और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। उधर, प्रदर्शन में 28 जून से शामिल हुए सोनम वांगचुक के अनशन का शुक्रवार को 26वां दिन हैं। वांगचुक फिलहाल गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती हैं। ⏩ पढ़ें पेज 09 भी




**1 सरकार भी अड़ी**

24 घंटे में 4 बार सीजेपी को न्यौता दिया, पर वे नहीं आए

**2 सीजेपी भी अड़ी**

बात करना है तो जंतर-मंतर आइए, किसी के घर नहीं जाएंगे

**दावा - सीजेपी को जेपी नड्डा के घर या ऑफिस में बातचीत के लिए 4 बार ऑफर भेजा जा चुका**

**सीजेपी ने पिछली बार नड्डा के घर दो प्रतिनिधि भेजे थे आरोप था कि उनको नजरबंद कर लिया था**

पीएम मोदी का छात्रों के नाम एक वीडियो संदेश

## बोले- पेपर लीक पर कैबिनेट सख्त फैसला लेगी, संसद में जल्द बिल पास कराएंगे



रात 11:52 बजे

फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाने का निर्देश देर रात ड्राफ्ट तैयार, आज कैबिनेट में होगा अंतिम फैसला

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार रात छात्रों के नाम एक वीडियो संदेश जारी किया है। उन्होंने कहा कि पेपर लीक कोई मामूली विषय नहीं है। पीएम ने कहा कि पेपर लीक के खिलाफ कैबिनेट में सख्त फैसला लिया जाएगा। फास्ट-ट्रैक कोर्ट और कड़ी सजा का प्रस्ताव शुक्रवार की कैबिनेट बैठक में रखा जाएगा। आज मैंने विभागों को फास्ट-ट्रैक कोर्ट के लिए एक प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया। विभागों ने लगातार काम किया और देर रात मुझे ड्राफ्ट सौंपा। इस ड्राफ्ट में फास्ट-ट्रैक कोर्ट और कड़ी सज़ा के प्रावधान शामिल हैं, जिस पर कल कैबिनेट में चर्चा होगी। कैबिनेट सहयोगियों के ⏩ शेष पेज 4 पर

शिक्षा मंत्रालय में बड़ा फेरबदल

### नरेश पाल गंगवार उच्च शिक्षा विभाग के नए सचिव, विनीत जोशी को हटाया गया



नरेश पाल गंगवार

केंद्र सरकार ने गुरुवार की रात शिक्षा मंत्रालय में बड़ा फेरबदल करते हुए नरेश पाल गंगवार को शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग का नया सचिव नियुक्त किया गया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने यह फैसला लिया। केरल कैडर के 1994 बैच के आईएएस अधिकारी गंगवार, विनीत जोशी की जगह लेंगे, जिनका तबादला पंचायती राज विभाग के सचिव के रूप में कर दिया गया है। गंगवार इससे पहले मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय के तहत पशुपालन एवं डेयरी विभाग में सचिव के ⏩ शेष पेज 4 पर

वरिष्ठ नेता मुरली मनोहर जोशी बोले

## लड़कियों पर बल प्रयोग देख अत्यंत पीड़ा हुई



दिल्ली के जंतर-मंतर पर चल रहे छात्रों के आंदोलन पर भाजपा के वरिष्ठ नेता मुरली मनोहर जोशी की प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने छात्रों- खासकर महिलाओं और लड़कियों पर हुए बल प्रयोग पर दुख जताया है। जोशी ने कहा है कि यह देखकर अत्यंत पीड़ा हुई कि महिलाओं और युवतियों को निर्मम बल का इस्तेमाल किया गया। ऐसे बल प्रयोग से तो भारतीय समाज का बड़ा हिस्सा विकसित भारत के लक्ष्य से बहुत दूर चला जाएगा। भाजपा के वयोवृद्ध नेता ने एक्स पर लिखा कि यह देखना अत्यन्त पीड़ादायक है कि देश के विभिन्न भागों से आए युवा छात्र कई दिनों से नई दिल्ली की सड़कों पर ⏩ शेष पेज 4 पर



### राहुल की अगुवाई में गांधी स्मृति तक निकाला गया मार्च

पेपर लीक और विरोध प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में कांग्रेस नेता राहुल गांधी सहित 10 विपक्षी दलों के नेताओं ने सड़क पर उतरकर विरोध दर्ज कराया। राहुल गांधी के आवास से 'गांधी स्मृति' तक निकाले गए इस मार्च में शिवसेना (यूबीटी), एनसीपी (एसपी), टीएमसी, आरजेडी, एसपी और वामपंथी दलों के प्रमुख नेता शामिल हुए। मार्च के अंत में सभी नेताओं ने राष्ट्रगान गाया और पेपर लीक से प्रभावित छात्रों के साथ एकजुटता दिखाई।

### खरगे बोले प्रधान को जाना होगा



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू के उस आरोप को खारिज कर दिया, जिसमें विपक्ष पर नीट विवाद पर चर्चा से भागने का दावा किया गया था। खरगे ने कहा कि अगर सरकार वाकई गंभीर होती, तो पहले ही दिन नियम 267 के तहत चर्चा की अनुमति दे देती। प्रधानमंत्री की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए उन्होंने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग दोहराई। खरगे ने आरोप लगाया कि सरकार छात्रों के आंदोलन को दबाने की कोशिश कर रही है और चर्चा से बच रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिक्षा मंत्री के इस्तीफे के बाद ही विपक्ष आगे किसी चर्चा के लिए तैयार होगा।

### बदसलूकी के लिए एडीसीपी नपे मुंबई में पुलिस कर्मी निलंबित



संदीप लांबा

प्रदर्शन के दौरान एक महिला को थप्पड़ मारते हुए वीडियो में दिखाई देने वाले एडीसीपी संदीप लांबा को जंतर-मंतर प्रदर्शन स्थल की ड्यूटी से हटा दिया गया है। वहीं, मुंबई में छात्रों को झूठे ड्रग्स केस की धमकी देने वाला पुलिसकर्मी निलंबित किया गया है।

**छात्रों के समर्थन में अन्ना हजारे का दो घंटे का मौन**



सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने दिल्ली में प्रदर्शन कर रहे छात्रों के समर्थन में महाराष्ट्र के अहिल्यानगर में दो घंटे का मौन रखा। इससे पहले पीएम मोदी को ⏩ शेष पेज 4 पर

### उधर, नीट पेपर लीक मामले में मास्टरमाइंड को क्लीनचीट, सीबीआई नहीं दे पाई सबूत



संजीव कुमार

नीट (यूजी) 2024 परीक्षा के प्रश्नपत्र चोरी मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने स्पष्ट कर दिया है कि जांच के दौरान संजीव कुमार उर्फ संजीव मुखिया की संलिप्तता का कोई साक्ष्य नहीं मिला। इसी वजह से सीबीआई ने इस मामले में उसके खिलाफ कोई आरोपपत्र दाखिल नहीं किया है। सीबीआई के अनुसार, वर्ष 2024 में बिहार पुलिस ने प्रश्नपत्र चोरी का मामला दर्ज किया था। पहले भी अन्य लीक मामलों में नाम आने के कारण बिहार पुलिस ने प्रारंभिक जांच के आधार पर संजीव मुखिया को नामजद अभियुक्त बनाया था। सीबीआई ने पटना की सक्षम अदालत में कुल 45 आरोपियों के खिलाफ कई चार्जशीट दाखिल की। सीबीआई ने स्पष्ट किया कि संजीव ⏩ शेष पेज 4 पर

### नड्डा के घर क्यों नहीं जा रही सीजेपी?

पहली बैठक 20 जुलाई को नड्डा के घर हुई थी। यदि बातचीत फिर नड्डा के घर या ऑफिस में होती, तो प्रदर्शन पर भाजपा के साथ राजनीतिक बातचीत का ठप्पा लग सकता था। सीजेपी प्रदर्शन को लगातार छात्र आंदोलन बता रहा है। ऐसे में वह किसी राजनीतिक दल के दफ्तर में जाकर अपनी निष्पक्ष छवि कमजोर नहीं करना चाहता। किसी न्यूट्रल वेन्यू पर मिलने से संदेश जाएगा कि बातचीत बराबरी की स्थिति में हो रही है।



राज्यपाल से बर्णवाल की सौजन्य भेंट

बर्णवाल का स्वागत, जैन की विदाई

## अधिकारी 'टीम मप्र' के रूप में उत्कृष्ट भूमिका निभाएं : बर्णवाल



राज्यपाल से मिले जैन

***देश में मप्र की रैंकिंग अग्रणी बनाने के लिए जैन की सराहना***

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

नव नियुक्त मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल ने सभी अधिकारियों से कहा कि वे टीम मप्र के रूप में शासन की योजनाओं-कार्यक्रमों और निर्णयों के क्रियान्वयन में अपनी उत्कृष्ट भूमिका निभाएं। निवर्तमान मुख्य सचिव अनुराग जैन ने विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए मप्र को देश में अग्रणी राज्य बनाने के लिए किए गए प्रयासों के लिए सभी अधिकारियों की प्रशंसा करते हुए धन्यवाद दिया।

मंत्रालय में संपन्न हुए एक सादे समारोह में विभाग अध्यक्षों ने नवनियुक्त मुख्य सचिव बर्णवाल का आत्मीय स्वागत किया। इस मौके पर निवर्तमान मुख्य सचिव जैन को भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना, पीसीसीएफ शुभरंजन सेन सहित वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी मौजूद थे। समारोह में अधिकारियों ने बर्णवाल और जैन को शाल श्रीफल और ⏩ शेष पेज 4

## इन घटनाओं पर क्या कहेंगे?

**1** मरीज को सलाइन की जगह मिनरल वाटर की ड्रिप लगा दी गई

### डॉक्टर : मिनरल वाटर की ड्रिप चढ़ा दो, नर्स ने मना किया तो खुद लगा दी




डॉ. साहू और नर्स भावना चौधरी को नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏩ डिंडौरी

जिला अस्पताल में एक मरीज को सलाइन की जगह मिनरल वाटर की ड्रिप लगा दी गई। ऐसा करने वाले डॉक्टर को ड्यूटी नर्स ने टोका भी, लेकिन वह नहीं माना। वार्ड में मौजूद दूसरे लोगों ने इसका वीडियो बना लिया। पुलिस के मुताबिक 18 वर्षीय सत्यम यादव ने बुधवार को चूहामार दवा खा ली थी। उसे दोपहर करीब दो बजे डिंडौरी जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया था। ड्यूटी पर तैनात डॉ. भरत साहू ने नर्स भावना चौधरी को कहा कि सत्यम को मिनरल वाटर की ड्रिप लगा दे। भावना ने मना कर दिया। इसके बाद डॉक्टर ने खुद सत्यम को लोकल ब्रांड की मिनरल वाटर की बोतल से ड्रिप लगा दी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. मनोज पांडेय ने कहा कि डॉ. भरत साहू की पोस्टिंग 15 ⏩ शेष पेज 4 पर

आक्रोशित ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

### सीने में दर्द था, युवक पीएचसी गया वहां डॉक्टर नदारद था, मौत हो गई

हरिभूमि न्यूज ⏩ छतरपुर

जिले स्थित सटई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में समय पर डॉक्टर न मिलने के कारण बहारगंज निवासी 35 वर्षीय मथू पाल की मौत हो गई। गुरुवार सुबह सीने में तेज दर्द होने पर मथू पाल को तत्काल अस्पताल लाया गया था, लेकिन वहां कोई डॉक्टर मौजूद नहीं था। प्राथमिक उपचार न मिलने के कारण ⏩ शेष पेज 4 पर

**2**



सटई में डॉक्टरों की अनुपस्थिति एक पुरानी और गंभीर समस्या




## तरु रोपण महायज्ञ में डॉ. चिन्मय ने प्रबुद्ध वर्ग को किया संबोधित

# सामला मंदिर की पहाड़ी पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच 1111 रोपे पौधे, जन-जागरण का प्रेरक बनकर उभरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के प्रतिनिधि, देव संस्कृति विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति डॉ. चिन्मय पंड्या के गुरुवार सुबह विमानतल आगमन पर गायत्री परिवार ने स्वागत किया। इसके उपरांत सामला माता मंदिर की पहाड़ी पर 1111 पौधों का भव्य तरु-रोपण महायज्ञ आयोजित किया गया।

यज्ञीय वातावरण एवं वैदिक मंत्रोच्चार के बीच डॉ. चिन्मय ने त्रिवेणी की स्थापना के साथ विभिन्न प्रजातियों के लगभग 10 से 12 फीट ऊंचे पौधों का विधिवत रोपण किया गया। यह अभियान



बड़े पौधे का रोपण करते डॉ.चिन्यम पंडया व गायत्री परिवार के सदस्य।

पर्यावरण संरक्षण, हरित चेतना और प्रकृति के प्रति जन-जागरण का प्रेरक संदेश बनकर उभरा।

इस महाअभियान को सफल बनाने में आरपी हजारी, महेश विजयवर्गीय, मनोहर दांगी, प्रेमलाल कुशवाहा यशपाल कुशवहा सेमरा दांगी एवं नयापारा के वरिष्ठ परिजनो एवं सभी परिजनों का विशेष योगदान रहा।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का किया आव्हान

तरु-रोपण के पश्चात गायत्री शक्तिपीठ पर 19वें वाग्य साहित्य की स्थापना की पूजा अर्चना करने के बाद सरोजिनी नायडू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर (स्वशासी) महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं भारतीय ज्ञान परंपरा के वैभवशाली स्वरूप पर आयोजित बौद्धिक कार्यक्रम में डॉ. चिन्मय पंड्या ने युवाओं से राष्ट्र निर्माण, संस्कार, चरित्र निर्माण तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने की। कार्यक्रम में योग आयोग, मध्यप्रदेश शासन के अध्यक्ष डॉ. राघवेंद्र



शर्मा, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र बिहारी गोस्वामी शांतिकुंज मध्य प्रदेश प्रभारी जगदीश कुलमी, राजेश पटेल, उदय किशोर मिश्रा, विरल पटेल, रघुनंदन शर्मा, गायत्री परिवार के उपजोनों के प्रभारी सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं शिक्षा जगत के प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। रमेश नागर जिला समन्वयक ने बताया कि डॉ चिन्मय पंड्या लगातार सतत प्रवास करते हुए आज प्रातः भोपाल 7:55 पर पहुंचे और दिनभर के व्यस्त कार्यक्रमों के उपरांत 4:30 पर भोपाल विमानतल से अपने अगले प्रवास के लिए रवाना हुए।



आनंदेश्वर महादेव मंदिर परिसर में पौधरोपण।

## हरियाली का संकल्पः एक पौधा यानि अनेक पीढ़ियों का जीवन

**भोपाल।** बढ़ते पर्यावरण संकट और घटते हरित क्षेत्र के बीच परोपकारिणी महिला मंडल ने समाज को प्रकृति संरक्षण का संदेश देते हुए पिपलानी स्थित आनंदेश्वर महादेव मंदिर परिसर में पौधरोपण किया। मंडल की अध्यक्ष डॉ. साधना गंगराड़े के नेतृत्व में सदस्यों ने बेल, शमी, आम, अमरूद और चीकू सहित विभिन्न फलदार एवं छायादार पौधे रोपे और उनके संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर डॉ. साधना गंगराड़े ने कहा कि पौधरोपण तभी सार्थक है, जब पौधों का संरक्षण भी हमारी जीवनशैली का हिस्सा बने। एक पौधा केवल पेड़ नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ वायु, जल और स्वस्थ पर्यावरण की अमूल्य धरोहर है।

## खबर संक्षेप

### चार दिन के संवाद ने दिया जीवन को देखने का नया नजरिया



**भोपाल।** चार दिनों तक चली आत्ममंथन और संवाद की यात्रा गुरुवार को नए संकल्प के साथ संपन्न हुई। राज्य आनंद संस्थान, आनंद विभाग, द्वारा 20 से 23 जुलाई तक आयोजित 'युवा आत्मीय संवाद कार्यशाला' में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए युवाओं ने केवल प्रशिक्षण ही नहीं लिया, बल्कि स्वयं को समझने, रिश्तों को बेहतर बनाने और संवेदनशील संवाद की कला भी सीखी। समापन समारोह में राज्य आनंद संस्थान के निदेशक सत्यप्रकाश आर्य, डायरेक्टर प्रवीण कुमार गंगराड़े और प्रबोधक डॉ. श्याम कुमार ने युवाओं से संवाद करते हुए कहा कि आज के समय में संवेदनशीलता, आत्मीयता और सकारात्मक संवाद ही समाज को जोड़ने की सबसे बड़ी ताकत हैं। उन्होंने प्रतिभागियों से कार्यशाला में मिली सीख को केवल प्रशिक्षण तक सीमित न रखकर अपने परिवार, कार्यस्थल और समाज में व्यवहार के रूप में अपनाने का आह्वान किया। साथ ही सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। युवाओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि यह कार्यशाला आत्मचिंतन, आत्मविश्वास और सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव रही।

### राठौर संघ के अध्यक्ष का आकस्मिक निधन, समाजजनों ने जताया शोक


**भोपाल।** राठौर संघ भोपाल के वर्तमान अध्यक्ष राजकुमार राठौर उम्र 52 साल का गुरुवार को आकस्मिक निधन हो गया। उन्होंने समाज को जोड़ने के लिए हाल ही में पहली बार सामूहिक विवाह सम्मेलन शुरू कराया था। इस मौके पर समाज के मेधावी छात्रों का सम्मान भी किया गया था। राजकुमार की दो बेटी एक बेटा है। उनके आकस्मिक निधन पर समाज के लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

## मंदिरों में गुप्त साधना करने वाले साधकों संकल्पित मंत्रों के साथ पूणाहुति के साथ किया हवन

# नवमीं पर सप्तशती, शतचंडी के पाठ, मंदिरों में हवन, मां कमला की पूजा के साथ पूर्णाहुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भड़ली नवमी के अबूझ मुहूर्त व गुप्त नवरात्रि पर्व की नवमी पर गुरुवार को अधिकांश माता मंदिरों-दरबारों में हवन-पूजन कार्यक्रम आयोजित हुए। यहां हवन में आहुतियां डालने के साथ माता रानी से जगत कल्याण को लेकर प्रार्थना की गई। मां सिद्धिदात्री और दस



काली मंदिर।

महाविद्याओं में मातंगी माता की पूजा-अर्चना विशेष अनुष्ठान हुए। गुफा मंदिर सहित कई मंदिरों में हवन पूजा के साथ पूर्णाहुति हुई। सप्तशती और शतचंडी के पाठ के हवन, पूजन श्रद्धालुओं द्वारा किया गया। मंदिरों में गुप्त साधना करने वाले साधकों संकल्पित मंत्रों के साथ पूणार्हुति के साथ हवन किया। वहीं शुक्रवार को दशमी पर गुप्त अनुष्ठानों के विसर्जन और मंदिरों देवी की पूजा अर्चना के साथ होगा।

### प्रदेश की खुशहाली के लिए की प्रार्थना

आदिशक्ति पीतांबरा बगलामुखी मंदिर आयकर कॉलोनी कोटरा में महंत रवींद्रदास महाराज के सान्निध्य में हवन कर देश व प्रदेश की खुशहाली व अच्छी बारिश के लिए प्रार्थना की गई। महंत ने बताया कि नित्य पूजन के साथ आरती, पुष्पाजंली, सप्तशती मंत्र से हवन में आतियां दी गईं। सोमवारा स्थित मां भवानी मंदिर कवच, सप्तशती पाठ का समापन हुआ। तलैया स्थित कालीदेवी मंदिर में मन्नत पूरी होने पर श्रद्धालु ने चुनरी चढ़ाई।



काली मंदिर तलैया में पूजा करते श्रद्धालु।

## करुणाधाम आश्रम में श्री महालक्ष्मी देवालय स्थापना महोत्सव की हुई शुरुआत

**75** लाख के स्वर्ण आभूषणों से होगा माता का दिव्य श्रृंगार



**भोपाल।** करुणाधाम आश्रम, नेहरू नगर में गुरुवार से तीन दिवसीय श्री महालक्ष्मी देवालय के 11वें स्थापना महोत्सव की शुरूआत हुई। इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चार, विशेष पूजन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं विश्व शांति के लिए हवन किया गया। महायज्ञ में करुणाधाम के पीठाधीश्वर गुरूदेव सुदेश शांडिल्य महाराज एवं उनकी धर्मपत्नी ममता शांडिल्य मुख्य यजमान के रूप में हवन में सहभागिता की। इस अवसर पर विश्व शांति, राष्ट्र की समृद्धि तथा भारत को विश्वगुरु बनाने की प्रार्थना की गई।

## जेपी अस्पताल का मामला

# 21 कर्मचारियों को बिना नोटिस हटाया

स्वास्थ्य मंत्री से निष्पक्ष जांच और बहाली की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित जयप्रकाश जिला चिकित्सालय में जिला रोगी कल्याण समिति के माध्यम से कार्यरत 21 कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त कर दी गई है, वहीं दूसरी ओर प्रभावित कर्मचारियों ने इस कार्रवाई को मनमाना और नियमों के विपरीत बताते हुए लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री से न्याय की गुहार लगाई है। 22 जुलाई 2026 को सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक एवं सचिव, जिला रोगी कल्याण समिति की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि स्वास्थ्य सेवाएं संचालनालय और लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के निर्देशों के पालन में कार्यकारिणी समिति के निर्णय के बाद कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त की जा रही हैं। बैठक में तत्काल प्रभाव से सेवाएं समाप्त करने का आदेश जारी किया गया।

### कर्मचारियों का दावा- 20 से 25 सालों से दे रहे सेवाएं

सेवामुक्त किए गए कर्मचारियों ने स्वास्थ्य मंत्री को दिए आवेदन में दावा किया है कि वे पिछले 20 से 25 सालों से रोगी कल्याण समिति के माध्यम से जेपी अस्पताल में कंप्यूटर ऑपरेटर, फार्मासिस्ट, लैब टेक्नीशियन, वाहन चालक, टिकट राइटर, सफाईकर्मी और अन्य पदों पर कार्यरत हैं और वर्षों से अस्पताल की व्यवस्थाओं का हिस्सा रहे हैं।

कर्मचारियों का कहना है कि सेवा समाप्ति के आदेश में संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं के 18 जुलाई 2019 के आदेश का हवाला दिया गया है, जबकि उस आदेश में स्पष्ट उल्लेख है कि आदेश जारी होने के बाद रोगी कल्याण समिति द्वारा सीधे संविदा अथवा अन्य किसी माध्यम से नई नियुक्तियां नहीं की जाएंगी। कर्मचारियों का आरोप है कि उनकी नियुक्तियां वर्ष 2019 से कई वर्ष पहले तत्कालीन नियमों और कलेक्टर दर के प्रावधानों के तहत हुई थीं।

## स्वर्णकार श्रेष्ठ फाउंडेशन का मोबाइल एप भी होगा लांच

# स्वर्णकार श्रेष्ठ फाउंडेशन का कल इंदौर में सम्मान समारोह एवं विशाल परिचय सम्मलेन होगा

*आईपीएस मनीषा सोनी एवं सव्य सांची सर्राफ, डिप्टी कमिश्नर विशाल सोनी सहित 6 अधिकारी होंगे सम्मानित*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्वर्णकार श्रेष्ठ फाउंडेशन कीओर से 26 जुलाई को मप्र के इंदौर शहर के सया जी होटल में देश भर से शामिल हो रहे सोनी समाज के शासकीय अधिकारियों का परिचय सम्मलेन आयोजित किया गया है। इस अवसर पर हाल ही में पदोन्नत होकर वरिष्ठ पदों पर पहुंचे केंद्र एवं राज्यों के सोनी समाज के शासकीय अधिकारियों का सम्मान भी किया जाएगा। स्वर्णकार श्रेष्ठ फाउंडेशन के जयप्रकाश सोनी ने बताया की स्वर्णकार समाज को एकजुट करने, आधुनिक डिजिटल तकनीक के माध्यम से समाज के प्रत्येक सदस्य को एक मंच पर जोड़ने के उद्देश्य से स्वर्णकार श्रेष्ठ फाउंडेशन की ओर से विकसित स्वर्णकार श्रेष्ठ फाउंडेशन मोबाइल ऐप सबका साथ सबका विकास का लोकार्पण किया जाएगा।

### इन्हें किया जाएगा सम्मानित

इस अवसर पर सोनी समाज के गौरव आईपीएस मनीषा सोनी, सव्य सांची सर्राफ, डीएसपी मप्र पुलिस तारेश सोनी डीएसपी गायत्री सोनी, डिप्टी कमिश्नर मप्र शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग विशाल सोनी एवं वित्त बिभाग के एडीशनल डायरेक्टर आरके सोनी को सम्मानित किया जाएगा। यह ऐप समाज के सदस्यों को एक डिजिटल मंच प्रदान करेगा अन्य उपयोगी सेवाओं का लाभ एक ही स्थान पर प्राप्त किया जा सकेगा।




## अब मंडल के छोटे स्टेशन न्यू वीएचएफ सिस्टम से होंगे लैस

# लोको पायलट व ट्रेन मैनेजर 15 किमी तक के दायरे में कर सकेंगे बातचीत

यात्री सुविधा, सुरक्षा मजबूत करने की दिशा में हो रहा कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रेलवे नमो भारत ट्रेन मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत योजना के तहत लगातार आधुनिक तकनीक, बुनियादी ढांचे और बेहतर रखरखाव के साथ यात्री सुविधा व सुरक्षा मजबूत करने की दिशा में लगातार काम रहा है। इसके तहत अब बड़े स्टेशनों के साथ-साथ छोटे स्टेशनों को भी आधुनिक तकनीक से लैस कर रही है, तेज और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से विभिन्न स्टेशनों पर न्यू वीएचएफ सेट सिस्टम स्थापित किया जा रहा है। इस आधुनिक तकनीक की सहयाता से अब छोटे स्टेशन पर बैठे स्टेशन अधीक्षक व अन्य स्टॉप करीब 15 किलोमीटर के दायरे में लोको पायलट और ट्रेन मैनेजर से सीधे संपर्क कर सकेंगे।



### वॉकी-टॉकी की दो-तीन किमी तक ही थी रेंज

अभी तक रेलवे में वॉकी-टॉकी प्रणाली का उपयोग किया जाता था, जिसकी प्रभावी रेंज केवल दो से तीन किलोमीटर तक ही सीमित थी, कई बार सिग्नल कमजोर होने के कारण बातचीत स्पष्ट नहीं हो पाती थी। न्यू वीएचएफ सिस्टम लागू होने के बाद यह समस्या काफी हद तक समाप्त हो जाएगी और संचार व्यवस्था अधिक मजबूत होगी।

### ऐसे काम करेगा नया सिस्टम

पहले स्टेशन अधीक्षक या स्टेशन मास्टर को किसी लोको पायलट अथवा ट्रेन मैनेजर से संपर्क करने के लिए सीमित रेंज वाले वॉकी-टॉकी पर निर्भर रहना पड़ता था। लेकिन न्यू वीएचएफ सिस्टम के माध्यम से स्टेशन पर बैठा कर्मचारी 15 किलोमीटर के दायरे में किसी भी ट्रेन के लोको पायलट और ट्रेन मैनेजर से सीधे संपर्क कर सकेंगे। इससे तेज गति से अब सूचना पूरे विश्वसनीयता के साथ पहुंच सकेगी।

## हिसार-तिरुपति साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन का अब नियमित नंबर से चलेगी

भोपाल एवं संत हिरदाराम नगर स्टेशनों पर ठहराव

**भोपाल।** यात्रियों की सुविधा एवं बढ़ती यात्रा मांग को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन द्वारा पूर्व में स्पेशल ट्रेन के रूप में संचालित गाड़ी संख्या 04717/04718 हिसार-तिरुपति-हिसार साप्ताहिक एक्सप्रेस को नियमित करते हुए रेगुलर नम्बर से संचालित करने का निर्णय लिया गया है। अब यह ट्रेन नियमित नम्बर 14723/14724 हिसार-तिरुपति-हिसार साप्ताहिक एक्सप्रेस के रूप में संचालित होगी।गाड़ी संख्या 14723 हिसार-तिरुपति साप्ताहिक एक्सप्रेस 25 जुलाई से प्रत्येक शनिवार को हिसार से दोपहर 14:10 बजे प्रस्थान कर, निर्धारित मध्यवर्ती स्टेशनों से होते हुए तीसरे दिन सोमवार को सुबह 09:30 बजे तिरुपति पहुँचेगी।

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी


रायसेन में सड़क गायब

प्रदेश में अब तक औसत से 10 फीसदी कम बारिश, भोपाल में 500 मिमी का आंकड़ा पार

# रायसेन में सड़क बही, सुल्तानगंज में 5 घंटे तेज बारिश 175 गांवों का संपर्क टूटा, सेमरी नदी पार करते युवक बहा

- प्रदेश में कुल 325.1 मिमी बारिश
- भोपाल में कुल 515 मिमी बारिश
- यह सामान्य से 95.3 मिमी अधिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में बारिश का दौर जारी है। इस बीच गुरुवार तक प्रदेश में औसत बारिश के आंकड़े तेजी से बढ़कर अब सामान्य से 10 फीसदी कम रह गए हैं। भोपाल में भी अब तक 515 मिमी बारिश हो चुकी है, जो सामान्य से 95.3 मिमी अधिक है। हालांकि, यह जुलाई की कुल बारिश के मुकाबले अभी काफी कम है। मौसम केंद्र के अनुसार एक जून से अब तक प्रदेश में दीर्घावधि औसत से 10 फीसदी कम बारिश हुई है। पूर्वी मध्य प्रदेश 13 और पश्चिमी हिस्से में औसत से 6 प्रतिशत कम बारिश हुई है। प्रदेश में कुल 325.1 मिमी बारिश हुई, जबकि अब तक कुल 359.6 मिमी होना थी। उधर, बेगमगंज के सुल्तानगंज, नैनविलास और आसपास के क्षेत्रों ▶▶ शेष पेज 4 पर


सेमरी नदी मे युवक बहा

## शिवपुरी में बिजली गिरने से दो की मौत

शिवपुरी के विजयपुरा गांव में गुरुवार दोपहर आकाशीय बिजली की चपेट में आकर दशरथ आदिवासी (14) और अभिषेक आदिवासी (10) की मौत हो गई। 17 भैंस और 9 बकरियों ने भी दम तोड़ दिया। सीहोर के बुधनी में मछली पकड़ने गया 55 वर्षीय शख्स पैर फिसलने से बरसाती नाले में बह गया। शाहगंज पुलिस उसकी तलाश कर रही है। भोपाल में ▶▶ शेष पेज 4 पर

## आज यहां अति भारी बारिश का अलर्ट

शुक्रवार तक बड़वानी, धार में अति भारी बारिश का अलर्ट है। सीहोर, उज्जैन, शाजापुर, सतना, कटनी में कुछ जगह तेज बारिश होगी। भोपाल, विदिशा, रायसेन, राजगढ़, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, खरगोन, अलीराजपुर, झाबुआ, इंदौर, रतलाम, देवास, आगर, ▶▶ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### 5 हजार की रिश्वत लेते इंदौर ननि के दो कर्मचारी ट्रैप

**इंदौर।** इंदौर लोकायुक्त पुलिस ने नगर निगम के दो कर्मचारियों को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। लिंबोड़ी निवासी आशीष चौधरी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके पिता के निधन के बाद संबल योजना के तहत 2 लाख की सहायता राशि जारी करने के एवज में 20 हजार की रिश्वत मांगी जा रही थी। लोकायुक्त टीम ने वार्ड प्रभारी संध्या पथरोड और सहायक हरभजन सिंह सलूजा को 5 हजार लेते पकड़ लिया।



### ट्रक की टक्कर से नर्सिंग छात्रा की मौत, भाई घायल

**देवास।** पढ़ाई के लिए इंदौर लौट रहे भाई-बहन की बाइक को शिप्रा ब्रिज के पास तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में 19 वर्षीय नर्सिंग छात्रा सुमन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका भाई देवराज घायल हो गया। टक्कर लगते ही सुमन उछलकर ट्रक से टकराई, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई। हादसा इतना दुखद था कि एक दिन पहले ही पूरे परिवार ने देवराज का जन्मदिन मनाया था।



### निजी अंतरिक्ष क्षेत्र में निवेश 618 मिलियन डॉलर के पार

**नई दिल्ली।** भारत का निजी अंतरिक्ष क्षेत्र तेजी से रफ्तार पकड़ रहा है। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने राज्यसभा में बताया कि 31 मार्च 2026 तक इस क्षेत्र में निजी निवेश 618.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक पहुंच गया है। वर्ष 2021-22 में यह निवेश मात्र 100.5 मिलियन डॉलर था, जो अब छह गुना से अधिक बढ़ चुका है। सरकार ने अंतरिक्ष गतिविधियों में गैर-सरकारी संस्थाओं को 105 प्राधिकरण जारी किए हैं।



सीएम ने इंदौर को दी बड़ी सौगात

175 करोड़ की लागत से बना यह ब्रिज इंजीनियरिंग का उत्कृष्ट उदाहरण

# पहले डबल लेयर फ्लाईओवर ब्रिज की एक भुजा का किया लोकार्पण

सीएम ने कहा कि सिंहस्थ-2028 को ध्यान में रखते हुए यह फ्लाईओवर इंदौर-उज्जैन मार्ग पर बढ़ते यातायात के सुगम संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर में बड़ी सौगात देते हुए मप्र के पहले डबल लेयर फ्लाईओवर ब्रिज की एक भुजा का लोकार्पण किया। उन्होंने लवकुश चौराहा पर 175 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित इस ब्रिज को आधुनिक तकनीक और उन्नत इंजीनियरिंग का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इंदौर और विकास एक दूसरे के पर्याय है। यह परियोजना आधुनिक अधोसंरचना विकास यात्रा का महत्वपूर्ण पड़ाव है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिहंस्थ-2028 को ध्यान में रखते हुए यह फ्लाईओवर इंदौर-उज्जैन मार्ग पर बढ़ते यातायात के सुगम संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसके माध्यम से यात्रा समय में कमी, ईंधन की बचत, यातायात जाम में राहत तथा लोगों को सुरक्षित एवं सुविधाजनक आवागमन की सुविधा प्राप्त ▶▶ शेष पेज 4 पर


मुख्यमंत्री डॉ. यादव नवनिर्मित ब्रिज का निरीक्षण करते हुए

- 800 टन स्टील संरचना का उपयोग इस परियोजना में
- अरविंदो से बाणगंगा की ओर जाने वाला यातायात शुरू होगा

### इसकी प्रमुख विशेषता त्रिस्तरीय यातायात व्यवस्था

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस परियोजना की सबसे प्रमुख विशेषता इसकी त्रिस्तरीय यातायात व्यवस्था है। प्रथम स्तर पर लवकुश चौराहे का सामान्य यातायात, द्वितीय स्तर पर वर्तमान फ्लाईओवर एवं मेट्रो रेल कॉरिडोर तथा तृतीय स्तर पर नया डबल लेयर फ्लाईओवर है। इससे चौराहे पर यातायात का दबाव कम होगा। इससे निर्बाध आवागमन सुनिश्चित होगा। मुख्यमंत्री ने ब्रिज का अवलोकन कर इसकी सराहना भी की।

### निर्माण इंदौर विकास प्राधिकरण ने किया

मुख्यमंत्री को बताया गया कि इस ब्रिज का निर्माण इंदौर विकास प्राधिकरण ने किया है। लगभग 1450 मीटर लंबाई के इस फ्लाईओवर के निर्माण में 22 मीटर की ऊंचाई पर 65 मीटर लंबे एवं 24 मीटर चौड़े स्पान पर दो 400-400 टन वजनी स्टील बो-स्ट्रिंग गर्डर स्थापित किए गए हैं। कुल 800 ▶▶ शेष पेज 4 पर

### लैंडस्केपिंग और बागवानी भी

इसके अलावा फ्लाईओवर, ग्रीन बेल्ट की सुंदरता बढ़ाने के लिए लैंडस्केपिंग और बागवानी का कार्य शामिल है। डबल लेयर फ्लाईओवर ब्रिज की एक भुजा के शुरू हो जाने के बाद अरविंदो से बाणगंगा की ओर जाने वाला यातायात शुरू होगा। आगामी दिनों में इस ▶▶ शेष पेज 4 पर

ओबीसी वर्ग की दलील

# 51% आबादी को 14% आरक्षण, किस आधार पर तय किया प्रतिशत?


ओबीसी आरक्षण पर हाईकोर्ट में बहस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

मप्र हाईकोर्ट में ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) आरक्षण से जुड़े प्रकरणों की लगातार सुनवाई का गुरुवार को सातवां दिन था। हाईकोर्ट के जस्टिस आनंद पाठक व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच के समक्ष सुनवाई हुई। अदालत ने ओबीसी आरक्षण के विरोध में दायर सभी मामलों में सुनवाई समाप्त घोषित कर दी। दोपहर 1:00 बजे से ओबीसी आरक्षण के समर्थन तथा आबादी के अनुपात में आरक्षण दिए जाने की मांग को लेकर दायर याचिका पर विचार ▶▶ शेष पेज 4 पर

इटारसी स्टेशन पर जीआरपी की बड़ी कार्रवाई

# 44 लाख के चांदी के आभूषण मिले, दो व्यापारी हिरासत में


बरामद हुई 18 किलो से ज्यादा चांदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

इटारसी रेलवे स्टेशन पर विशेष चेकिंग अभियान के दौरान जीआरपी और आरपीएफ की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 44 लाख रुपए कीमत के 18 किलो 894 ग्राम चांदी के आभूषण जब्त किए हैं। प्लेटफॉर्म नंबर 2 और 3 पर चेकिंग के दौरान दो लोग भारी बैग लेकर संदिग्ध परिस्थितियों में जाते दिखाई दिए। पकड़े गए व्यक्तियों की पहचान भोपाल निवासी राकेश जाट (41) और लक्की राजवानी (44) के रूप में हुई है। जब पुलिस ने आभूषणों ▶▶ शेष पेज 4 पर

केंद्र सरकार ने संसद में स्पष्ट किया रुख

# लाखों सरकारी शिक्षकों को नहीं मिलेगी टीईटी से छूट


सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का दिया हवाला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- पदोन्नति और सेवा में बने रहने के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा पास करना अनिवार्य

देश के लाखों सरकारी शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की अनिवार्यता को लेकर चल रही अटकलों पर केंद्र सरकार ने पूर्ण विराम लगा दिया है। संसद में सरकार ने स्पष्ट किया कि कार्यरत शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से राहत या छूट देने का फिलहाल कोई प्रस्ताव नहीं है। केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने संसद में बताया कि राष्ट्रीय ▶▶ शेष पेज 4 पर

लोकभवन ने जारी किए आदेश

# बीयू के 'कार्यवाहक' कुलगुरु का इस्तीफा मंजूर, राजन अस्थायी वीसी

वीसी का प्रभार अब शासन के पास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


अनुपम राजन



उच्च शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव अनुपम राजन को नए नियमित कुलगुरु की नियुक्ति तक बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के कुलगुरु पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। लोकभवन (राजभवन) ने विवि के कुलगुरु पद का कार्यभार संभाल रहे संकायाध्यक्ष प्रो. विवेक शर्मा द्वारा प्रस्तुत इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया है। साथ ही मध्य प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा ▶▶ शेष पेज 4 पर

# 23वें ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 का आगाज

215 गोल्ड सहित कुल 1,168 मेडल दांव पर

74 देशों के करीब 3 हजार एथलीट्स 10 खेलों में लेंगे हिस्सा


भारतीय खिलाड़ियों का दल

*एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली। स्कॉटलैंड के ग्लासगो में गुरुवार से 23वें कॉमनवेल्थ गेम्स का आगाज हो गया। यह मेगा इंवेट 2 अगस्त तक खेला जाएगा। औपचारिक शुभारंभ के बाद सभी प्रतिभागी देशों के खिलाड़ियों ने स्टेडियम में मार्चपास्ट किया। कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में 74 देशों के करीब 3 हजार एथलीट्स 10 खेलों में हिस्सा ले रहे हैं। इसमें 215 गोल्ड सहित कुल 1,168 मेडल दांव पर होंगे। भारत इन खेलों में 19वीं बार हिस्सा लेने जा रहा है, जिसमें उसके 125 एथलीट्स 8 खेलों में मेडल के लिए अपनी दावेदारी पेश करेंगे। 8 एथलीट्स सामान्य खेलों और पांच पैरा-स्पोर्ट्स में मेडल के लिए मुकाबला करते नजर आएंगे।*

▶▶ पढ़ें पेज 11 भी

लोकसभा में सरकार का जवाब

# पेट्रोल में 20% से अधिक एथेनॉल मिश्रण पर फिलहाल फैसला नहीं

सरकार ने ई20 को बताया सुरक्षित इससे इंजन खराब होने का कोई पुख्ता प्रमाण नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण को फिलहाल 20% (ई20) से आगे बढ़ाने का कोई निर्णय नहीं लिया गया है। लोकसभा में पेट्रोलियम राज्य मंत्री सुरेश गोपी ने बताया कि भविष्य में ऐसा कोई भी फैसला व्यापक वैज्ञानिक अध्ययन और ऑटोमोबाइल निर्माताओं से सलाह के बाद ही होगा। सरकार के अनुसार, देश में 5 करोड़ से अधिक वाहन ई20 ईंधन पर चल रहे हैं। वाहन निर्माताओं के सर्विस रिकॉर्ड्स में एथेनॉल की वजह से इंजन खराबी या घिसाव का कोई प्रमाण नहीं मिला है।




पुराने ई10 डिजाइन वाले वाहनों में माइलेज में 3-5% का मामूली अंतर आ सकता है, लेकिन ई20 ईंधन से ऑक्टेन रेटिंग सुधरती है और इंजन स्मूथ चलता है। भारत ने तय समय से 5 साल पहले ही 20% एथेनॉल ब्लेंडिंग का लक्ष्य हासिल कर लिया है।

एयरपोर्ट ऑपरेटरों के लिए भी खुल सकते हैं एयरलाइन कारोबार के दरवाजे

नागरिक उड्डयन मंत्रालय नई एयरलाइनों के लिए लाइसेंसिंग प्रक्रिया आसान बनाएगा

# एविएशन सेक्टर में बदलाव की तैयारी नई एयरलाइन शुरू करना होगा आसान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के घरेलू एविएशन सेक्टर में प्रतिस्पर्धा बढ़ाने और यात्रियों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए केंद्र सरकार विमानन नियमों में बड़े बदलाव की तैयारी कर रही है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय नई एयरलाइनों के प्रवेश को आसान बनाने, लाइसेंसिंग प्रक्रिया को सरल करने और निजी निवेश को बढ़ावा देने के लिए मौजूदा नीतियों की समीक्षा कर रहा है। गौरतलब है कि देश के घरेलू हवाई बाजार में इस समय दो बड़ी कंपनियों की करीब 90% हिस्सेदारी है। पिछले कुछ वर्षों में कई एयरलाइनों के बंद होने या विलय के कारण बाजार कुछ ही कंपनियों तक सिमट गया है, जबकि हवाई यात्रियों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। सरकार का मानना है कि नए नियमों से सेक्टर में नए खिलाड़ियों को एंट्री मिलेगी, जिससे बाजार में एकाधिकार कम होगा।

*वर्तमान में देश में दो बड़ी कंपनियों की करीब 90 प्रतिशत की हिस्सेदारी*



### ये है आगे की प्रक्रिया

नागरिक उड्डयन मंत्रालय प्रस्तावित सुधारों की शुरुआती समीक्षा पूरी कर चुका है। फिलहाल 'एयरक्राफ्ट रूल्स' और डीजीसीए के नियमों में जरूरी संशोधनों का अध्ययन किया जा रहा है। जल्द ही इस पूरे रिफॉर्म पैकेज को अंतिम रूप देकर लागू किया जाएगा।

### किन प्रमुख बदलावों पर हो रहा है विचार?

फिलहाल किसी एयरलाइन को अंतरराष्ट्रीय उड़ानें शुरू करने के लिए घरेलू रूट पर कम से कम 20 विमान या कुल बेड़े का 20% हिस्सा (जो अधिक हो) तैनात करना अनिवार्य होता है। सरकार इस शर्त को आसान बनाने पर विचार कर रही है। पायलटों की उपलब्धता, लाइसेंस प्रक्रिया और ▶▶ शेष पेज 4 पर

**दोषियों पर कार्रवाई तथा छात्रों पर दर्ज सभी मुकदमों की तत्काल वापसी की उठाई मांग**

# केंद्रीय मंत्री प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर कांग्रेसियों का भाजपा कार्यालय तक पैदल मार्च

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

जिला कांग्रेस कमेटी, भोपाल शहर के नेतृत्व में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे, नीट पेपर लीक मामले के दोषियों पर सख्त कार्रवाई तथा छात्रों पर दर्ज सभी मुकदमों की तत्काल वापसी की मांग एवं लोकसभा में छात्रों के मुद्दों को लेकर चर्चा को लेकर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय से भाजपा कार्यालय तक विशाल पैदल मार्च निकाला गया।

प्रदर्शनकारी नारे लगाते हुए शाम लगभग साढ़े 4 बजे भाजपा कार्यालय के लिए निकले लेकिन पुलिस ने बैरीकेड्स लगा कर 5 नंबर बस स्टाप पर पेट्रोल पंप के पास ही रोक दिया।

**पुलिस ने बैरीकेड्स लगा कर 5 नंबर स्टॉप पर रोका**





कांग्रेस का प्रदर्शन।

**करोड़ों युवाओं का भविष्य संकट में डाला**

पैदल मार्च के दौरान कांग्रेसजनों ने केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करते हुए कहा कि लगातार सामने आ रहे परीक्षा घोटालों ने देश के लाखों विद्यार्थियों और युवाओं के भविष्य को संकट में डाल दिया है। कांग्रेस ने मांग की कि नीट पेपर लीक सहित सभी परीक्षा घोटालों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाए, छात्रों पर दर्ज सभी मुकदमे तत्काल वापस लिए जाएं तथा नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान अपने पद से इस्तीफा दें। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि विद्यार्थियों और युवाओं के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लड़ाई निरंतर मजबूती के साथ लड़ती रहेगी।

### भाजपा के जवाब में किया आंदोलन

कांग्रेस ने भाजपा के जवाब में पैदल मार्च आयोजित किया था लेकिन विधायक आरिफ मसूद के अलावा कोई बड़ा नेता इसमें शामिल नहीं हुआ। इसमें जिला कांग्रेस अध्यक्ष भोपाल शहर अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना, प्रदेश कांग्रेस महासचिव संजीव सक्सेना, प्रदेश प्रवक्ता कुंदन पंजाबी, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी अरुण श्रीवास्तव, एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रभारी अंशुल त्रिवेदी, एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे, जिला कांग्रेस संगठन महामंत्री अभिषेक शर्मा, प्रदेश सचिव गुड्डू चौहान, राजकुमार सिंह सहित वरिष्ठ कांग्रेसजन, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, जिला कांग्रेस कमेटी भोपाल शहर के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता, कांग्रेस परिवार के साथी एवं सैकड़ों की संख्या में युवा साथी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



प्रदर्शन के दौरान संजीव सक्सेना।

---

**मुख्यमंत्री ने किया 303.34 करोड़ के कार्यों का भूमि-पूजन, 53.55 करोड़ के कार्यों का किया लोकार्पण**

# भाभरा में बनेगा अमर शहीद आजाद को समर्पित पार्क और बनाया जाएगा रानी काजल माता लोक

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव गुरुवार को अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद जयंती के अवसर पर आलीराजपुर जिले के चंद्रशेखर आजाद नगर में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव में शामिल होने पहुंचे। यहां उन्होंने 303.34 करोड़ के विकास कार्यों का भूमि-पूजन, 53.55 करोड़ के कार्यों का लोकार्पण करते हुए घोषणा की कि भाभरा में अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद को समर्पित विशाल पार्क बनेगा और रानी काजल माता लोक बनाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि जोबट में डही नर्मदा पाइप लाइन परियोजना सिंचाई परियोजना पूर्ण हो गई है, जिसका शीघ्र ही लोकार्पण होगा। इसके फलस्वरूप जोबट तक नर्मदा जल पहुंच जाएगा। डॉ यादव ने कहा है कि झाबुआ, आलीराजपुर, मंडला, डिंडोरी, बालाघाट सहित प्रदेश का संपूर्ण जनजातीय अंचल हमारे लिए एक तीर्थ के समान है। उन्होंने चंद्रशेखर आजाद नगर में अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की 120वी जयंती पर नमन किया।

### डही नर्मदा पाइप लाइन परियोजना सिंचाई परियोजना पूर्ण, जोबट पहुंचेगा नर्मदा जल



### आलीराजपुर में बलराम कृषि महोत्सव और चंद्रशेखर आजाद की जयंती



बलराम कृषि महोत्सव में प्रदर्शनी का अवलोकन करते सीएम।

### प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने वाले किसानों का सम्मान

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि इंदौर, धार, झाबुआ और बड़वानी के बाद आलीराजपुर जिले में बलराम कृषि महोत्सव हो रहा है। महोत्सव में उन्नत एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने वाले किसानों का सम्मान किया गया, जिससे अन्य किसान भी आधुनिक एवं प्राकृतिक कृषि पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रेरित हों।
आलीराजपुर के किसानों ने इस बार कम वर्षा के बाद भी हौसला दिखाया है। मुख्यमंत्री ने आह्वान किया कि किसान भाई प्राकृतिक खेती अपनाएं। डॉ यादव ने कहा कि हमारे लिए सीमा पर जवान और खेतों में किसान दोनों का परिश्रम बराबर है। कृषक कल्याण वर्ष 2026 में किसानों की बेहतरी के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की समृद्धि और उनकी आय बढ़ाने के लिए पशुपालन और दूध के उत्पादन को प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिस प्रकार अमूल के माध्यम से डेयरी क्षेत्र में आदर्श राज्य गुजरात में दूध उत्पादन हो रहा है। उसी दिशा में आगे बढ़ते हुए राज्य शासन ने गोपालन को बढ़ावा देने के लिए नई योजना की शुरुआत की है।
मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने मत्स्य विभाग की सीप कल्टीवेशन संबंधी प्रदर्शनी को विशेष रुचि से देखा, जो आकर्षण का केंद्र रही। इसके साथ ही कृषि विभाग, आयुष विभाग, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन और महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मोटे अनाज (श्रीअन्न) से तैयार पौष्टिक एवं पारंपरिक व्यंजनों की आकर्षक प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

### सिंचाई का रकबा बढ़ाने परियोजनाओं पर काम

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि आलीराजपुर जिले में सिंचाई का रकबा बढ़ाने के उद्देश्य से डही उद्वहन सिंचाई योजना के अंतर्गत लगभग 11 हजार करोड़ रुपए की लागत से निर्मित नर्मदा पाइपलाइन परियोजना का लोकार्पण इसी वर्ष दीपावली तक किया जाएगा, जिससे किसानों को व्यापक लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि सोंडवा माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना के माध्यम से लगभग 70 हजार किसानों के 55 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी और परियोजना का लगभग 50 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। डॉ यादव ने कहा कि युवाओं के लिए भी रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सांदीपनि विद्यालयों की स्थापना, विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिल, गणवेश एवं पाठ्यपुस्तकों का वितरण भी किया जा रहा है। डॉ यादव ने सोशल मीडिया के माध्यम से जनजागरूकता, सकारात्मक संदेशों के प्रसार एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को नागरिकों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने में उल्लेखनीय योगदान देने वाले जिले के सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स का सम्मान किया।

### यूसीसी का उद्देश्य नागरिकों को समान अधिकार और समान न्याय उपलब्ध कराना: डॉ यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का उद्देश्य सभी नागरिकों को समान अधिकार और समान न्याय उपलब्ध कराना है। यह व्यवस्था संविधान की मूल भावना के अनुरूप सामाजिक समरसता, समानता और न्याय को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के सभी वर्गों के हितों की रक्षा और समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। डॉ यादव के इंदौर आगमन पर विभिन्न धर्मों के प्रतिनिधियों तथा अनेक सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी और सदस्य एयरपोर्ट पहुंचे। उन्होंने समान नागरिक संहिता का समर्थन करते हुए मुख्यमंत्री का स्वागत, अभिनंदन किया तथा इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए उनका आभार व्यक्त किया। डॉ यादव ने कहा कि यूसीसी को लेकर समाज के विभिन्न धर्मं और वर्गों में व्यापक समर्थन देखने को मिल रहा है।

### मुख्यमंत्री ने सड़क यात्रा के दौरान नागरिकों से किया संवाद





**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरूवार को आलीराजपुर जिले के चंद्रशेखर आजाद नगर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के पश्चात इंदौर जाने के लिए सड़क मार्ग से यात्रा की। मुख्यमंत्री ने इस दौरान विभिन्न स्थानों पर नागरिकों से भेंट की और उनसे संवाद भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सड़क मार्ग से यात्रा के दौरान धार जिले के राजगढ़ में टी स्टॉल पर जाकर स्वयं चाय भी बनाई। उन्होंने चाय विक्रेता से उनके कार्य और व्यवसाय के संबंध में बातचीत की। मुख्यमंत्री ने उपस्थित नागरिकों से विभिन्न विषयों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कुछ व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में जाकर कुछ देर दुकान मालिकों और स्टाफ के सदस्यों से भी बातचीत की।

## जनजातीय युवाओं की प्रतिभा एवं संवर्धन के लिए बनेंगी विशेष योजनाएं



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार जनजातीय संस्कृति, परंपराओं और लोक कलाओं के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए निरंतर कार्य कर रही है। स्थानीय कला और संस्कृति को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आलीराजपुर जिले को हर क्षेत्र में नंबर वन बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की 120 वीं जयंती पर चंद्रशेखर आजाद नगर में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव के तहत आयोजित सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर्स संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उनकी 120 वीं जयंती पर चंद्रशेखर आजाद नगर आना गौरव और सौभाग्य का विषय है। उन्होंने कहा कि आलीराजपुर अपनी समृद्ध जनजातीय संस्कृति, लोक परंपराओं, भाषा-बोली, कला, प्राकृतिक खेती व संपदा और वनोपज के कारण विशिष्ट पहचान रखता है।

---

**सीएम के निर्देशों के परिपालन में निर्देश जारी**

## मप्र पुलिस में 9 हजार 662 पदों को मिली एक ही दिन में मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र गृह विभाग ने पुलिस में विभिन्न श्रेणी के 9 हजार 662 पदों की मंजूरी के आदेश जारी किए हैं। अभी तीन दिन पहले ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अचानक पुलिस मुख्यालय पहुंचे थे। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक लेकर रिक्त पदों पर शीघ्र ही पदोन्नति व अन्य तरीके से पदों को भरने की प्रक्रिया शुरू करने को कहा था। उन्होंने यह भी कहा था कि अविलंब इस पर कार्रवाई पूरी कराएं। इसके बाद ही आज गृह विभाग ने उक्त पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू कर दी।

मुख्यमंत्री ने रिक्त पदों पर पदोन्नति की प्रक्रिया भविष्य में भी निरंतर जारी रखने के निर्देश भी दिए हैं। उन्होंने पदोन्नति से शेष अधिकारियों, कर्मचारियों को चक्रीय क्रम में पदोन्नत करने के आदेश सितंबर माह में जारी करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने हाल ही में राज्य सरकार के पदोन्नति के अभियान में सर्वाधिक लगभग 25 हजार पदों पर पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों की पदोन्नति पर हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने निर्देश दिए कि आगामी महीनों में भी रिक्त पदों की पूर्ति और पदोन्नति की प्रक्रिया जारी रखी जाए।



### चार आदेशों में स्वीकृत किए गए 9 हजार 662 पद

डॉ. यादव के निर्देशों के परिपालन में गृह विभाग ने वर्ष 2026 में मप्र पुलिस की विभिन्न इकाइयों में तृतीय श्रेणी के सीधी भर्ती के अराजपत्रित सूबेदार (अ) शीघ्र लेखक के 135 पद और सहायक उपनिरीक्षक (अ) के 520 पद, इस तरह 655 पदों पर सीधी भर्ती के लिए प्रशासकीय स्वीकृति के लिए आदेश जारी किया है। इसी तरह एक अन्य आदेश में अराजपत्रित सूबेदार के 81 पद, उपनिरीक्षक (जिला पुलिस बल) के 312 पद, उपनिरीक्षक (विसबल) के 69 पद, उपनिरीक्षक (क्यूडी) के 04 पद, उपनिरीक्षक (अंगुल चिन्ह) के 22 पद, उपनिरीक्षक (आयुध) के 10 पद, उपनिरीक्षक फोटो के 09 पद, इस प्रकार 507 पदों पर सीधी भर्ती के लिए स्वीकृति प्रदान की गई है। राज्य शासन की ओर से सर्वाधिक पद तृतीय श्रेणी के सीधी भर्ती के आरक्षक (जीडी) की नियुक्ति के लिए स्वीकृत किए गए हैं। इस संबंध में आदेश जारी कर 7500 पद स्वीकृत किए गए हैं।

### 18 हजार पद भरे जाने के दिए निर्देश

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुलिस में 18 हजार पद भरे जाने के निर्देश दिए हैं। वर्तमान में स्वीकृत 9662 पदों के अलावा शेष आदेश भी शीघ्र जारी किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि पिछले वर्ष 8500 पदों की स्वीकृति के पश्चात इस वर्ष पदों की स्वीकृति का महत्वपूर्ण कार्य संपन्न हुआ है। प्रदेश से नक्सलवाद खत्म होने के बाद विकास के कार्यों में भी पुलिस बल की रचनात्मक भूमिका सुनिश्चित की जाएगी।

## अशोक बर्णवाल ने मुख्य सचिव का कार्यभार ग्रहण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारतीय प्रशासनिक सेवा (1991 बैच) के वरिष्ठ अधिकारी अशोक बर्णवाल ने गुरूवार को प्रदेश के 36 वें मुख्य सचिव के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। निवर्तमान मुख्य सचिव अनुराग जैन ने नवनियुक्त मुख्य सचिव बर्णवाल को मंत्रालय स्थित मुख्य सचिव कक्ष में कार्यभार सौंपा। सामान्य प्रशासन विभाग (कार्मिक) ने बुधवार 22 जुलाई को इस संबंध में आदेश जारी किए गए थे। इससे पहले इसी दिन भारत सरकार की ओर से निवर्तमान मुख्य सचिव अनुराग जैन को नीति आयोग का मुख्य कार्यपालन अधिकारी नियुक्त किया गया है। उधर, आदेश जारी होने के बाद से ही मुख्य सचिव बर्णवाल को बधाई देने का ताता लगा रहा।



---

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने दतिया में जनसभा एवं कार्यकर्ताओं की बैठकों को किया संबोधित**

**सीएम बोले, डबल इंजन की सरकार ने कभी भी विकास कार्यों के लिए मना नहीं किया**

## कांग्रेस ने 70 सालों में नहीं किया, वह भाजपा ने करके दिखाया: खंडेलवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने दतिया विधानसभा क्षेत्र के निबरी में भाजपा प्रत्याशी आशुतोष तिवारी के समर्थन में आयोजित जनसभा एवं आदिवासी समाज के आयोजन में सहभागिता कर संबोधित किया। प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने कहा कि कांग्रेस ने आजादी के बाद देश पर 70 वर्षों तक शासन किया।

कांग्रेस चाहती तो हर व्यक्ति को पक्का मकान बनाकर दे सकती थी, हर घर में सिलेंडर देती, युवाओं के लिए योजनाएं बनाती, लेकिन कांग्रेस ने सिर्फ देश एवं प्रदेश को बर्बाद करने का काम किया। जो कांग्रेस की सरकार इतने वर्षों में नहीं कर सकी, उस काम को भाजपा की सरकार ने बेहद कम समय में करके दिखाया है। प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार चल रही है। इस डबल इंजन की सरकार ने कभी भी विकास कार्यों के लिए मना नहीं किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा से देश-प्रदेश के माहौल को बिगाड़ा है। कांग्रेस ने अनुसूचित जनजातियों को सिर्फ वोट बैंक समझा, इसलिए उनका उपयोग सिर्फ वोट लेने के लिए किया। आदिवासियों का विकास भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने किया है।



**विकास के संकल्प के साथ जनता के बीच पहुंच रहे कार्यकर्ता**

खण्डेलवाल ने कहा कि दतिया विधानसभा क्षेत्र में विकास की जो मजबूत नींव रखी गई है, उसका सबसे बड़ा श्रेय वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा को जाता है। उनके नेतृत्व में दतिया में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, अधोसंरचना सहित अनेक विकास कार्य हुए, जिन्होंने क्षेत्र की तस्वीर और तकदीर बदलने का काम किया। इन विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के संकल्प के साथ कार्यकर्ता जनता के बीच जा रहे हैं।

### सेवढ़ा एवं भांडेर विधानसभा के कार्यकर्ताओं के साथ प्रदेश अध्यक्ष ने की बैठक

प्रदेशाध्यक्ष खंडेलवाल ने सेवढ़ा एवं भाण्डेर विस के कार्यकर्ताओं की बैठकों को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में केंद्र और सीएम के नेतृत्व में मप्र सरकार की उपलब्धियां और विकास कार्यों से भारतीय जनता पार्टी दतिया उपचुनाव में ऐतिहासिक विजयी प्राप्त करेगी। कांग्रेस ने दतिया की जनता को सिर्फ वोट बैंक समझा, जबकि भाजपा ने जनता की सेवा कर विकासवाद की राजनीति को प्रमुखता दी है।

दतिया का दम

**जताई कांग्रेस की जीत की उम्मीद, कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में किया जनसंपर्क**

**उन्होंने कहा कि पूरे दतिया में घूमने के दौरान भाजपा के प्रति लोगों में नाराज़गी दिख रही है**

## दतिया में न कोई भाजपा प्रत्याशी को जानता, न वोट देना चाहता: पटवारी

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा है कि मैं दतिया के गांव-गांव घूम रहा हूं, लेकिन न कोई भाजपा के प्रत्याशी को जानता है और न ही उन्हें वोट देना चाहता है। दतिया में एक बार फिर कांग्रेस का परचम लहराना तय है। उन्होंने कहा कि दतिया की जनता का उत्साह और अपार समर्थन देख कर उम्मीद है कि इस बार कांग्रेस ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी।

उन्होंने कहा कि पूरे दतिया में घूमने के दौरान भाजपा के प्रति लोगों में नाराज़गी दिख रही है। पटवारी ने गुरुवार को कांग्रेस प्रत्याशी कुवर घनश्याम सिंह के समर्थन में व्यापक जनसंपर्क कर आमजन से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न वार्डों और क्षेत्रों में नागरिकों से संवाद कर विकास, न्याय और जनहित की राजनीति को मजबूत बनाने का आग्रह किया।

### भाजपा ने घोंटा लोकतंत्र का गला



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने भाजपा पर लोकतांत्रिक मूल्यों की हत्या का आरोप लगाते हुए कहा कि दतिया की जनता ने देखा है कि किस प्रकार भाजपा ने लोकतंत्र का गला घोंटते हुए कांग्रेस विधायक राजेंद्र भारती की सदस्यता समाप्त कराई। जनता इस अन्याय को भूली नहीं है और इसका जवाब लोकतांत्रिक तरीके से मतदान के माध्यम से देगी। उन्होंने कहा कि यह उपचुनाव केवल एक सीट का चुनाव नहीं, बल्कि लोकतंत्र, जनादेश और संविधान की रक्षा का चुनाव है। दतिया की जनता भाजपा के अहंकार और अन्याय का करारा जवाब देते हुए कांग्रेस प्रत्याशी कुंवर घनश्याम सिंह को भारी मतों से विजयी बनाएगी। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशोक दांगी, प्रदेश महासचिव किरण अहिरवार, वरिष्ठ नेता अवधेश नायक सहित कांग्रेस के अनेक वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 24 जुलाई 2026

7 कथित पत्नी की पीट-पीटकर हत्या, लाश के पास...


8 तीन शास्त्रीय नृत्य धाराओं का अद्भुत संगम बना...




घटना के वक्त घर में मौजूद थे परिवार के कई सदस्य, एक को मामूली चोट

## इब्राहिमपुरा में मामूली बारिश में ही ढह गया 90 साल पुराना मकान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल के इब्राहिमपुरा इलाके में लगातार हो रही बारिश के बीच करीब 90 साल पुराना एक मकान अचानक भरभराकर गिर गया। यह हादसा कोतवाली थाने के सामने बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात हुआ। घटना के समय मकान के अंदर परिवार के कई सदस्य मौजूद थे। गनीमत रही कि कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई। एक युवक को हाथ में मामूली चोट आई है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार. मकान का अगला हिस्सा, छज्जा और दीवारें अचानक ढह गईं। छज्जे के साथ एक युवक भी नीचे सड़क पर गिर गया, जिससे उसके हाथ में हल्की चोट आई। उस समय घर में तीन से चार महिलाएं और तीन बच्चे मौजूद थे। आसपास के लोगों ने तुरंत मदद करते हुए सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और इलाके को सुरक्षित कराया। हालांकि, स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर निगम की टीम करीब एक घंटे बाद मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने मकान का निरीक्षण किया और आसपास के क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

» *नगर निगम की टीम मौके पर एक घंटे बाद पहुंची*

» *कोतवाली थाने के सामने बुध-गुरुवार की रात हादसा*

» *निगमायुक्त बोलीं जल्द चिन्हित करेंगे और जर्जर भवन*

### लगातार बारिश से कमजोर हो गई थीं दीवारें


इब्राहितमपुरा का वह पुराना मकान जो बीती रात गिर गया।

नगर निगम के वार्ड अधिकारी शाहाबउद्दीन ने बताया कि मकान काफी पुराना और जर्जर था। पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण इसकी दीवारें कमजोर हो गई थीं, जिससे यह हादसा हुआ। उन्होंने कहा कि शहर के सभी जर्जर मकानों को पहले ही नोटिस जारी किए जा चुके हैं। जिस इमारत का हिस्सा गिरा है, उसे पूरी तरह हटाया जाएगा ताकि आगे किसी तरह का हादसा न हो। नगर निगम कमिश्नर संस्कृति जैन ने कहा कि जल्द से जल्द सभी जर्जर मकानों को चिन्हित कर गिराया जाएगा।

## राजधानी में 40 जगहों पर भरता है बारिश का पानी, निगम ने नहीं किए निकासी के इंतजाम

शहर में थोड़ी बारिश में जलभराव वाली जगहों पर पानी निकासी के इंतजाम नहीं किए गए हैं, जिससे इस बार भी बारिश होने पर यहां जाम के हालात बन रहे हैं। इन जगहों की जानकारी नगर निगम और पीडब्ल्यूडी को है, लेकिन अफसरों ने इस पर ध्यान नहीं दिया है। शहर में जलभराव की वजह से हर साल सड़कें खराब होती है। इनमें बड़े-बड़े गहरे गड्ढे हो जाते हैं। पिछले साल ट्रैफिक पुलिस ने शहर के जलभराव वाले क्षेत्रों को चार जोन में बांटकर जोन एक, दो, तीन और चार के तहत आने वाले प्रमुख चौराहों और तिराहों को शामिल किया है। जहां यातायात प्रभावित होता है। स्थिति यह है कि मानसरोवर तिराहा, गणेश मंदिर तिराहा, बाबड़िया ब्रिज, नेहरू नगर, बोर्ड आफिस और डीआइजी बंगला चौराहे जैसे क्षेत्र हर बारिश में डूब जाते हैं। हालांकि निगम अफसरों का कहना है कि जलभराव वाली जगहों पर पानी निकासी की जिम्मेदारी सिविल विभाग को सौंपी गई है।

### हर बारिश इन इलाकों में होता है जलभराव

बारिश होने पर रानी कमलापति स्टेशन के सामने मानसरोवर तिराहे पर सड़क की ढलान और नालियों की खराब स्थिति के कारण पानी भरता है। बंसल प्लाजा, सात नंबर चौराहा, होटल रेडिसन, खटलापुरा और मैनिट चौराहा जैसे इलाकों में भी ड्रेनेज सिस्टम की खराबी और अतिक्रमण से जलभराव होता है। नर्मदापुरम रोड पर डी-मार्ट, आशिमा माल और दानिश नगर से लेकर बाग सेवनिया तक की सर्विस रोड पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। भोपाल टाकीज चौराहा, सिंधी कालोनी, अल्पना टाकीज तिराहा, सपना लाज तिराहा, डीआइजी बंगला और लालघाटी चौराहा जैसे क्षेत्र जलभराव से प्रभावित हैं। शाहपुरा से मनीषा मार्केट की ओर जाने वाले मार्ग के बीच बनी झीलनुमा स्थिति हर बारिश में परेशानी खड़ी करती है।




## बारिश में अनहोनी का इंतजाम! इब्राहिमपुरा-पीरगेट में खुले ट्रांसफॉर्मर और लटकते तार बने जानलेवा

### *हर बारिश में शॉर्ट सर्किट और करंट का खतरा*

बारिश शुरू होते ही पुराने शहर के इब्राहिमपुरा और पीरगेट इलाके में बिजली व्यवस्था लोगों के लिए खतरा बन गई है। यहां कई जगह ट्रांसफॉर्मरों के फ्यूज बॉक्स (डीपी) खुले पड़े हैं और बिजली के तार नीचे लटक रहे हैं। तेज बारिश और आंधी के दौरान इनमें शॉर्ट सर्किट, करंट फैलने और आग लगने का खतरा बना रहता है। इसके बावजूद जिम्मेदार विभाग ने अब तक सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं किए हैं।


इब्राहिमपुरा रोड पर सड़क के किनारे लगे हैं ट्रांसफॉर्मर।

### खुले ट्रांसफॉर्मर और खुले बिजली बॉक्स...

इब्राहिमपुरा और पीरगेट शहर के सबसे व्यस्त बाजारों में शामिल हैं। यहां सुबह से देर रात तक हजारों लोगों की आवाजाही रहती है। दुकानों के सामने खुले ट्रांसफॉर्मर और खुले बिजली बॉक्स हादसे को न्योता दे रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद केवल अस्थायी मरम्मत की जाती है, लेकिन खुले बॉक्स (डीपी) और लटकते तारों की समस्या जस की तस बनी हुई है। बारिश के दौरान ट्रांसफॉर्मरों के आसपास पानी भर जाता है। ऐसे में नमी के कारण करंट फैलने और चिंगारी से आग लगने का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। वहीं स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि पहले भी कई बार ट्रांसफॉर्मरों में आग लग चुकी है, लेकिन इसके बाद भी सुरक्षा इंतजाम नहीं बढ़ाए गए।

### 12 से 15 साल पुराने ट्रांसफॉर्मर उठा रहे क्षमता से अधिक लोड...बना रहता है खतरा


इब्राहिमपुरा में ही कई ट्रांसफॉर्मर खुले पड़े हैं, जो हादसे को न्यौता दे रहे हैं।

शहर में लगभग 700 छोटे ट्रांसफॉर्मर 12 से 15 साल पुराने हो चुके हैं और क्षमता से अधिक लोड उठा रहे हैं। इससे बार-बार ट्रिपिंग, फॉल्ट और आग लगने की घटनाएं सामने आ रही हैं। बिजली कंपनी ने 27 क्षेत्रों में ट्रांसफॉर्मर बदलने और लोड बैलेंसिंग अभियान शुरू किया है। एमपीईबी अधिकारी,जेई योगेश धमले का कहना है कि हम पुराने ट्रांसफॉर्मर को चिन्हित कर बदलने का काम करेंगे साथ ही लटकते तारों को व्यवस्थित किया जाएगा।

## साइबर ठग ने मजदूर को भी नहीं बख्शा, खाते से निकाल ली बच्चों की पढ़ाई की रकम

» *पासबुक में इंट्री कराने पर साइबर फ्राड की हुई जानकारी, 45 हजार रुपए निकाले*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुताई का काम करने वाले एक मजदूर के खाते से साइबर जालसाज ने 46 हजार 400 रुपए निकाल लिए। घटना का खुलासा पासबुक में इंट्री कराने के बाद हुआ। फरियादी ने बच्चों की पढ़ाई और मकान बनाने के लिए रकम जोड़कर बैंक खाते में जमा की थी। गोविंदपुरा पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक पंचपीर नगर एफ सेक्टर बरखेड़ा गोविंदपुरा निवासी राजपति आर्या (41) पुताई का काम करते हैं। बच्चों की पढ़ाई व मकान के लिए उन्होंने कुछ रकम जोड़ी थी। एसबीआई की सोनागिरी शाखा में राजपति का खाता है। खाते में उनके करीब 46 हजार रुपए जमा थे। विगत 17 जुलाई को फरियादी को पता चला कि उसके खाते से दो बार में क्रमशः 30 हजार और 15 हजार 400 रुपए कुल 45 हजार 400 रुपए कट गए हैं। बैंक में पूछताछ करने पर बताया गया कि आपके खाते से किसी सायबर अपराधी ने फ्राड कर रकम ट्रांसफर कर ली है। खाते से राशि गायब होने की जानकारी राजपति को पासबुक में इंट्री करवाने के बाद पता चली। इंट्री में पैमेंट रेफरेंस और मोबाइल कोड और लेखा संख्या आदि दर्ज है। फरियादी ने घटना की लिखित शिकायत सायबर सेल में थी। वहां से मामला गोविंदपुरा थाने भेजा गया है।

## युवाओं ने किया नीलम पार्क-बीयू में प्रदर्शन, छात्र बोले यह पेपर लीक नहीं, सिस्टम का लीकेज है...

जंतर-मंतर की तर्ज पर भोपाल में प्रदर्शन, घंटों तक चलती रही नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नीट पेपर लीक मामले को लेकर दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हुई पुलिस कार्रवाई के विरोध में गुरुवार को राजधानी स्थित नीलम पार्कमें विरोध प्रदर्शन के लिए छात्र-युवा एकजुट हुए और नारेबाजी चलती रही। मूवमेंट अगेंस्ट अनएम्प्लॉयमेंट के बैनर तले आयोजित इस प्रदर्शन में प्रदेश के करीब 20 जिलों से छात्र, युवा और नर्सिंग विद्यार्थी शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने बेरोजगारी, पेपर लीक, भर्ती परीक्षाओं में कथित भ्रष्टाचार, ठेका प्रथा और नर्सिंग छात्रों की समस्याओं को लेकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में भी युवाओं ने प्रदर्शन किया।

### प्रदेश के करीब 20 जिलों के युवा, नर्सिंग छात्र रहे शामिल

### एक सुर में बोले, जब तक मांगें पूरी नहीं, जारी रहेगा प्रदर्शन



नीलम पार्क में प्रदर्शन करते युवा।

### बीयू में बनाई मानव श्रृंखला, की नारेबाजी

इस दौरान युवाओं ने मानव श्रृंखला बनाई और हाथों में तख्तियां उठाकर नारेबाजी की। गुरुवार शाम को बीयू के मेन गेट पर छात्रों ने विरोध प्रदर्शन कर आंदोलन को आगे भी जारी रखने की बात कही। कुछ छात्रों ने कहा कि नीट परीक्षा में पेपर लीक का मामला सामने आने के बाद से लगातार केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि जब तक इस्तीफा होता और छात्रों की मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।



बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में प्रदर्शन करते छात्र।



नीलम पार्क में सोनम वांगचुक का चित्र लिए बैठा बच्चा।

धार में पदस्थ कांस्टेबल पर आरोप

## पुलिसकर्मी की नाबालिग बेटी से अपहरण कर किया दुष्कर्म

» *ग्वालियर के साथी कांस्टेबल पर सहयोग करने का केस दर्ज*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



जहांगीराबाद थाना क्षेत्र स्थित लाल परेड मैदान के पास से पुलिसकर्मी की नाबालिग बेटी को कार में अगवा कर दुष्कर्म का मामला सामने आया है। दुष्कर्म का आरोप पूर्व पड़ोसी और इन दिनों धार में पदस्थ एक कांस्टेबल पर है। साथ ही ग्वालियर में पदस्थ उसके साथी पर पुलिस ने अपहरण में सहयोग करने का मामला दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार 17 साल की पुलिसकर्मी की बेटी दसवीं कक्षा की छात्रा है। उसके पड़ोस में एक कांस्टेबल रहता था और इन दिनों उसकी पोस्टिंग धार में है। नाबालिग ने पुलिस को बताया कि आरोपी कांस्टेबल ग्वालियर में पदस्थ अपने साथी कांस्टेबल के साथ भोपाल आया था। दोनों कार से भोपाल आए थे। पड़ोस में रहने के कारण नाबालिग का उसे परिचय था। उसने नाबालिग से परिचित की बर्थडे पार्टी में चलने का कहा और अपने साथ कार में बिठाकर ले गया। कार में नाबालिग और दोनों कांस्टेबल थे। कमला नगर में एक मकान में नाबालिग को छोड़ने के बाद ग्वालियर में पदस्थ कांस्टेबल जरूरी काम का कहकर निकल गया। पीड़िता का आरोप है कि अकेला देखकर आरोपी कांस्टेबल ने उसके साथ संबंध बनाए। इसके बाद घर के पास छोड़कर चला गया। नाबालिग ने घटना की जानकारी अपने पिता को दी। पिता उसे लेकर कमला नगर थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। कमला नगर पुलिस ने शून्य पर प्रकरण दर्ज कर केस डायरी जहांगीराबाद पुलिस को सौंप दी है।

भोपाल यूनियन कार्बाइड मामला

## भूजल प्रदूषण के आरोपों पर हाईकोर्ट सख्त, एक्सपर्ट कमेटी करे जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

भोपाल स्थित यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री के आसपास के इलाकों में आज भी दूषित भूजल की आपूर्ति होने के आरोपों को मप्र हाईकोर्ट ने बेहद गंभीरता से लिया है। जस्टिस विवेक अग्रवाल व जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को एक विशेषज्ञ समिति गठित कर किसी प्रामाणिक टेस्टिंग लैब से पानी के नमूनों की वैज्ञानिक जांच कराने के कड़े निर्देश जारी किए हैं।

### अगली सुनवाई 15 सितंबर को

हाईकोर्ट ने इन आरोपों को स्वास्थ्य के लिए बेहद चिंताजनक मानते हुए निर्देश दिया है कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड स्वतंत्र विशेषज्ञ समिति के जरिए पानी के सैंपल ले और उनकी विस्तृत जांच रिपोर्ट 13 अगस्त तक अदालत के समक्ष प्रस्तुत करे। अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई 3 सितंबर को निर्धारित की है।जांच रिपोर्ट के आधार पर अदालत आगे की कार्रवाई और आवश्यक निर्देश जारी करेगी। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता खालिद नूर फखरुद्दीन ने पक्ष रखा।

### 13 अगस्त तक मांगी गई जांच रिपोर्ट

यह आदेश वर्ष 2004 से लंबित एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया गया, जिसे मूल रूप से स्वर्गीय आलोक प्रताप सिंह द्वारा दायर किया गया था। बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान हस्तक्षेपकर्ताओं ने अदालत के समक्ष यह मुद्दा उठाया कि यूनियन कार्बाइड परिसर से जहरीले कचरे को हटाए जाने के दावों के बावजूद, आसपास के कई वार्डों में आम जनता को अब भी दूषित और जहरीला पानी मिल रहा है। इससे स्थानीय निवासियों के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा बना हुआ है।

सीएमआरएस से सिग्नलिंग सिस्टम को मिली मंजूरी, 25 से होगी शुरुआत

## 15 मिनट के अंतर से मिलेगी मेट्रो, लगाएगी 50 चक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में सुभाष नगर से एम्स तक चल रही मेट्रो की रफ्तार बढ़ गई है। गुरुवार को कमिश्नर ऑफ मेट्रो रेल सेफ्टी (सीएमआरएस) ने सुभाष नगर से एम्स स्टेशन तक दोनों ट्रैक पर सिग्नलिंग सिस्टम सहित नियमित मेट्रो चलाने की मंजूरी दे दी है। पच्चीस जुलाई से मेट्रो का नया टाइम टेबल जारी कर दिया जाएगा। जिसके तहत यात्रियों को अब पीक आवर्स में हर 15 मिनट और अन्य समय पर 30 मिनट में मेट्रो मिलेगी।

नए टाइम टेबल के हिसाब से सुबह 9 बजे सुभाष नगर से एम्स और एम्स से सुभाष नगर के लिए सुबह 9:30 बजे ट्रेन मिलेगी। जबकि शाम को सुभाष नगर से एम्स 6.30 बजे और एम्स से सुभाष नगर के लिए शाम 7 बजे तक मेट्रो मिलेगी। इधर पीक ऑवर्स में सुबह 9 से 10:30 बजे और शाम 5:30 से 7 बजे तक हर पंद्रह मिनट में यात्रा कर सकेंगे। जबकि अन्य समय में प्रत्येक आधा घंटे में दोनों साइड से मेट्रो चलेगी। इस तरह दोनों साइड से 50 ट्रिप रहेंगे।

### दोनों ट्रैक पर चलेगी मेट्रो, अब तक एक ही ट्रैक पर हो रहा था संचालन

### सुभाष नगर स्टेशन से सुबह 9, एम्स से सुबह 9:30 बजे मिलेगी पहली ट्रेन

### नौकरीपेशा और छात्रों के साथ एम्स आने वाले मरीजों को होगा फायदा


राजधानी के प्रॉयोरिटी कॉरिडोर में दौड़ती मेट्रो।

मेट्रो के फेरे बढ़ने का सबसे ज्यादा फायदा सरकारी और निजी दफ्तरों में काम करने वाले कर्मचारियों को मिलेगा। इसके साथ अन्य यात्री और छात्र भी इसका सीधा लाभ उठा सकेंगे। एम्स आने वाले मरीजों और उनके परिजनों, रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से यात्रा करने वाले यात्री, एमपी नगर स्थित विभिन्न कोचिंग संस्थानों के छात्र, वल्लभ भवन सहित अन्य जगहों पर आसानी से आना जाना हो सकेगा।

### डिजिटल टिकटिंग पर मिलेगा डिस्काउंट

मेट्रो में यात्रियों की सुविधा के लिए ऑटोमेटिक फेयर कलेक्शन सिस्टम पहले से लागू है। यात्री एमपीएमआरसीएल मोबाइल ऐप से डिजिटल टिकट ले सकते हैं। मोबाइल ऐप से टिकट का भुगतान करने पर आकर्षक डिस्काउंट भी दिया जा रहा है। ई-वॉलेट रिचार्ज करने पर 8 प्रतिशत से 15 प्रतिशत तक अतिरिक्त बोनस राशि का लाभ मिलेगा।

## जैकेट का शेष....

### बोले- पेपर ...

सुझावों को शामिल करने के बाद इसे अंतिम रूप दिया जाएगा। सोमवार से संसद का दूसरा हफ़्ता शुरू हो रहा है। इसलिए हम पूरी कोशिश करेंगे कि यह बिल जल्द से जल्द सदन से पास हो जाए। पीएम मोदी ने कहा कि पेपर लीक कोई छोटी-मोटी मामूली विषय नहीं है। यह लाखों छात्रों और उनके माता-पिता के लिए बहुत दुखद है। इसलिए पेपर लीक की घटना के बाद से पिछले ढाई महीनों में कई कदम उठाए गए हैं। दोषियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और वे जेल में हैं। हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी यह सुनिश्चित करना था कि छात्रों का एक साल बर्बाद न हो। परीक्षाएं तुरंत कराना जरूरी था। सरकार ने कम से कम समय में 22 लाख छात्रों का एग्जाम कराया। 19 जुलाई नीट का रिजल्ट भी आ गया।

### नरेश पाल ...

पद पर कार्यरत थे। अपने प्रशासनिक करियर के दौरान गंगवार ने केंद्र सरकार और राजस्थान सरकार में कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाई हैं। वह पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय में संयुक्त सचिव भी रहे, जहां उन्होंने वायु और जल प्रदूषण नियंत्रण तथा खतरनाक पदार्थों के प्रबंधन से जुड़े विभागों की जिम्मेदारी संभाली।

### लड़कियों पर ...

एकत्रित हैं। उनकी चिंताएं और सरोकार वास्तविक हैं। इन्हें सहानुभूति तथा दूरगामी समाधान की दृष्टि से हल किया जाना चाहिए। मुझे पूरी आशा है कि इसे केवल कानूनी और व्यवस्था की समस्या के रूप में नहीं देखा जाएगा, जिससे बलपूर्वक निपटा जाए। मुझे यह देखकर अत्यन्त पीड़ा हुई है कि महिलाओं और युवतियों पर निर्मम बल प्रयोग किया गया। ऐसे बल के उपयोग से भारतीय समाज का बड़ा हिस्सा विकसित भारत के लक्ष्य से बहुत दूर चला जाएगा।

### छात्रों के समर्थन ...

लिखे पत्र में उन्होंने पुलिस कार्रवाई को दुखद बताते हुए शिक्षा मंत्री का इस्तीफा लेने की मांग की थी। अन्ना ने कहा कि जवाबदेही तय करने से शासन अधिक प्रभावी और जवाबदेह बनता है।

### उधर, नीट ...

मुखिया की इस षड्यंत्र में किसी भी तरह की भूमिका का प्रमाण नहीं मिला। सीबीआई ने जोर देकर कहा कि यह स्थिति 2024 में ही स्पष्ट कर दी गई थी, इसलिए संजीव मुखिया का नाम जानबूझकर हटाने का आरोप पूरी तरह तथ्यात्मक रूप से गलत है।

### अधिकारी 'टीम ...

स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। डीजीपी मकवाना ने कहा कि निवर्तमान मुख्य सचिव जैन ने नक्सलमुक्त मप्र सहित विभिन्न ऐतिहासिक अभियानों को पूर्ण करने में पुलिस विभाग को असीमित सहयोग दिया है। अपर मुख्य सचिव (जल संसाधन) राजेश राजौरा ने ई-ऑफिस, ई-कैबिनेट को प्रदेश में लागू करने के लिए निवर्तमान मुख्य सचिव जैन की सराहना की। सभी अधिकारियों ने लगभग 15 वर्षों से रूकी पदोन्नति के शुरू होने का श्रेय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ निवर्तमान मुख्य सचिव जैन को भी दिया। देश में मप्र की रैंकिंग अग्रणी बनाने के लिए जैन की अधिकारियों ने सराहना की। अपर मुख्य सचिव मनु श्रीवास्तव, श्रीमती रश्मि अरूण शमी, संजय दुबे और शिवशेखर शुक्ला ने भी अपना उद्बोधन दिया।

### डॉक्टर : मिनरल ...

जून को ही यहां हुई है। उन्होंने गंभीर गलती की है। डॉ. साहू और नर्स भावना चौधरी को नोटिस जारी किया है। एसडीएम ने सीएमएचओ से रिपोर्ट मांगी है। नगपुरे ने कहा कि सत्यम का बयान दर्ज होने के बाद ही मामले में कुछ कहा जा सकेगा।

### सीने में दर्द था, युवक ...

मरीज की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जिला अस्पताल छतरपुर रेफर कर दिया गया। हालांकि, जिला अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। घटना से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने सटई बस स्टैंड पर एकत्रित होकर सड़क पर चक्काजाम कर दिया तथा स्वास्थ्य विभाग व प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों का आरोप है कि सटई अस्पताल में डॉक्टरों की अनुपस्थिति एक पुरानी और गंभीर समस्या है। घटना की सूचना मिलते ही सटई थाना प्रभारी समेत चार थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस प्रशासन ने ग्रामीणों को समझाने की कोशिश की, लेकिन आक्रोशित लोग अस्पताल में डॉक्टरों की नियमित तैनाती, सुविधाओं में सुधार और लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे।

## पेज एक का शेष...

### रायसेन में ...

में गुरुवार को करीब पांच घंटे तक हुई झमाझम बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। लगातार बारिश से सेमरी नदी समेत क्षेत्र के नदी-नाले उफान पर आ गए। जिससे बेगमगंज-सुल्तानगंज मार्ग का सड़क संपर्क पूरी तरह टूट गया। सेमरी नदी का पुल पानी में डूब जाने से आवागमन बंद हो गया और आसपास के करीब 175 गांवों का संपर्क प्रभावित हुआ है। वहीं नैनविलास-रहटवास मार्ग पर एक युवक तेज बहाव में बह गया। एसडीओपी सोनाली गुप्ता ने बताया कि बहने वाले युवक की पहचान राजेश बैरागी (20) निवासी नैनविलास के रूप में हुई है। वह सेमरी नदी पार करने का प्रयास कर रहा था। युवक का कोई सुराग नहीं मिल सका था। रायसेन में सड़क बह गई।

### शिवपुरी में...

90 साल पुराने जर्जर मकान का हिस्सा गिरने से एक युवक घायल हो गया। इंदौर में गंगवाल चौराहे से राजमोहल्ला के लिए निकली बारात में शामिल बाराती तेज बारिश के कारण रास्ते में ही रुक गए। दूल्हा डीजे के साथ अकेले ही आगे बढ़ता नजर आया। उमरिया जिले में जोहिला डैम का एक गेट आधा मीटर तक खोलकर पानी छोड़ा जा रहा है। वहीं, मुंबई में भारी बारिश की वजह से रतलाम मंडल से गुजरने वाली 7 रेलगाड़ियां लेट चल रही हैं।

### आज यहां....

मंदसौर, नीमच, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां, सिंगरौली, सीधी, रीवा, अनुपपुर, शहडोल, उमरिया, डिंडोरी, जबलपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पन्ना, दमोह, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, मैहर और पांढुर्णा में मध्यम बारिश होगी।

### पहले डबल...

होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि परियोजना विकसित इंदौर एवं विकसित मप्र के संकल्प को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण अधोसंरचनात्मक उपलब्धि है। आने वाले वर्षों में शहर की प्रगति और आधुनिक शहरी विकास की नई पहचान बनेगी।

### निर्माण इंदौर...

टन स्टील संरचना का उपयोग इस परियोजना को प्रदेश की महत्वपूर्ण इंजीनियरिंग उपलब्धियों में शामिल करता है।

### लैंडस्केपिंग और...

फ्लाईओवर की दूसरी भुजा भी बनकर तैयार हो जाएगी, जिसका निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों के साथ संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, पुलिस महानिरीक्षक अनुराग, पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह, कलेक्टर शिवम वर्मा, इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. परीक्षित झाड़े सहित गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

### 51% आबादी ....

शुरू किया गया। याचिकाकर्ता संस्था एडवोकेट यूनियन फॉर डेमोक्रेसी एंड सोशल जस्टिस की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर व अधिवक्ता विनायक प्रसाद शाह ने दलील दी कि मध्य प्रदेश में सभी वर्गों को सिर्फ ओबीसी आरक्षण से ही आपत्ति है। उन्होंने आंकड़े प्रस्तुत करते हुए कहा कि प्रदेश में अनुसूचित जाति कीआबादी 15.6% है, जबकि इनका आरक्षण 16% है। अनुसूचित जनजाति की आबादी 21.01% व आरक्षण 20% है। वहीं सामान्य वर्ग की आबादी महज 13% है, जबकि इन्हें आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग ईडब्ल्यूएस के नाम पर 10% आरक्षण है। जबकि ओबीसी की आबादी 51% है , लेकिन इन्हें आरक्षण मात्र 14% ही है। राज्य सरकार ने आज तक कोर्ट को यह स्पष्ट नहीं किया है कि किस फॉर्मूले के तहत आरक्षण का प्रतिशत तय किया गया है और अनुपातिक प्रतिनिधित्व की परिभाषा क्या है।

### 44 लाख के ...

से संबंधित बिल, लाइसेंस या अन्य वैध दस्तावेज मांगे, तो दोनों कोई कागजात पेश नहीं कर सके। इसके बाद जीआरपी ने धारा 106 बीएनएसएस के तहत पूरा माल जब्त कर लिया। जब्त आभूषणों की खरीद-बिक्री और टैक्स से जुड़े दस्तावेजों की जांच के लिए मामले की जानकारी जीएसटी विभाग को भेज दी गई है।

### लाखों सरकारी...

अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) द्वारा तय न्यूनतम योग्यताओं के तहत टीईटी अनिवार्य है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के मुताबिक, यह परीक्षा नई नियुक्तियों के साथ-साथ पात्र मामलों में पदोन्नति के लिए भी आवश्यक है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत कार्यरत ऐसे शिक्षक जिन्होंने अब तक टीईटी पास नहीं किया है और जिनकी सेवानिवृत्ति में 5 वर्ष से अधिक समय शेष है, उन्हें तय समय-सीमा में यह परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी। समीक्षा याचिका पर सुनवाई के दौरान अदालत ने शिक्षकों को राहत देते हुए टीईटी पास करने की अंतिम तिथि बढ़ा दी थी। सरकार के इस रुख से साफ है कि तय दायरे में आने वाले सभी शिक्षकों को निर्धारित समय में टीईटी परीक्षा पास करनी ही होगी।

### बीयू के 'कार्यवाहक' ...

विभाग के अपर मुख्य सचिव अनुपम राजन को बीयू के कुलगुरु पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। राज्यपाल एवं बीयू के कुलाधिपति मंगुभाई पटेल के आदेशानुसार राजभवन (लोक भवन) द्वारा 23 जुलाई 2026 को इस संबंध में आधिकारिक आदेश जारी कर दिया गया है।

प्रो. विवेक शर्मा ने 22 जुलाई 2026 को अपने पद से त्याग-पत्र प्रस्तुत किया था। कुलाधिपति द्वारा इस इस्तीफे को तत्काल प्रभाव से मंजूर कर लिया गया है। राजभवन द्वारा जारी निर्देश के तहत, विवि में नए नियमित कुलगुरु की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी होने तक यह अस्थाई व्यवस्था लागू रहेगी।

वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी अनुपम राजन अपने वर्तमान पद (अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय) की जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के साथ-साथ आगामी आदेश तक बीयू के कुलगुरु पद का अतिरिक्त प्रभार भी संभालेंगे।

### किन प्रमुख बदलावों ...

स्वामित्व से जुड़े नियमों को सुगम बनाया जाएगा। हालांकि, सुरक्षा और वित्तीय मानकों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। मौजूदा नियमों के तहत एयरपोर्ट चलाने वाली कंपनियां एयरलाइन नहीं चला सकतीं। सरकार इस नियम में ढील देने पर विचार कर रही है, जिससे अडानी एयरपोर्ट्स और जीएमआर जैसे बड़े एयरपोर्ट ऑपरेटरों को अपनी एयरलाइन शुरू करने का मौका मिल सकता है।

---

**अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान**
(लोक सेवा प्रबंधन विभाग, मध्यप्रदेश शासन)
कार्यालय- सुशासन भवन, भदभदा चौराहा, टी.टी. नगर, भोपाल-462003 (म.प्र.), दूरभाष :+91-755-2770765, 2770538, 2770761
ई-मेल : aiggpa@aiggpa.mp.gov.in, वेब. : www.aiggpa.mp.gov.in
No. AIGGPA-ADMN/STORE/2026/E-37176 भोपाल, दि. : 23.07.26

**ई-निविदा आमंत्रण की सूचना**

अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान में नियमित रूप से उपयोग में ली जाने वाली स्टेशनरी के वार्षिक दर निर्धारण किये जाने हेतु https://mptenders.gov.in पर ई-निविदा Tender ID : 2026_IGGPA_523361_1 के माध्यम से आमंत्रित की गई है। इच्छुक निविदाकार उपरोक्त पोर्टल के माध्यम से निर्धारित नियमों/शर्तो के तहत निविदा भरने की कार्यवाही कर सकते है। निविदा भरने की अंतिम तिथि 22.08.2026 निर्धारित है। किसी भी प्रकार का संशोधन/सुधार/परिवर्तन होने की सूचना https://mptenders.gov.in अथवा संस्थान की वेबसाइट <www.aiggpa.mp.gov.in> पर उपलब्ध रहेगी।

म.प्र. माध्यम/127139/2026 — मुख्य प्रबंधक (प्रशासन)

---

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र - 1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक, भोपाल

**आम सूचना**

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, शबरी नगर, रासलाखेड़ी, भोपाल में स्थित भूखण्ड क्रमांक ई.डब्ल्यू.एस. / ई- 364 मण्डल द्वारा (1) श्री खिलान सिंह यादव आत्मज श्री मालम सिंह यादव (2) श्रीमती प्रीती यादव पत्नी श्री खिलान सिंह यादव के नाम से हस्तांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन उप पंजीयक कार्यालय से दिनांक 28/05/2019 को एवं लीज नवीनीकरण दिनांक 09/06/2026 को पंजीकृत है। (1) श्री खिलान सिंह यादव आत्मज श्री मालम सिंह यादव (2) श्रीमती प्रीती यादव पत्नी श्री खिलान सिंह यादव द्वारा उक्त सम्पत्ति (1) श्री आशीष यादव आत्मज श्री भैयालाल (2) श्रीमती शुभी यादव पत्नी श्री आशीष यादव को विक्रय पत्र के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय पत्र दिनांक 17/07/2026 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता / विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र एवं विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति (1) श्री आशीष यादव आत्मज श्री भैयालाल (2) श्रीमती शुभी यादव पत्नी श्री आशीष यादव के नाम से हस्तांतरित करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति का हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1. भोपाल

---

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र - 1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक, भोपाल

**आम सूचना**

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, रूसल्ली, बैरसिया रोड, भोपाल में स्थित भूखण्ड क्रमांक ई.डब्ल्यू.एस.-315 मण्डल द्वारा श्री मोहम्मद अरबाज फैज आत्मज श्री फैज मोहम्मद फैज के नाम से हस्तांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 23/07/2024 को पंजीकृत है। श्री मोहम्मद अरबाज फैज आत्मज श्री फैज मोहम्मद फैज द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती समीना पत्नी श्री कल्लन को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 28/05/2025 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता / विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्रीमती समीना पत्नी श्री कल्लन के पक्ष से हस्तांतरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1. भोपाल

---

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र - 1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक, भोपाल

**आम सूचना**

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, नेहरू नगर, भोपाल (म.प्र.) में स्थित फ्लेट क्रमांक एल.आई.जी./एल.एफ.-- 02 (भू तल) मण्डल द्वारा श्रीमती तारा अग्रवाल पत्नी स्व. श्री सी. एम. अग्रवाल के नाम से आवंटित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 05/07/2016 को पंजीकृत किया गया है। श्रीमती तारा अग्रवाल का स्वर्गवास दिनांक 10/02/2025 को एवं उनके पति श्री सी. एम. अग्रवाल का स्वर्गवास दिनांक 20/09/2021 को हो गया है। आवेदक आवंटी के 1 पुत्र श्री सुनील अग्रवाल आत्मज स्व. श्री सी. एम. अग्रवाल द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति अपने नाम से नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है, उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति अपने नाम से नामांतरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी/ संस्था/वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1. भोपाल

---

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र - 1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक, भोपाल

**आम सूचना**

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, नेहरू नगर, भोपाल (म.प्र.) में स्थित शेड क्रमांक एस- 1199 मण्डल द्वारा श्रीमती मंजुला श्रीवास्तव पुत्री स्व. श्री विजय बहादुर श्रीवास्तव के नाम से आवंटित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 21/07/1993 को एवं लीज नवीनीकरण दिनांक 25/01/2024 को पंजीकृत किया गया है। उक्त सम्पत्ति की लीज समयावधि दिनांक 31/03/2043 तक वैध है। श्रीमती मंजुला श्रीवास्तव का स्वर्गवास दिनांक 12/08/2025 को हो गया है। आवंटी ने अपने जीवनकाल में उक्त सम्पत्ति का वसीयतनामा अपनी पुत्री श्रीमती विभा श्रीवास्तव के नाम से दिनांक 21/06/2025 को नोटरी के माध्यम से की गई है। आवेदक आवंटी के पुत्री श्रीमती विभा श्रीवास्तव पत्नी श्री नेपाल सिंह, पुत्री स्व. श्री विष्णुभगवान श्रीवास्तव द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, नोटरी वसीयतनामा की छायाप्रति एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति अपने नाम से नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है, उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति अपने नाम से नामांतरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1. भोपाल

---

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र - 1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक, भोपाल

**आम सूचना**

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, आर. एस. एस. मार्केट, शिवाजी नगर, भोपाल में स्थित फ्लेट क्रमांक एल.आई.जी./बी 17 प्रथम तल मण्डल द्वारा श्रीमती आशा राय पत्नी श्री चन्द्रहास राय के नाम से आवंटित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 11/10/1991 को एवं लीज नवीनीकरण दिनांक 03/06/2015 को पंजीकृत है। श्रीमती आशा राय पत्नी श्री चन्द्रहास राय द्वारा उक्त सम्पत्ति (1) श्री मनोहर पांचाल आत्मज श्री तोलाराम पांचाल (2) श्रीमती हेमलता पांचाल पत्नी श्री मनोहर पांचाल को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 20/02/2016 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता / विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति (1) श्री मनोहर पांचाल आत्मज श्री तोलाराम पांचाल (2) श्रीमती हेमलता पांचाल पत्नी श्री मनोहर पांचाल के पक्ष से हस्तांतरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1. भोपाल

---

**।। आम सूचना ।।**
**आवासीय भूखंड क्रं.-462,ग्राम-समरधा कलियासोत वार्ड क्रमांक-85, कोलार भोपाल म.प्र. के संबंध में**

मैं अपने पक्षकार की ओर से सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि मेरे पक्षकार श्रीमती सुमित्रा चौहान पत्नी श्री रमेश कुमार चौहान, आयु- वयस्क निवासी ग्राम-कुटनासिर, रायसेन, म.प्र. ने एक किता आवासीय भूखंड-462, खसरा क्रमांक-14 (पुराना खसरा 5/3), खसरा क्रमांक-14/2 (पुराना खसरा 05), खसरा क्रमांक-15 (पुराना खसरा 06), खसरा क्रमांक-06 (पुराना खसरा 04), खसरा क्रमांक-27 (पुराना खसरा 5/4), रकबा 1100 वर्गफिट अर्थात 102.23 वर्गमीटर, ईशान अँड स्टेट, ग्राम-समरधा कलियासोत पटवारी हल्का क्रमांक-26, विकास खंड फंदा, वार्ड क्रमांक-85, तहसील हुजूर, जिला-भोपाल, म.प्र. में स्थित है को श्रीमती प्रतिभा रघुवंशी पत्नी श्री धीरेन्द्र रघुवंशी, निवासी-पोस्ट कलमेशरा, तहसील सोहागपुर कलमेशरा, होशंगाबाद, म.प्र. से क्रय करने का अनुबंध किया है जो कि विक्रेता के स्वामित्व एवं आधिपत्य की सम्पति है जिसका विवरण उप- पंजीयक कर्यालय भोपाल में राजिस्टर्ड विक्रय पत्र द्वारा दिनांक-15.10.2025 को ई-पंजीयन क्रं.-MP43IGR16952025A100935826 पर इंद्राज है। यदि उपरोक्त वर्णित सम्पति मे किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय निकाय का स्वत्व अधिपत्य, हित, ऋण, बंधक सम्यक भार अथवा अन्य किसी भी प्रकार का विवाद हो तो वह अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेजो के साथ इस सूचना पत्र प्रकाशन के **07 दिवस** की अवधि के अंदर मुझे मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कर्यालय मे प्रस्तुत करें। उपरोक्त समयवधि निकल जाने के पश्चात किसी भी प्रकार का दावा या आपति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी।

भवदीय-
**विवेक सिंह एडवोकेट**
आफिस पता-प्लाट नं.-161 एफ-2/बी सेकेण्ड फ्लोर गोपाल भवन आईसीआई बैंक के सामने जोन-1,एम.पी.नगर भोपाल
मो. न.-7471125917





**JAWAHARLAL NEHRU COLLEGE**
Affiliated to Barkatullah University, Bhopal, Recognised by Govt. of M.P. & NCTE New Delhi)
DIRECT ADMISSION
QUALITY EDUCATION · AFFORDABLE FEES · A BETTER FUTURE
COURSES OFFERED (ESTD. 1999)
UNDERGRADUATE PROGRAMMES (UG)
• B.A. • B.Com. (Plain) • B.Com. (Computer Application) • B.B.A.
• B.C.A. • B.Sc. (Computer Science / IT) • B.Sc. PCM/CBZ
• B.Sc. Microbiology / Biotechnology
• B.Sc. Electronics/Environmental Science • B.Lib.I.Sc. • B.P.E.S.
POSTGRADUATE & DIPLOMA PROGRAMMES (PG)
• M.Sc. • Physics • Botany • Zoology • Microbiology • Biotechnology • Computer Science • Mathematics
• M.A. • English • Urdu • Political Science • Sociology • Economics
• M.Com. • M.Lib.I.Sc. • Chemistry • P.G.D.C.A.
• P.G. Diploma in Yogic Science
ADMISSION HELPLINE 7000306323
8889560478 | 9098276651 | 9826264575 | 8085377716
PROFESSIONAL COURSES CAMPUS D.El.Ed. B.Ed. B.P.Ed. M.P.Ed. M.Ed.
Mugalia Hat, Parwalia Sadak, Bhopal
Add.: 56-C, Shyamla Hills, Opp. Khushbu Park, Civil Lines, Bhopal
0755-2660949, 2661064 www.jncbpl.com jlnpgcollege_bhopal@yahoo.com

हरिभूमि
रनिंग क्लासीफाइड
उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आमसूचना आम/कोर्ट नोटिस

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी — **भोपाल बाजार**
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
सफल ईलाज का 40 वर्षो का अनुभव
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल


## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

## राशिफल

**मेष** — कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** — कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रुझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी, स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन** — अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी, संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

**सिंह** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

**कन्या** — नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला** — आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक** — वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे, वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।


**धनु** — रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

**मकर** — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपति के रखरखाव पर खर्चे बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

**मीन** — रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

## शब्द पहेली - 6296



बैंगलोर

**बाएँ से दाएँ**
1.फिल्म 'बॉबी' के निर्माता-निर्देशक -2,3
4.आश्चर्य, विलक्षणता-4
7.जीत, फतेह-2
8.आकाश रेखा, छोर-3
9.तल, पैंदा-2
10.थाती, धरोहर-4
11.मोटा आटा-2
13.सलाह, मशवरा-4
14.अन्य, वो, तिन-2
16.घर,गृह-3
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.नाम रखना-2,3
21.परामर्शदाता-5
24.सुनसान, नीरव-3
26.वन, जंगल-3
28.मिट्‌टी, रेत-2
29.चेतनाहीन-4
30.पराग कण-2
32.भयभीत होना-4
33.छोटी सवारी गाड़ी-2
35.फूलों का हार जो बालों में लगाते हैं,वेणी-3
36.द्वार,किवाड़-2
37.जनता की राय-4
38.नाटक लिखने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.मत, सलाह-2
2.करतब-4
3.वह जंगल जो संरक्षित हो-3,2
4.अनश्वर, चिरयुवा-3
5.लीन, मग्न-2
6.जलाऊ लकड़ी-4
7.रनिवास 3,2
10.मूर्ख (उर्दू-4)
12.बांया-2
15.आनंदित होना-4
17.शत्रुघ्न सिन्हा व रीना राय की फिल्म-3
18.योद्धा-4
20.अमिताभ के तिहरे रोल वाली फिल्म-3
22.मुआवजा-4
23.चित्रपट, फिल्मी दुनिया-3,2
25.राज वंश-2,3
26.काम, कार्य-4
27.मादा का विलोम-2
29.उपद्रव फैलाने वाला-4
31.दुनिया, जहान-3
34.क्रिकेट में बनते हैं-2
36.पंख, पराया-2

### शब्द पहेली- 6295 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | य | ज | क | ता | | | म | वा | ली | |
| स | म | | ल | | चा | ला | न | | ख | त |
| मा | | | प | ना | ह | | न | | | म |
| न | ज | रा | ना | | | म | | क | या | स |
| ता | | व | | ना | ला | य | क | | प | |
| | प्रा | ण | | म | | खा | | जा | न | |
| | रु | | आ | ज | मा | ना | | हि | | म |
| स | प | ना | | द | | | ब | ल | वा | न |
| र | | | स | | ल | की | र | | | भा |
| ल | व | | न | सी | ब | | सा | | दा | व |
| | ध | म | की | | | इ | त | मी | ना | न |

## सूडोकु नवताल - 6306

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6305 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |

## खबर संक्षेप

### बायर ने लांच किया कीटनाशक 'ट्रांस'

**नई दिल्ली।** बायर कंपनी ने कपास की फसल को रस चूसने वाले कीटों से बचाने के लिए अपने नए




कीटनाशक 'ट्रांस' को लांच किया है। कंपनी का दावा है कि यह उत्पाद माहू, जैसिड और सफेद मक्खी के निम्फ जैसे प्रमुख कीटों पर प्रभावी नियंत्रण प्रदान करेगा, जिससे फसल का स्वास्थ्य बेहतर होगा, उत्पादकता बढ़ेगी और किसानों की आय में सुधार होगा। कंपनी के मोहन बाबू ने कहा कि कीटों में बढ़ती प्रतिरोधक क्षमता को ध्यान में रखते हुए 'ट्रांस' विकसित किया गया है।

### माजा के 50 साल पूरे विशेष डाक कवर जारी



**नई दिल्ली।** भारत के लोकप्रिय फ्रूट ड्रिंक ब्रांड माजा ने भारतीय आम का स्वाद उपभोक्ताओं तक पहुंचाने के 50 वर्ष पूरे कर लिए हैं। इस अवसर पर नेशनल मैंगो डे के मौके पर कोका-कोला इंडिया और भारत सरकार के डाक विभाग ने माजा की स्वर्ण जयंती के उपलक्ष्य में एक विशेष डाक लिफाफा जारी किया। कार्यक्रम में आम उत्पादक किसानों को भी सम्मानित किया गया, विशेष डाक कवर का विमोचन केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने किया।

### स्वास्थ्य के लिए लाभकारी डाबर हनिटस कफ सिरप


**नई दिल्ली।** बदलते मौसम, बढ़ते प्रदूषण और मौसमी संक्रमणों के कारण श्वसन संबंधी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसे में आयुर्वेदाचार्यों का कहना है कि हर्बल कफ सिरप न केवल खांसी के लक्षणों को कम




करने में मदद करते हैं, बल्कि श्वसन तंत्र के समग्र स्वास्थ्य को भी समर्थन देते हैं। आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ. सुजाता चौधरी के अनुसार डाबर हनिटस जैसे आयुर्वेदिक कफ सिरप में कई पारंपरिक जड़ी-बूटियों का संयोजन होता है, जिन्हें श्वसन स्वास्थ्य के लिए लाभकारी माना जाता है। उन्होंने कहा कि तुलसी और मुलेठी गले को आराम पहुंचाने में सहायक हैं, जबकि वासा और कंटकारी श्वसन तंत्र को बेहतर बनाने में मदद करती हैं।

### गैलेक्सी जेड फोल्ड8 अल्ट्रा फोल्ड8 और फ्लिप8 पेश

**गुरुग्राम।** सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने अपनी आठवीं पीढ़ी की फोल्डेबल स्मार्टफोन सीरीज़ लॉन्च करते हुए गैलेक्सी जेड फोल्ड8 अल्ट्रा, फोल्ड8 और गैलेक्सी जेड फ्लिप8 को पेश किया है। कंपनी का कहना है कि नया लाइनअप अलग-अलग



उपयोगकर्ताओं की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है, ताकि वे बेहतर उत्पादकता, रचनात्मकता और कनेक्टिविटी का अनुभव प्राप्त कर सकें। सैमसंग के अनुसार, नई गैलेक्सी जेड सीरीज फोल्डेबल स्मार्टफोन की दुनिया में एक नया अध्याय शुरू करती है। इसमें बड़े डिस्प्ले, कवर स्क्रीन और फ्लेक्सिबल डिजाइन के साथ ऐसे फीचर्स दिए गए हैं।

### वैश्विक उद्यमी के रूप में संदेश ने पहचान बनाई

**भोपाल।** मध्य प्रदेश से निकलकर अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी तक अपनी पहचान बनाने वाले संदेश शारदा की संघर्ष,



दूरदृष्टि और नवाचार का अद्भुत उदाहरण बने है। वर्ष 1994 में वे केवल एक एमबीए की डिग्री, एक सूटकेस और सफलता पाने के अटूट विश्वास के साथ अमेरिका पहुंचे। नई चुनौतियां और सीमित संसाधनों के बावजूद हर कठिनाई को अवसर में बदला और वैश्विक उद्यमी के रूप में अपनी अलग पहचान बनाई। इंटरनेट क्रांति के दौर में नौकरी की सुरक्षित राह छोड़कर उद्यमिता का रास्ता चुना।

## 25 और 26 जुलाई को होगा सेज एंट्रेंस एग्जाम, सत्र 2026-27 में प्रवेश के लिए परीक्षा अनिवार्य

# ग्लोबल रैंकिंग में सेज यूनिवर्सिटी का परचम, गुणवत्तापूर्ण और निजी विवि में अग्रणी स्थान, विद्यार्थियों की पहली पसंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उच्च शिक्षा के क्षेत्र में मध्य प्रदेश का अग्रणी संस्थान सेज यूनिवर्सिटी भोपाल एवं इंदौर लगातार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान मजबूत कर रहा है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, उद्योग आधारित पाठ्यक्रम, शोध, नवाचार और आधुनिक शिक्षण प्रणाली के चलते विश्वविद्यालय विद्यार्थियों की पहली पसंद बनकर उभर रहा है। सत्र 2026-27 में प्रवेश के लिए सेज यूनिवर्सिटी में सेज एंट्रेंस एग्जाम पास करना अनिवार्य होगा। प्रवेश परीक्षा का आयोजन 25 और 26 जुलाई को किया जाएगा। परीक्षा से संबंधित विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध कराई गई है।

सेज यूनिवर्सिटी इंदौर ने अपने पहले ही मूल्यांकन चक्र में एनएएसी ए प्लस ग्रेड प्राप्त कर मध्य प्रदेश की अग्रणी निजी विश्वविद्यालयों में स्थान बनाया है। वहीं क्यूएस यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स एशिय I2026 में विश्वविद्यालय को मध्य प्रदेश की नंबर-1 प्राइवेट यूनिवर्सिटी का स्थान मिला है और दक्षिण एशिया में इसे 478वीं रैंक प्राप्त हुई है। इसके अलावा विश्वविद्यालय ने टाइम्स हायर एजुकेशन सस्टेनेबिलिटी इम्पैक्ट रैंकिंग्स 2026 में भी उल्लेखनीय स्थान हासिल कर सतत विकास, सामाजिक जिम्मेदारी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता साबित की है।

**विवि को मप्र की नंबर-1 प्राइवेट यूनिवर्सिटी का स्थान मिला**

**विश्वविद्यालय का उद्देश्य जिम्मेदार युवाओं को तैयार करना**



सेज यूनिवर्सिटी

### विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर जोर

शिक्षा के साथ-साथ विश्वविद्यालय में स्टार्टअप कार्यक्रम, राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन, खेल, सांस्कृतिक गतिविधियां, हैकाथॉन, इनोवेशन प्रतियोगिताएं और विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित किए जाते हैं, जिससे विद्यार्थियों का समग्र व्यक्तित्व विकास हो सके। सेज यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ. संजीव अग्रवाल ने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि ऐसे सक्षम, नवाचारी और सामाजिक रूप से जिम्मेदार युवाओं को तैयार करना है, जो वैश्विक स्तर पर नेतृत्व कर सकें।

### एनईपी -2020 के अनुरूप आधुनिक शिक्षा प्रणाली

नई शिक्षा नीति (एनईपी-2020) के अनुरूप सेज यूनिवर्सिटी में एआई-युक्त लर्निंग, अनुभव-आधारित लर्निंग, प्रोजेक्ट-आधारित लर्निंग और इंडस्ट्री-इंटीग्रेटेड करिकुलमको लागू किया गया है। विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने के लिएएप्पल, गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, एनवीडिया, मित्सुबिशी रोबोटिक्स और एनएबीएल जैसी प्रयोगशाला के सहयोग से सेंटर ऑफ एक्सीलेंस लैब्स विकसित किए गए हैं। विश्वविद्यालय में एमएसएमई इनक्यूबेशन सेंटर, इनोवेशन और स्टार्टअप इकोसिस्टम और एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम के माध्यम से विद्यार्थियों को स्टार्टअप और नवाचार के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

### 60 हजार से अधिक एलुमनाई, 45 हजार से ज्यादा प्लेसमेंट

सेज यूनिवर्सिटी की उपलब्धियां केवल रैंकिंग तक सीमित नहीं हैं। विश्वविद्यालय के अनुसार, अब तक यहां से 60,000 से अधिक विद्यार्थी सफल एलुमनाई के रूप में जुड़े हैं, जबकि 45,000 से अधिक प्लेसमेंट दर्ज किए गए हैं। विश्वविद्यालय ने बताया कि यहां के विद्यार्थियों को 30 लाख रुपये वार्षिक से अधिक का उच्चतम पैकेज, 1,700 से अधिक शोध प्रकाशन, 250 से अधिक पेटेंट, 350 से ज्यादा पीएचडी योग्य फैकल्टी और 150 से अधिक राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक एवं औद्योगिक एमओयू का लाभ मिल रहा है।

## लाइटों की क्षमता, रंग और बीम पैटर्न के लिए सख्त नियम बनाया जाए

# वाहनों में एलईडी बल्ब पर लोगों की आपत्ति, सरकार से नियंत्रण की मांग

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

वाहनों में लगाए जा रहे अत्यधिक तेज एलईडी बल्ब और हाई बीम लाइट को लेकर लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। वाहन चालकों और आम नागरिकों का कहना है कि रात के समय सामने से आने वाले वाहनों की तेज रोशनी आंखों पर सीधा असर डालती है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। अतः सरकार से मांग की है कि तेज रोशनी वाले एलईडी बल्ब के बढ़ते इस्तेमाल को लेकर नियंत्रण नियमों बनाए।

वाहन चालकों का कहना है कि कई गाड़ियों में लगे अत्यधिक तेज एलईडी हेडलाइट्स रात के समय सामने से आने वाले वाहनों के चालकों के लिए खतरे का भी बन रहे हैं। इस संबंध समीर भार्गव का कहना है कि रात में सफर के दौरान तेज रोशनी आंखों पर सीधा प्रभाव डालती है, जिससे कुछ समय के लिए दिखाई देना कम हो जाता है और दुर्घटना की आशंका बढ़ सकती है। खासकर हाईवे और ग्रामीण

**रात में बढ़ती परेशानी को लेकर सरकार से नियम बनाने की अपील**



क्षेत्रों की सड़को पर यह समस्या अधिक महसूस की जा रही है। वाहन उपयोगकर्ता अशोक गुप्ता ने सरकार से अपील की है कि सभी प्रकार के वाहनों में इस्तेमाल होने वाले एलईडी बल्ब की रोशनी की क्षमता और दिशा को लेकर स्पष्ट नियम बनाए जाएं। उनका सुझाव है कि ऐसी व्यवस्था हो, जिससे सड़क सुरक्षा भी बनी रहे और वाहन चालकों को रात में परेशानी का सामना न करना पड़े। ट्रांसपोर्टर युवराज सिंह ने वाहनों में तेज रोशनी वाले एलईडी बल्ब और मॉडिफाइड हेडलाइट्स के बढ़ते इस्तेमाल को लेकर चिंता जताई है। उनका कहना है कि रात के समय सामने से आने वाले वाहनों की तेज रोशनी आंखों पर सीधा असर डालती है, जिससे कुछ समय के लिए दिखाई देना बंद हो जाता है और सड़क दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। वहीं कई वाहन चालकों का कहना है कि एलईडी लाइट का उपयोग गलत नहीं है, लेकिन इसकी तीव्रता और दिशा को नियंत्रित करना जरूरी है।

### बाजार में बिना मानक वाली कई एलईडी लाइट उपलब्ध

वाहन मालिकों का कहना है कि बाजार में बिना मानक वाली कई एलईडी लाइट आसानी से उपलब्ध हैं, जिन्हें लोग अपने वाहनों में लगवा लेते हैं। ऐसी लाइटों की बिक्री और उपयोग पर नियंत्रण होना चाहिए। मांग की जा रही है कि सरकार वाहन लाइटों की क्षमता, रंग और बीम पैटर्न के लिए सख्त नियम बनाए तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जाए। लोगों का कहना है कि सुरक्षित सफर के लिए आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल जरूरी है, लेकिन ऐसी तकनीक दूसरों के लिए परेशानी का कारण नहीं बननी चाहिए।

### सरकार मानक प्रमाणित एलईडी लाइट को ही अनुमति दे

वाहन चालकों और ट्रांसपोर्टरों का सुझाव है कि सरकार मानक प्रमाणित एलईडी लाइट को ही अनुमति दे और सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए समय-समय पर जांच अभियान चलाए। लोगों का कहना है कि आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल जरूरी है, लेकिन सुरक्षा मानकों का पालन भी उतना ही महत्वपूर्ण है। सरकार को इस विषय पर विशेषज्ञों की राय लेकर प्रभावी कदम उठाने चाहिए।

### कट्स इंटरनेशनल की रिपोर्ट: बाइक टैक्सी के लिए पूरे देश में एक समान नियम बनाने की मांग

**नई दिल्ली।** नीति अनुसंधान संस्था कट्स इंटरनेशनल ने बाइक टैक्सी सेवाओं के लिए देशभर में एक समान और तथ्य-आधारित नियामक ढांचा लागू करने की मांग की है। संस्था का कहना है कि इससे गिग वर्कर्स की आजीविका सुरक्षित होगी, यात्रियों की सुरक्षा बेहतर होगी और शहरी क्षेत्रों में किफायती फर्स्ट व लास्ट-माइल कनेक्टिविटी को बढ़ावा मिलेगा। एक तथ्य-आधारित मूल्यांकन और सुधार के सुझाए गए मार्ग शीर्षक वाली रिपोर्ट का विमोचन नई दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने किया।




रिपोर्ट के अनुसार, अलग-अलग राज्यों में बाइक टैक्सी को लेकर अलग-अलग नीतियां लागू हैं। कुछ राज्यों ने इन्हें अनुमति दी है, कुछ ने सशर्त मंजूरी दी है, जबकि कुछ राज्यों में प्रतिबंध या केवल इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को अनुमति जैसी व्यवस्थाएं हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, बाइक टैक्सी का किराया औसतन 8 से 10 रुपए प्रति किलोमीटर है, जबकि ऑटो-रिक्शा का किराया 15 से 18 रुपए और टैक्सी का 22 से 25 रुपए प्रति किलोमीटर तक होता है। उद्योग के अनुमानों के अनुसार बाइक टैक्सी चालक परिचालन खर्च निकालने के बाद औसतन 25,000 से 30,000 रुपए प्रति माह की आय अर्जित कर सकते हैं।

## एयरटेल पेमेंट्स बैंक और सीएससी में करार

# ग्रामीण भारत में डिजिटल बैंकिंग को मिलेगा बढ़ावा



समझौता

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने देश में डिजिटल बैंकिंग और वित्तीय समावेशन को मजबूत करने के उद्देश्य से सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज़ इंडिया लिमिटेडके साथ साझेदारी की है। दोनों संस्थाओं के बीच इस संबंध में एक मैमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता कोलकाता में सीएससी के 17वें स्थापना दिवस के अवसर पर हुआ।

इस साझेदारी के तहत एयरटेल पेमेंट्स बैंक की बैंकिंग और डिजिटल भुगतान सेवाएं देशभर के 5.60 लाख से अधिक कॉमन सर्विस सेंटर पर उपलब्ध होंगी। इससे ग्रामीण और दूरदराज़ क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को औपचारिक बैंकिंग सेवाओं तक आसान पहुंच मिल सकेगी। समझौते के बाद ग्राहक सीएससी केंद्रों पर एयरटेल पेमेंट्स बैंक में बचत खाता खुलवा सकेंगे, सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए अपने खातों को लिंक करा सकेंगे और बिजली, पानी समेत अन्य उपयोगिता बिलों का भुगतान भी कर सकेंगे। इसका उद्देश्य डिजिटल वित्तीय सेवाओं का जमीनी स्तर तक विस्तार करना है। सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज़ इंडिया लिमिटेड के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट कृष्ण कुमार सिंह ने कहा कि संगठन ग्रामीण और वंचित क्षेत्रों तक आवश्यक सेवाएं पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि एयरटेल पेमेंट्स बैंक के साथ यह साझेदारी सुरक्षित, सुविधाजनक और सुलभ बैंकिंग एवं डिजिटल भुगतान सेवाओं को देश के हर नागरिक तक पहुंचाने में मदद करेगी तथा वित्तीय समावेशन और डिजिटल अर्थव्यवस्था को मजबूती देगी।

### साझेदारी बैंकिंग सेवा के मिशन के लिए महत्वपूर्ण कदम

एयरटेल पेमेंट्स बैंक के चीफ सेल्स एवं डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर प्रणव कौशल ने कहा कि यह साझेदारी प्रत्येक नागरिक तक उसके निकट बैंकिंग सेवाएं पहुंचाने के मिशन में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि सीएससीके व्यापक नेटवर्क और एयरटेल पेमेंट्स बैंक की डिजिटल बैंकिंग क्षमताओं के माध्यम से लाखों लोगों तक बैंकिंग और डिजिटल बिल भुगतान सेवाएं पहुंचाई जाएंगी।

## बिजनेस न्यूज

### नीट-यूजी 2026 में एलन भोपाल के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

**भोपाल।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा घोषित नीट-यूजी 2026 के परिणामों में एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट, भोपाल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। संस्थान के कई छात्रों ने बेहतरीन रैंक हासिल कर देश के प्रतिष्ठित सरकारी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस




प्रवेश की दिशा में अपनी मजबूत दावेदारी पेश की है। एलन भोपाल के एकेडमिक हेड ऋषिकेश शर्मा ने बताया कि विद्यार्थियों की यह सफलता उनके निरंतर परिश्रम, अभिभावकों के सहयोग, अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन और एलन की वैज्ञानिक एवं परिणाम आधारित शिक्षण प्रणाली का परिणाम है। उन्होंने कहा कि संस्थान के विद्यार्थियों ने कठिन प्रतिस्पर्धा के बीच बेहतर प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा साबित की है। इस उपलब्धि से न केवल छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ा है, बल्कि मेडिकल शिक्षा के क्षेत्र में उनके उज्ज्वल भविष्य की राह भी मजबूत हुई है। इस वर्ष एलन भोपाल के सफल विद्यार्थियों में श्रेयांश जेना, रिया कुमारी, सिद्धांत थापक, नव्या सिंह, मुकुल किरार, अनिका पाटीदार, आर्यन चौधरी, अविजीत छितावर, प्रज्ञा सिंह, डॉली शर्मा, आरना सक्सेना, जसवंत विश्वकर्मा और आयुष भट्ट सहित कई छात्रों ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। वहीं, राष्ट्रीय स्तर पर भी एलन का प्रदर्शन प्रभावशाली रहा है। नीट-यूजी 2026 की टॉप-10 रैंक में एलन कोटा के पांच विद्यार्थियों ने स्थान बनाया है।

### यूपीआई आधारित डिजिटल भुगतान भारत में तेजी से बढ़ रहा

**भोपाल।** भारत में यूपीआई आधारित डिजिटल भुगतान तेजी से बढ़ रहा है और अब यह केवल भुगतान का माध्यम नहीं, बल्कि बेहतर रिवॉर्ड्स और कैशबैक के आधार पर एप चुनने का प्रमुख कारण बनता जा रहा है। एम्पावर इंडिया की ओर से कराए गए प्राथमिक एवं द्वितीयक शोध, जिसमें कांतार का अध्ययन भी शामिल है के अनुसार 89 फीसदी यूपीआई उपयोगकर्ता भुगतान एप चुनते समय रिवॉर्ड्स और कैशबैक को महत्वपूर्ण मानते हैं। एम्पावर इंडिया के डायरेक्टर जनरल के. गिरी ने कहा कि रिपोर्ट के अनुसार फोनपे और गूगल पे ने भरोसे और सुरक्षा के मामले में अच्छा प्रदर्शन किया, जबकि पेटीएम उपयोग में आसानी के मामले में आगे रहा। रिवॉर्ड्स रिडीम करने की सुविधा में फोनपे और अमेजन पे दोनों को 68 फीसदी तथा गूगल पे को 70 फीसदी अंक मिले। अध्ययन का निष्कर्ष है कि भारत का यूपीआई इकोसिस्टम अब ऐसे दौर में पहुंच चुका है, जहां तेज़, सुरक्षित और भरोसेमंद भुगतान सेवाएं सामान्य अपेक्षा बन चुकी हैं।

### यूको बैंक का कारोबार 15.53 फीसदी बढ़कर 6.05 लाख करोड़ रु. के पार



**नई दिल्ली।** यूको बैंक ने वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में मजबूत वित्तीय प्रदर्शन दर्ज किया है। 30 जून 2026 तक बैंक का कुल कारोबार 15.53 प्रतिशत की वृद्धि के साथ बढ़कर 6,05,083 करोड़ रुपए हो गया है। बैंक के अनुसार, इस अवधि में सकल अग्रिमों में 21.18 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई और यह बढ़कर 2,72,768 करोड़ रुपए हो गया। वहीं, कुल जमा राशि में 11.28 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई और यह 3,32,315 करोड़ रुपए पर पहुंच गई। यूको बैंक की कासा जमा में भी मजबूत वृद्धि दर्ज की गई। कासा जमा 12.34 प्रतिशत बढ़कर 1,16,136 करोड़ रुपए रही, जबकि कासा अनुपात बढ़कर 36.94 प्रतिशत हो गया।

### एक्सिस बैंक-आईआईएस की पहल से 4 खिलाड़ी कॉमनवेल्थ के लिए क्वालिफाई

**नई दिल्ली।** एक्सिस बैंक और इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स की साझेदारी में संचालित जूडो डेवलपमेंट प्रोग्राम भारतीय खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिला रहा है। अब तक 500 से अधिक खिलाड़ियों को सहयोग देने वाले इस कार्यक्रम के तहत चार महिला जूडो खिलाड़ियों ने ग्लासगो में होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 के लिए क्वालिफाई किया है। क्वालिफाई करने वाली खिलाड़ियों में 57 किलोग्राम भार वर्ग की मध्य प्रदेश की यामिनी मौर्या, 63 किलोग्राम वर्ग की उत्तराखंड की उन्नति शर्मा, 70 किलोग्राम वर्ग की मणिपुर की तखेलंबम इनुंगनबी और 78 किलोग्राम वर्ग की पंजाब की इशरूप नारंग शामिल हैं।

**निर्देश: लंबित मामलों की पालन प्रतिवेदन रिपोर्ट मुख्यालय को भेजें**

# कर्मचारियों के समस्याओं के निराकरण के लिए मंडियों में आयोजित होंगे कैंप

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड के प्रबंध संचालक कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर प्रदेश की कृषि उपज मंडी समितियों में पदस्थ मंडी समिति सेवा के सेवकों की पदोन्नति, समयमान, वरिष्ठता और अन्य लंबित समस्याओं के निराकरण के लिए विशेष कैंप आयोजित करने के निर्देश और आदेश जारी किए हैं। बोर्ड द्वारा जारी आदेश के अनुसार, मंडी समिति स्तर पर आयोजित होने वाले इन कैंपों में कर्मचारियों की पदोन्नति, समयमान वेतनमान, वरिष्ठता निर्धारण, न्यायालयीन प्रकरणों, गोपनीय चरित्रावली (सीआर) और अन्य सेवा संबंधी मामलों का परीक्षण कर समाधान किया जाएगा।



आदेश में बताया गया है कि पूर्व में मंडी समिति सेवा के सेवकों की पदोन्नति से संबंधित जानकारी मांगी गई थी। इसके बाद अब सभी मंडी समितियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे लंबित मामलों का निराकरण निर्धारित समय-सीमा में करें और इसकी पालन प्रतिवेदन रिपोर्ट मुख्यालय को भेजें। मंडी समितियों को यह भी निर्देश दिए गए हैं कि कर्मचारियों की सेवा संबंधी समस्याओं की समीक्षा कर वरिष्ठता सूची तैयार की जाए तथा पात्र कर्मचारियों को नियमानुसार लाभ दिलाने की प्रक्रिया पूरी की जाए। मध्य प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि इन कैंपों का उद्देश्य कर्मचारियों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर त्वरित समाधान करना और सेवा संबंधी मामलों में पारदर्शिता एवं समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करना है। आदेश की प्रतिलिपि संयुक्त संचालक, क्षेत्रीय कार्यालयों, तकनीकी कार्यालयों, सचिव कृषि उपज मंडी समितियों सहित संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजी गई है।

## चार दिवसीय भारतीय व्यापार महोत्सव 12 अगस्त से

# मध्यप्रदेश की भागीदारी को लेकर व्यापारिक संगठन कैट प्रतिनिधिमंडल अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई से मिला

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भारतीय व्यापार महोत्सव 2026 में मध्य प्रदेश की प्रभावी सहभागिता को लेकर कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट), मध्य प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश शासन के अपर मुख्य सचिव एवं मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी अधिकारी नीरज मंडलोई से मुलाकात की।

बैठक में महोत्सव में राज्य की भागीदारी, उत्पादों के प्रदर्शन और व्यापारिक अवसरों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। कैट के प्रदेश अध्यक्ष सुनील अग्रवाल के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल में सुनील जैन '501', संदीप गोधा और भोपाल जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा प्रमुख रूप से शामिल रहे। बैठक के दौरान धर्मेंद्र शर्मा ने भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, इंडियन ट्रेड प्रमोशन ऑर्गेनाइजेशन और कैट के संयुक्त तत्वावधान में



आयोजित होने वाले भारतीय व्यापार महोत्सव 2026 की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह महोत्सव 12 से 15 अगस्त 2026 तक नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह भारत का पहला और सबसे बड़ा स्वदेशी व्यापार महोत्सव होगा, जिसमें देशभर के उद्योग, व्यापार, एमएसएमई, स्टार्टअप, ओडीओपी (एक जिला एक उत्पाद), जीआई उत्पाद, हस्तशिल्प और निवेश के अवसरों को एक बड़ा मंच मिलेगा। अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई ने महोत्सव की अवधारणा की सराहना करते हुए मध्य प्रदेश शासन की सहभागिता को लेकर सकारात्मक रुख व्यक्त किया। उन्होंने राज्य के विभिन्न विभागों के माध्यम से आयोजन में प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करने पर सहमति जताई। साथ ही, आयोजन समिति द्वारा आगामी चरण में विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिए जाने पर भी सकारात्मक सहमति बनी। कैट प्रतिनिधिमंडल ने विश्वास जताया कि मध्य प्रदेश सरकार की सहभागिता से प्रदेश के स्थानीय उत्पादों, उद्योगों, एमएसएमई इकाइयों, हस्तशिल्प, जनजातीय उत्पादों और निवेश संभावनाओं को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलेगी। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि भारतीय व्यापार महोत्सव 2026 प्रदेश के व्यापारियों और उद्यमियों के लिए नए बाजार, साझेदारी और निवेश के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण मंच साबित होगा।

## चिंतन

# पीएम की फास्ट ट्रैक कोर्ट की घोषणा सकारात्मक पहल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नीट पेपर लीक के आरोपियों के खिलाफ त्वरित सुनवाई के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट्स बनाए जाने और दोषी पाए जाने पर सख्त सजा देने की घोषणा करके संदेश दिया है कि सरकार परीक्षाओं की शुचिता बनाए रखने और छात्रों हितों के प्रति गंभीर है। इसके अलावा केंद्र सरकार ने गतिरोध तोड़ने के लिए प्रदर्शनकारी छात्रों को चार बार वार्ता का न्योता भेजा है। हालांकि प्रदर्शनकारियों की मांग है कि वे केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा के कार्यालय या आवास पर वार्ता के लिए नहीं जाएंगे। वे जंतर-मंतर पर ही मंत्री के साथ वार्ता करेंगे। मौके की नजाकत को देखते हुए छात्रों को भी नरम रुख अपनाते हुए वार्ता के प्रस्ताव को स्वीकार कर आगे बढ़ना चाहिए। यदि दोनों पक्ष सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ आगे आएं तो सभी मुद्दों का समाधान निकल सकता है। सामान्य न्यायिक प्रक्रिया में ऐसे मामलों का वर्षों तक लंबित रहना न केवल न्याय में देरी का कारण बनता है, बल्कि अपराधियों के मनोबल को भी बढ़ाता है। यदि विशेष अदालतों के माध्यम से समयबद्ध सुनवाई सुनिश्चित होती है और दोषियों को कठोर दंड मिलता है तो यह भविष्य में ऐसे अपराधों पर अंकुश लगाने में प्रभावी साबित हो सकता है। साथ ही परीक्षा माफिया और संगठित गिरोहों को स्पष्ट संदेश जाएगा कि युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने की कोई भी कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हालांकि केवल सजा की व्यवस्था ही पर्याप्त नहीं होगी। परीक्षा प्रणाली को तकनीकी रूप से अधिक सुरक्षित बनाना, प्रश्नपत्रों के वितरण की निगरानी मजबूत करना और संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय करना भी उतना ही आवश्यक है। दूसरी ओर, आंदोलन कर रहे छात्रों की चिंताओं को भी गंभीरता से समझना होगा। लोकतंत्र में शांतिपूर्ण विरोध दर्ज कराना प्रत्येक नागरिक का अधिकार है। यदि छात्र अपनी मेहनत और भविष्य को लेकर सड़क पर उतरते हैं तो उनकी बात सुनी जानी चाहिए। सरकार द्वारा कई बार वार्ता का प्रस्ताव दिया जाना सकारात्मक संकेत है। अब छात्रों को भी संवाद का अवसर गंवाना नहीं चाहिए। बातचीत किसी भी विवाद का सबसे प्रभावी और लोकतांत्रिक माध्यम है। यदि वार्ता होती है तो केवल तत्काल मांगों पर ही नहीं, बल्कि भविष्य में परीक्षा सुधारों पर भी ठोस सहमति बन सकती है। इसके साथ ही आंदोलन को उसकी मूल भावना तक सीमित रखना भी आवश्यक है। किसी भी जन आंदोलन में समय के साथ विभिन्न राजनीतिक या अन्य हित समूह सक्रिय होने का प्रयास करते हैं। यदि आंदोलन का उद्देश्य छात्रों के अधिकार और परीक्षा सुधार हैं तो उसे उसी दिशा में केंद्रित रहना चाहिए। हिंसा, टकराव या सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने जैसी घटनाएं आंदोलन की नैतिक शक्ति को कमजोर करती हैं और वास्तविक मुद्दे पीछे छूट जाते हैं। पुलिसकर्मियों पर हमले या कानून व्यवस्था बिगाड़ने वाली घटनाएं किसी भी लोकतांत्रिक आंदोलन की भावना के अनुरूप नहीं कही जा सकतीं। यदि कहीं ऐसे तत्व सक्रिय हैं जो आंदोलन को भटकाने की कोशिश कर रहे हैं, तो छात्रों को स्वयं उनसे दूरी बनानी चाहिए। वहीं, विपक्ष को भी इस मुद्दे पर केवल राजनीतिक लाभ-हानि के बजाय रचनात्मक सुझाव देने चाहिए। युवाओं का भविष्य किसी भी दलगत राजनीति से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। कुल मिलाकर यह समय टकराव का नहीं, बल्कि विश्वास बहाली का है। फास्ट ट्रैक कोर्ट की घोषणा एक सकारात्मक पहल है, लेकिन इसकी सफलता प्रभावी क्रियान्वयन पर निर्भर करेगी।



मुद्दा
राज कुमार सिन्हा

# परीक्षा व्यवस्था और लोकतांत्रिक टकराव

> बार-बार परीक्षाओं के निरस्त होने, नियुक्तियों में देरी और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की कार्यप्रणाली पर उठते सवालों ने लाखों युवाओं के भविष्य को अनिश्चितता में डाल दिया है। हर रद्द हुई परीक्षा और हर प्रश्नपत्र लीक के पीछे वर्षों की मेहनत, परिवारों का आर्थिक निवेश, मानसिक तनाव और टूटते सपने जुड़े हुए हैं। यही कारण है कि यह आंदोलन केवल परीक्षा सुधार तक सीमित नहीं रहा, बल्कि युवाओं के रोजगार, महंगाई और भविष्य की सुरक्षा जैसे व्यापक प्रश्नों से भी जुड़ गया है। परीक्षा प्रणाली में सुधार की मांग को लेकर जंतर-मंतर पर आमरण अनशन कर रहे पर्यावरणविद् सोनम वांगचुक को पुलिस द्वारा अस्पताल ले जाने के बाद आंदोलन को राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक जनसमर्थन मिला।

भारत में शिक्षा और सार्वजनिक भर्ती परीक्षा प्रणाली को लेकर उपजा असंतोष अब एक व्यापक सामाजिक और राजनीतिक आंदोलन का रूप ले चुका है। पिछले लगभग एक महीने से हजारों छात्र-छात्राएं और युवा शांतिपूर्ण ढंग से आंदोलन कर रहे हैं। उनकी प्रमुख मांग है कि शिक्षा व्यवस्था और सार्वजनिक भर्ती एवं प्रतियोगी परीक्षा प्रणाली में गहराते संकट के लिए जवाबदेही तय की जाए तथा परीक्षा प्रक्रिया में पारदर्शिता और विश्वसनीयता बहाल की जाए। पिछले एक दशक में देशभर में केंद्रीय और राज्य स्तरीय परीक्षाओं के 90 से अधिक पेपर लीक होने के मामले सामने आए हैं, जिनसे लगभग 7.5 करोड़ अभ्यर्थी प्रभावित हुए हैं। इनमें नीट-यूजी, यूजीसी-नेट, एसएससी तथा विभिन्न राज्यों की पुलिस और शिक्षक भर्ती परीक्षाएं शामिल हैं। भारत की 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग की लगभग 34.5 से 37.1 करोड़ युवा आबादी, जो देश की कुल जनसंख्या का लगभग 27 प्रतिशत है, इस व्यवस्था से प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से जुड़ी हुई है।

बार-बार परीक्षाओं के निरस्त होने, नियुक्तियों में देरी और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की कार्यप्रणाली पर उठते सवालों ने लाखों युवाओं के भविष्य को अनिश्चितता में डाल दिया है। हर रद्द हुई परीक्षा और हर प्रश्नपत्र लीक के पीछे वर्षों की मेहनत, परिवारों का आर्थिक निवेश, मानसिक तनाव और टूटते सपने जुड़े हुए हैं। यही कारण है कि यह आंदोलन केवल परीक्षा सुधार तक सीमित नहीं रहा, बल्कि युवाओं के रोजगार, महंगाई और भविष्य की सुरक्षा जैसे व्यापक प्रश्नों से भी जुड़ गया है। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे और परीक्षा प्रणाली में सुधार की मांग को लेकर जंतर-मंतर पर तीन सप्ताह से आमरण अनशन कर रहे पर्यावरणविद् सोनम वांगचुक को पुलिस द्वारा अस्पताल ले जाने के बाद आंदोलन को राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक जनसमर्थन मिला। इसके बाद छात्रों ने संसद तक मार्च का आह्वान किया। दिल्ली, मुंबई, पटना, बेंगलुरु सहित अनेक शहरों में कैंडल मार्च, धरने और प्रदर्शन आयोजित किए जा रहे हैं। सिख समाज सहित अनेक सामाजिक संगठनों द्वारा प्रदर्शनकारियों के लिए भोजन की व्यवस्था की जा रही है। बड़ी संख्या में आम नागरिक भी भोजन और अन्य आवश्यक सामग्री भेजकर आंदोलन के प्रति अपनी एकजुटता व्यक्त कर रहे हैं। इस मानवीय सहयोग ने आंदोलन को सामाजिक संवेदना का भी स्वरूप प्रदान किया है। 20 जुलाई को संसद मार्च के दौरान दिल्ली पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच टकराव हुआ। पुलिस ने आंसू गैस, लाठीचार्ज तथा अन्य बल प्रयोग के माध्यम अपनाए। अनेक प्रदर्शनकारी और पुलिसकर्मी घायल हुए। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि उनके विरुद्ध अत्यधिक बल प्रयोग किया गया, जबकि पुलिस का कहना है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्रवाई की गई। आंदोलनकारियों ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ सादे कपड़ों में मौजूद लोगों ने प्रदर्शनकारियों पर हिंसा की तथा बैरिकेडिंग में करंट और कीलों वाली लाठियों का प्रयोग किया गया। पुलिस पर पैलेट गन के इस्तेमाल के भी आरोप लगाए गए हैं। इन आरोपों की स्वतंत्र जांच की मांग उठ रही है। सरकार ने जंतर-मंतर क्षेत्र में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए, कई



मेट्रो स्टेशनों को अस्थायी रूप से बंद किया तथा पूरे इलाके को सुरक्षा घेरे में बदल दिया। केंद्र सरकार ने जंतर-मंतर पर जारी प्रदर्शनों को संभालने के लिए 3000 अतिरिक्त सशस्त्र पुलिसकर्मी भेजे हैं। यह कदम दिल्ली पुलिस के अनुरोध पर उठाया गया है।

राजधानी के संवेदनशील हिस्सों जंतर-मंतर से संसद भवन तक खासतौर से इसके आसपास के इलाकों को पूरी तरह से छावनी में बदल दिया गया है। जमीनी घेराबंदी के अलावा दिल्ली की सुरक्षा को आधुनिक तकनीक से पूरी तरह से लैस किया गया है। इसके बावजूद अगले दिन भी बड़ी संख्या में छात्र आंदोलन स्थल पर पहुंचे और संघर्ष जारी रखने की घोषणा की है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी सहित अनेक विपक्षी नेताओं ने प्रदर्शनकारियों के समर्थन में प्रदर्शन किया और गिरफ्तार हुए। उद्धव ठाकरे, अखिलेश यादव, शरद पवार, सुप्रिया सुले, अरविंद केजरीवाल और संजय सिंह सहित कई नेताओं ने जंतर-मंतर पहुंचकर आंदोलन का समर्थन किया। संसद में भी विपक्ष ने पुलिस कार्रवाई का विरोध करते हुए गृह मंत्री अमित शाह और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग उठाई। एमनेस्टी इंटरनेशनल सहित कई मानवाधिकार संगठनों ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान बल प्रयोग पर चिंता व्यक्त की और लोकतांत्रिक अधिकारों के सम्मान की आवश्यकता पर बल दिया। भारतीय संविधान प्रत्येक नागरिक को शांतिपूर्ण और अहिंसक तरीके से अपनी बात रखने तथा धरना-प्रदर्शन करने का अधिकार देता है। आंदोलनकारी छात्रों का कहना है कि उनकी लड़ाई केवल किसी एक परीक्षा या भर्ती प्रक्रिया की नहीं, बल्कि पूरी शिक्षा एवं भर्ती व्यवस्था में पारदर्शिता, निष्पक्षता और जवाबदेही स्थापित करने की है। उनकी प्रमुख मांगों में परीक्षा प्रणाली में व्यापक सुधार, पेपर लीक मामलों में त्वरित एवं कठोर कार्रवाई, भर्ती प्रक्रियाओं की समयबद्धता, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी में जवाबदेही तय करना तथा शिक्षा व्यवस्था में जनता का विश्वास बहाल करना शामिल है। यह आंदोलन अब केवल परीक्षा सुधार का प्रश्न नहीं रह गया है, बल्कि युवाओं के भविष्य, रोजगार और शासन की जवाबदेही से जुड़ा राष्ट्रीय मुद्दा बन चुका है। यदि सरकार आंदोलनकारी छात्रों के साथ संवाद स्थापित कर उनकी मांगों पर ठोस और समयबद्ध निर्णय लेती है, तो स्थिति शांत हो सकती है और शिक्षा व्यवस्था में सुधार का रास्ता खुल सकता है। इसके विपरीत यदि केवल पुलिस बल और प्रशासनिक नियंत्रण के माध्यम से आंदोलन को दबाने का प्रयास जारी रहता है, तो युवाओं का असंतोष और व्यापक हो सकता है। ऐसी स्थिति में यह आंदोलन देशव्यापी छात्र-युवा अभियान का रूप लेकर विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक संगठनों को भी अपने साथ जोड़ सकता है। इससे संसद, न्यायपालिका और सरकार पर संस्थागत सुधारों का दबाव बढ़ने की संभावना है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में किसी भी संकट का सबसे प्रभावी समाधान संवाद, पारदर्शिता और जवाबदेही है। इसलिए आने वाले समय में सरकार और आंदोलनकारियों के बीच बातचीत, विश्वास बहाली और शिक्षा सुधारों पर ठोस पहल ही यह तय करेगी कि यह संघर्ष टकराव की दिशा में बढ़ता है या फिर भारतीय शिक्षा व्यवस्था में सकारात्मक परिवर्तन का आधार बनता है। उधर, संसद के मॉनसून सत्र का तीसरा दिन भी हंगामे के नाम रहा। पेपर लीक और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर बना राजनीतिक गतिरोध है। सरकार और विपक्ष, दोनों को टकराव छोड़कर संवाद का रास्ता तलाशना होगा।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

मंथन
डॉ. मोनिका शर्मा




# सांस्कृतिक जुड़ाव को बल दें भाषाएं

कोई भी भाषा केवल अभिव्यक्ति का माध्यम भर नहीं होती। देश, समाज या किसी समुदाय विशेष की परंपराओं और संस्कृति के अनगिनत रंग सहेजे होती है। भाषाएं समग्र रूप से देश की संस्कृति को अगली पीढ़ियों तक ले जाने का काम करती हैं। यही वजह है कि संस्कृति के इन रंगों को जीवन से जोड़े रखने और विरासत सहेजने के लिए भाषाओं को जीवन का हिस्सा बनाना जरूरी है। असल में भाषायी विविधता सोच और समझ के नए द्वार भी खोलती है। मानवीय भावनाओं को साझेपन का परिवेश बनाती है। यही वजह है कि किसी एक भाषा के विलुप्त होना उसके शब्दों का खत्म होना भर नहीं, बल्कि एक समाज विशेष के सदियों पुराने इतिहास, लोकगीत, उत्सव, रीति-रिवाज, लोक-साहित्य और जीवनयापन से जुड़े व्यावहारिक ज्ञान के खत्म होने जैसा है। विशेषकर मातृभाषा से दूर होना होना तो इंसान की मौलिक अभिव्यक्ति की सहजता और गहराई ही छीन लेता है। हाल ही में कोलकाता में राष्ट्रीय पुस्तकालय परिसर में 'म्यूजियम ऑफ वर्ड' यानि 'शब्द संग्रहालय का उद्घाटन करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि किसी भी देश की भाषा उसकी विरासत को संभालती है और उसकी संस्कृति को समझने का जरिया बनती है। इसीलिए अपनी मातृभाषा सीखने के साथ-साथ हर विद्यार्थी को कम से कम एक और भारतीय भाषा अवश्य सीखनी चाहिए, ताकि वे देश की सांस्कृतिक विविधता को और बेहतर तरीके से समझ सकें। यह विचार सकारात्मक और सराहनीय तो है ही, सांस्कृतिक विविधता के लिए दुनियाभर में मान पाने वाले हमारे देश की नई पीढ़ी को अपनी विरासत से जोड़ने वाला भी है। ज्ञात हो कि केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय पुस्तकालय द्वारा विकसित 'शब्दलोक' संग्रहालय भी भारत की समृद्ध भाषाई विरासत को ही समर्पित है। संग्रहालय में अत्याधुनिक तकनीक और संवादात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से देश की मौखिक और लिखित भाषाई परंपराओं के विकास की यात्रा को दर्शाया गया है। वस्तुतः, भाषाएं किसी भी देश की विरासत को आगे बढ़ाने सबसे सशक्त माध्यम होती हैं। बावजूद इसके हालिया बरसों में बच्चे न केवल अपनी मातृभाषा से दूर हो रहे हैं बल्कि दूसरी भाषाओं को सीखने में भी कम ही रुचि लेते हैं। आधुनिक जीवनशैली और डिजिटल होती दुनिया में अंग्रेजी के बढ़ते चलन के कारण बच्चे अपनी मातृभाषा और क्षेत्रीय भाषाओं को भूलते जा रहे हैं। हमारी सांस्कृतिक जड़ों को कमजोर करने वाले इस व्यवहार से कई भाषाएं विलुप्त होने के कगार पर हैं। घरों में भी अपनी मातृभाषा बोलने का चलन कम हुआ है। बहुत से युवा रोजगार के अवसरों को देखते हुए दूसरे देशों की भाषा सीख रहे हैं पर अपने ही क्षेत्र की भाषा भूल गए हैं। यह स्थिति न केवल उनकी सांस्कृतिक जड़ों को कमजोर करती है, बल्कि हमारी समृद्ध भाषाई विविधता को भी विलुप्त होने के कगार पर ला रही है। समझना कठिन नहीं कि अपनी भाषाएं न सीखने से मानवीय जीवन से जुड़ी कई अनमोल मौखिक परम्पराएं हमेशा के लिए समाप्त हो रही हैं। चिंतनीय है कि भारत की भाषाई विविधता को संरक्षित करने की बात हो सभ्यतागत पहचान को सुरक्षित रखने की, देश के सभी हिस्सों की भाषाएं ही आपसी जुड़ाव का पुल बनाकर सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का मार्ग दिखाती हैं। इस गठजोड़ को मजबूती देने के लिए परिवार की भूमिका भी अहम है। गृहमंत्री अमित शाह ने भी परिवार की भाषा ही पहली पाठशाला बनने की बात कही है। उन्होंने कहा कि मां की भाषा में ही बच्चे की पढ़ाई हो, विद्यालय और विश्वविद्यालय मौलिक चिंतन का केंद्र बनें, तभी हम सृजन में अपना योगदान दे सकते हैं। यह सचमुच चिंतनीय है कि बड़े शहरों में आकर बसने, दूसरे राज्यों में जाकर रहने या विदेश में जा बसने के कारण बहुत से भारतीय परिवारों का अपनी मूल मातृभाषा से संपर्क टूट जाता है। इसके चलते बच्चे अपनी जड़ों, लोक-संस्कृति, त्योहारों और पारंपरिक मूल्यों से भी दूर हो रहे हैं। इस सभ्यतागत संकट के बावजूद देश में 117 भाषाएं खतरे में हैं। बीते 50 वर्षों में 220 से अधिक भाषाएं अपना अस्तित्व खो चुकी हैं। कई भाषाएं ऐसी हैं जिन्हें बोलने वाले 10 हजार से भी कम लोग बचे हैं। यूनेस्को की ओर से जारी एटलस ऑफ वर्ल्ड लैंग्वेज इन डैंजर की रिपोर्ट के मुताबिक साल 1950 से अब तक पूरी दुनिया में सैकड़ों भाषाएं खत्म हो चुकी हैं। असल में भाषाएं सीखना और उन्हें बोलचाल का हिस्सा बनाना ही संवाद के इस माध्यम को सहेजने का एकमात्र रास्ता है। अपनी मातृभाषा के अलावा एक ओर भाषा सीखने का आह्वान भी इस मोर्चे पर बहुत मायने रखता है। इससे देश की संस्कृति को समझने में भी नई पीढ़ी की रुचि बढ़ेगी।

(लेखिका स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# भगवान विष्णु रहेंगे चार माह तक योग निद्रा में



संकलित
दर्शन

हिंदू धर्म में देवशयनी एकादशी का विशेष महत्व होता है। हर वर्ष आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी को देवशयनी एकादशी के नाम से जाना है। एकादशी पर भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की विशेष रूप से पूजा होती है। देवशयनी एकादशी पर भगवान विष्णु चार महीनों के लिए योग निद्रा में क्षीर सागर में चले जाते हैं। इन चार महीनों के दौरान भगवान शिव सृष्टि का संचालन करते हैं। इसके अलावा चार महीने यानी चातुर्मास के दौरान कई तरह के कार्य वर्जित होते हैं। वहीं इस दौरान कई तरह के कार्य करना शुभ माना जाता है। आइए जानते हैं क्या करें। हिंदू पंचांग के अनुसार, इस वर्ष देवशयनी एकादशी 25 जुलाई है और इस दिन के बाद भगवान विष्णु चार महीनों के लिए योग निद्रा में होते हैं, जो कार्तिक माह के देवउठनी एकादशी पर जागते हैं। ऐसे में इस दौरान चार महीनों तक भगवान विष्णु पूजा, जप, तप और दान करते हुए भगवान विष्णु का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। देवशयनी एकादशी भगवान विष्णु की उपासना के लिए अत्यंत शुभ मानी जाती है। इस दिन श्रद्धापूर्वक व्रत रखने और विधि-विधान से भगवान विष्णु की पूजा करने से जीवन में सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और धन-धान्य की प्राप्ति होती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस एकादशी का व्रत करने से व्यक्ति के पापों का क्षय होता है और उसे मोक्ष की प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त होता है।

# देह दानी राजा शिवि महाराज



संकलित
प्रेरणा

एक दिन राजा अपने दरबार में बैठे थे तभी एक कबूतर उड़ता हुआ उनकी गोद में आ गिरा और अपनी रक्षा के लिए प्रार्थना करने लगा कबूतर ने कहा - महाराज आपकी उदारता और शरणागत पर दया की चर्चा पशु-पक्षियों तक में होती है मैं भी आपके राज्य में निवास करने के कारण आपकी प्रजा और अभी आपका शरणागत हूं। मेरी रक्षा करें। शिवि ने कबूतर को निश्चिंत रहने का वचन दिया और कहा कि वह उसकी रक्षा हर हाल में करेंगे। राजा ने जैसे ही वचन दिया तभी वहां एक बाज आ पहुंचा और शिवि से कबूतर को वापस करने की मांग करने लगा। बाज ने कहा - महाराज यह कबूतर मेरा आहार है मैं अपने आहार का पीछा कर रहा था मैंने इस पर प्रहार भी किए है, आप मुझे मेरा आहार वापस करें। आपकी बड़ी कृपा होगी। राजा शिवि ने कहा - बाज यह तुम्हारा आहार रहा होगा किंतु अभी यह मेरा शरणागत है और मैंने इसको प्राण रक्षा का वचन दिया है। इसलिए मैं अपना वचन भंग नही कर सकता। बाज ने कहा - महाराज मैं भी आपके राज्य का रहने वाला पक्षी हूं। विधाता ने मुझे शिकार करके अपना पेट भरने की व्यवस्था दी है अगर आप कबूतर वापस नहीं करेंगे तो आपको मुझे भूखा रखने का पाप लगेगा। जो राजा अपनी प्रजा को किसी कारण कष्ट देता है या उसके आहार का हरण करता है उस राजा पर से देवों की कृपा समाप्त हो जाती है उसकी प्रजा को इसका दंड भोगना पड़ता है आप यह पाप न करें। शिवि ने कहा - तुम्हारी बातें सत्य है किंतु मैं वचनबद्ध हूं। शरणागत का अतीत मुझे ज्ञात नहीं था इसलिए मैंने इसकी रक्षा का भार लिया है।

## सटाका




## आज की पाती

### यातायात नियमों के पालन नहीं करने से बढ़ रही सड़क दुर्घटनाएं

देश में हररोज सैकड़ों सड़क दुर्घटनाएं हो रहीं है। इन दुर्घटनाओं में अक्सर चालक की मौत हो जाती है। तेज गति से वाहन चलाने से अनियंत्रित होकर गाड़िया डिवाइडर या सामने वाली गाड़ियों से भिड़ जाती है। जिसमें चालक सहित गाड़ी में बैठने वालो की मौत हो जाती है। यातायात नियमों का पालन नही किया जा रहा है। नशे में वाहन चलाने वालों की संख्या में 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। यह चोंकाने वाली बात है कि पढ़ा लिखा शिक्षित वर्ग भी इससे अछूता नही है। नेशनल हाइवे पर तेज गति वाहन चालक अनियंत्रित होकर गाड़िया सड़क के बाहर निकल जाती है या सामने वाले से भिड़ जाती है। उससे घटना स्थल पर मौत हो जाती है। यह दृश्य रोज देखने मिलता है। *– गीतांजलि, रेवाड़ी*

## ट्रेंड

### फास्ट ट्रैक कोर्ट



देश के युवाओं का हित हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। पेपर लीक के सभी मामलों में दोषियों को जल्द से जल्द कठोर दंड देने के लिए, केस के त्वरित निस्तारण के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट्स का गठन किया जाएगा।
- **नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

### चर्चा से भाग रहा विपक्ष



एनडीए सरकार युवाओं के भविष्य के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और चर्चा के लिए तैयार है लेकिन कांग्रेस, राहुल गांधी समेत पूरा विपक्ष चर्चा से भाग रहा है, क्योंकि वे जानते हैं कि जब वे बहस के लिए सदन में आएंगे, तो उनकी दोहरी नीति दुनिया के सामने उजागर हो जाएगी।
-**गजेंद्र सिंह शेखावत,** केंद्रीय संस्कृति मंत्री

### जौहर विश्वविद्यालय



दिल्ली में परीक्षा को लेकर आंदोलन चल रहा है और रामपुर में शिक्षा को लेकर। जौहर विश्वविद्यालय को बचाकर ही यहां के छात्रों का भविष्य सुरक्षित हो सकता है; इसी सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण के साथ हमारा प्रतिनिधिमंडल आज वहां पहुंचा है।
- **अखिलेश यादव,** सांसद, सपा

### बेहतर शिक्षा व्यवस्था



यह आंदोलन बहुत शांतिपूर्ण था; बहुत दुख की बात है कि इसने हिंसक रूप ले लिया। जो छात्र और उनके परिवार घायल हुए, उनके प्रति मेरी पूरी संवेदना है। मुझे यह देखकर खुशी है कि हमारे देश के बच्चे बेहतर शिक्षा व्यवस्था के लिए एकजुट हुए हैं।
- **सलमान खान,** फिल्म अभिनेता

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# ईरान बातचीत के लिए सीरियस नहीं, रूबियो ने कही बड़ी बात



अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने ईरान पर आरोप लगाया है कि उसने अमेरिका के साथ पिछले महीने हुई बातचीत में किए गए वादों को पूरा नहीं किया। मार्को रूबियो ने कहा कि ईरान बातचीत को लेकर सीरियस नहीं है और साथ ही वॉर्निंग दी कि अगर ईरान को मार्को रूबियो ने आगे कहा कि ईरान ने बातचीत के लिए प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष दोनों तरह के माध्यमों से अमेरिका से संपर्क किया था, लेकिन ईरान अपने वादों को पूरा करने में नाकाम रहा है। दूसरी तरफ, ईरान के युद्ध होर्मुज से निकलकर मेनडेब स्ट्रेट तक पहुंचता नजर आ रहा है। हूती विद्रोहियों ने इसके जरिए होने वाले सऊदी अरब के व्यापार को रोकने का ऐलान किया है। अभी समस्या यह है कि ईरान बातचीत के लिए सीरियस नहीं हैं। अगर वे सीरियस हैं, तो हम भी सीरियस हैं। अगर वे गंभीर नहीं हैं, तो हम खुद की और अपने सहयोगियों के हितों की सुरक्षा के लिए जो भी जरूरी होगा, वह करेंगे। मार्को रूबियो ने होर्मुज से गुजरने वाले ट्रैफिक पर कंट्रोल करने की ईरान की डिमांड की भी आलोचना की और कहा कि यह जलमार्ग एक इंटरनेशनल समुद्री रास्ता है जिसको खुला रहना चाहिए। रूबियो ने कहा, असल बात बहुत सीधी है।

## ऑफ बीट

# दिल के मरीजों के लिए संगीत है अच्छी दवा



भारत में 20 करोड़ लोग मानसिक रोग से ग्रस्त हैं, 5 करोड़ डिप्रेशन और इतने ही स्ट्रेस से परेशान हैं। ये तनाव दिल की बीमारी का बड़ा कारण है। द लांसेट की रिपोर्ट के मुताबिक लंबे समय तक और लगातार तनाव के बने रहने से ब्लड कोलेस्ट्रोल, ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर बढ़ता है। इससे हार्ट की बीमारी का खतरा बढ़ जाता है। हार्ट की मसल्स में ऑक्सीजन की आपूर्ति भी प्रभावित होती है। हार्ट की कार्यक्षमता प्रभावित होती है। जब भी आप तनाव में हों, मनपसंद संगीत सुनिए। संगीत मस्तिष्क में रासायनिक संतुलन को बदलता है। धमनियों को आराम देकर ब्लड वेसल्स की काम करने की क्षमता सुधारता है। परिश्रम के बाद हार्ट रेट और ब्लड प्रेशर को तेजी से बेस लाइन पर लौटाता है। चिंता को कम करता है। काम के दौरान लें छोटे ब्रेक– काम के दौरान स्ट्रेस होना बहुत आम है। विचारों को संतुलित करने, फोकस लाने के लिए काम के बीच हर एक घंटे में पांच मिनट का ब्रेक लें इससे तनाव कम होगा, प्रोडक्टिविटी बढ़ेगी हार्ट की कार्यक्षमता भी सुधरेगी। द अमेरिकन जर्नल ऑफ क्लिनिकल न्यूट्रीशन के अनुसार, प्रोसेस्ड और अल्ट्रा प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों में फैट नमक और चीनी ज्यादा होती है। इसे अधिक खाने की इच्छा भी होती है।

## भोपाल स्टेशन के पास चलती ट्रेन में खिड़की से हाथ डालकर बदमाश ने की वारदात

# सोमनाथ जबलपुर एक्सप्रेस में बुजुर्ग महिला यात्री के टॉप्स छीनकर भागा बदमाश, जीआरपी में केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के मुख्य रेलवे स्टेशन और आउटर पर झपटमार सक्रिय हैं। झपटमारों ने क्रमशः दो झपटमारी की वारदात को अंजाम दिया। एक वारदात में बदमाश बुजुर्ग महिला यात्री के कान के टॉप्स (झुमकी) छीनकर भाग गया, जबकि दूसरी वारदात में बदमाश ने एक युवक के हाथ से चांदी का ब्रेसलेट छीन लिया। जीआरपी ने झपटमारी का प्रकरण दर्ज कर झपटमार की तलाश शुरू कर दी है।

जीआरपी के अनुसार विनोदभाई साओ, इटारसी जंक्शन से अहमदाबाद जाने के लिए जबलपुर सोमनाथ एक्सप्रेस में एस-थ्री कोच में बैठे थे। उनका कोच में 1 से लेकर सीट नंबर 6 तक रिजर्वेशन था। उनकी मां 62 साल की रेखाबेन सीट नंबर 1 पर बैठी थीं। रात करीब 9 बजे ट्रेन भोपाल जंक्शन पर पहुंची। ट्रेन धीरे धीरे चल रही थी। इसी दौरान कोई अज्ञता बदमाश खिड़की से हाथ डालकर मां के कान के झुमकी छीनकर ले गया। ट्रेन चलने के कारण वह नीचे नहीं उतर सके। नीचे देखने पर पता चला कि झपटमारी करने वाला बदमाश करीब 25 से 30 साल के आसपास का है। वह मेहरून कलर की शर्ट और ब्लेक कलर का पेंट पहना था। विनोदभाई ने पुलिस को बताया झपटी गई झुमकी पुरानी है और करीब पचास हजार रुपए के आसपास की है।


फाइल फोटो

### हाथ से ब्रेसलेट छीनकर ले गया बदमाश

जबलपुर के घमापुर निवासी आदर्श साहू पिता यशवंत साहू (33) ने जीआरपी को शिकायत करते हुए बताया कि वह ओवरनाइट एक्सप्रेस में इंदौर से जबलपुर की यात्रा कर रहा था। यात्रा के दौरान उसकी नींद खुली और ट्रेन निशातपुरा आउटर से धीरे-धीरे चल रही थी। इसी बीच एक अज्ञात बदमाश ने उनके हाथ में पहना हुआ चांदी का ब्रेस्लेट जबरन हाथ से खींच लिया और चलती ट्रेन से कूदकर भाग निकला। झपटे गए ब्रेसलेट की कीमत करीब चार हजार रुपए के आसपास है। घटना रात करीब साढ़े 11 बजे के आसपास की है। आदर्श साहू ने घटना की शिकायत हेल्पलाइन नंबर 139 पर की। इसके बाद यात्रा पूरी करने के बाद जबलपुर पहुंचकर शिकायत की। वहां से केस डायरी मिलने के बाद भोपाल जीआरपी ने अज्ञात बदमाश पर झपटमारी का प्रकरण दर्ज कर लिया।

## फर्जी दस्तावेज से जमानत देने वाले दोषी को 3 साल की सजा

**भोपाल।** कृषि भूमि की जाली भू-अधिकार ऋण पुस्तिका, मतदाता परिचय पत्र, आधार कार्ड और जाली सील बनाकर जिला न्यायालय में प्रस्तुत कर आरोपियों की जमानत देने के अभियुक्त राजेन्द्र सिंह मीणा पिता बाबूलाल मीणा, आयु 42 वर्ष, निवासी-मीनाखेडी, बैरागढ़ चीचली, थाना कोलार रोड़, भोपाल को अपर सत्र न्यायाधीश जयंत शर्मा ने दोषी ठहराते हुए 3 वर्ष के सश्रम कारावास तथा 4500 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अपर सत्र न्यायाधीश ने मामाले के सहआरोपियों संजय श्रीवास्तव, नरेश उर्फ कालीचरण मेवाड़ा, गणेश मकवाना एवं आशिया बी को 17 नवंबर 2025 को सजा सुनाई थी।

### बड़ी संख्या में लोगों ने किए पौधरोपण

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर दी पुष्पांजलि


अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित कर संकल्प लेते लोग।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

अमर शहीद एवं महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर गुरुवार को औबेदुल्लागंज में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंडी परिसर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम भाजपा मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र नागर के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने पौधारोपण भी किया और देशभक्ति, त्याग, स्वाभिमान तथा राष्ट्रसेवा के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र नागर ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उनका अदम्य साहस, राष्ट्रप्रेम और बलिदान देशवासियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा।

उन्होंने कहा कि ऐसे महान क्रांतिकारियों के आदर्शों को आत्मसात कर ही राष्ट्र निर्माण में सार्थक योगदान दिया जा सकता है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने चंद्रशेखर आजाद के बताए मार्ग पर चलने और राष्ट्रहित में कार्य करने का संकल्प लिया। इस दौरान भाजपा नेता माधव यादव, रूपेश चौहान, गजेंद्र नागर, उमाशंकर गौर, रामेश्वर नागर, पवनजोत सिंह, कोमल चौहान, विनोद लोवंशी, इंग्लिश यादव, मनोज चौरसिया, माखन सेन, अरुण भावसार सहित मंडल पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### एल्डरमैन बनाए जाने पर आरती यादव का सम्मान

**औबेदुल्लागंज।** भोजपुर नारी शक्ति की सभी महिला सदस्यों ने राम सत्ता के समापन पर भोजपुर नारी शक्ति की अध्यक्ष आरती यादव को एल्डरमैन बनाए जाने पर सम्मान किया। इस अवसर पर अनीता पांडे, मल्होत्रा यादव, ममता यादव, पार्वती बाई, मीणा बाई, अनीता यादव, राज बाई, सुनीता सैनी, संगीता यादव, भगवती साहू, रानी राय, नीता कोतवाल, मोहनिया कुसुम शर्मा, निर्मला शर्मा, मोहन भाई लोधी, रुक्मणी यादव, कांति बाई, सुनीता साहू, कामिनी उपाध्यक्ष, कविता यादव, विमल यादव, मीना साहू आदि उपस्थित रहीं।

### 4.24 लाख स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को 5.78 करोड़ की बिल में छूट

**भोपाल।** विद्युत वितरण कंपनी ने जून माह में भोपाल शहर और ग्रामीण क्षेत्र के 4 लाख 24 हजार 504 स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को बिजली बिल में 5 करोड़ 78 लाख रुपए की छूट दी है। यह रियायत टाइम ऑफ डे योजना के तहत दी गई, जिसमें तय समय पर बिजली इस्तेमाल करने पर बिल में छूट मिलती है। कंपनी के अनुसार, घरेलू, गैर-घरेलू, सार्वजनिक जल कार्य, स्ट्रीट लाइट और औद्योगिक उपभोक्ताओं के लिए सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक का समय सोलर ऑवर तय किया गया है। इस दौरान बिजली उपयोग करने पर 10 किलोवाट तक के कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं को ऊर्जा प्रभार में 20 प्रतिशत तक की छूट मिलती है। यह छूट सरकारी सब्सिडी से अलग दी जाती है। कंपनी के प्रबंध संचालक ऋषि गर्ग ने कहा कि स्मार्ट मीटर से बिजली की सटीक रीडिंग, पारदर्शी बिलिंग और रियल-टाइम बिजली खपत की जानकारी मिलती है।

### हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित शांति नगर झुग्गी बस्ती का मामला

# कथित पत्नी की पीट-पीटकर हत्या, लाश के पास बैठा रहा हत्यारा, पुलिस ने किया अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित शांति नगर झुग्गी में एक युवक ने कथित पत्नी के साथ रातभर मारपीट की। हाथ, लात, घूंसों से हुई मारपीट में उसकी मौत हो गई। मौत के बाद हत्यारा लाश के पास बैठ गया। पड़ोसी जब उसकी झुग्गी में पहुंचे तो घटना की जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार लता बाई (45) झुग्गी शांति नगर, हबीबगंज में रहती थी। इसी इलाके में राम प्रसाद उर्फ बबलू अहिरवार रहता है। एक ही मोहल्ले में रहने के कारण दोनों ने औपचारिक शादी कर ली और साथ रहने लगे थे। दोनों कबाड़ा बीनते थे और शराब पीने के आदी थे। मंगलवार दोपहर करीब ढाई बजे लता बाई घर लौटी थी। वह शराब के नशे में थी। घर पर राम प्रसाद था और वह भी शराब के नशे में था। नशे में होने के कारण दोनों में विवाद होने लगा। विवाद बढ़ने पर आसपास के लोगों ने राम प्रसाद और लता बाई को विवाद न करने की हिदायत दी। इस पर रामप्रसाद भड़क गया और कहने लगा कि यह पति पत्नी का मामला है तुम अपने घर चले जाओ। दोनों में आए दिन विवाद होते थे। लिहाजा पड़ोसी अपने-अपने घर चले गए। इधर, दोनों में देर रात तक विवाद होता रहा और चिल्लाचोट की आवाज आती रही। बुधवार सुबह करीब छह बजे आवाज आना बंद हो गई। इस दौरान एक पड़ोसी ने झुग्गी में झांककर देखा तो लता बाई नीचे जमीन पर पड़ी थी, जबकि पास ही राम प्रसाद बैठा हुआ था।

**सुबह झुग्गी में पहुंचे पड़ोसियों से हत्यारा बोला- मर गई है लता**



### अक्सर होता था विवाद

पड़ोसी घर पहुंचे तो राम प्रसाद ने बताया कि लता मर गई है। इसके बाद पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने राम प्रसाद को गिरफ्तार कर लिया। लता की लाश पीएम के लिए मर्चूरी भेजी गई थी। पुलिस ने पड़ोसी की शिकायत पर आरोपी राम प्रसाद के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है। पड़ोसियों ने पुलिस को बताया कि लता और राम प्रसाद के बच्चे नहीं थे। दोनों आए दिन शराब के नशे में एक दूसरे से मारपीट करते थे। अक्सर विवाद होने के कारण वह पुलिस को विवाद की सूचना नहीं दे सके।

### निजी अस्पताल के वाहन चालक ने लगाई फांसी

**भोपाल।** मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित सौम्या हैरिटेज 11 मील पर रहने वाले एक वाहन चालक ने फांसी लगा ली। नजर पड़ते ही परिजन उसे फंदे से उतारकर अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस को उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई कि वह शराब पीने का आदी था। पुलिस के अनुसार नीलेश शर्मा पिता लक्ष्मीनारायण शर्मा (34) सौम्या हैरिटेज, ग्यारह मील बायपास मिसरोद में रहता था। वह दानिश नगर स्थित एक निजी अस्पताल की गाड़ी चलाता था। परिजन ने बताया कि नीलेश शराब पीने का आदी था। मंगलवार रात वह शराब के नशे में घर पहुंचा और देर रात कमरे में फांसी लगा ली। नजर पड़ते ही उसे फंदे से उतारकर एम्स लेकर पहुंचे थे, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर नीलेश को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने नीलेश का शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया था, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला है।

### रंजिश में बदमाश ने ऑटो चालक पर किया चाकू से जानलेवा हमला

पुरानी रंजिश के चलते एक बदमाश ने पूर्व परिचित पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। घटना तलैया थाना क्षेत्र स्थित बुधवारा चौराहे की है। बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात आमना-सामना होने पर विवाद हुआ और आरोपी चाकू से हमला कर फरार हो गया। फरियादी की पीठ व हाथों में गंभीर चोट आई हैं। पुलिस ने हत्या का प्रयास की धारा के तहत प्रकरण दर्ज कर फरार आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक डी-मार्ट के पास जहांगीराबाद निवासी सलमान खान (31) ऑटो चालक है। पूर्व में वह आरोपी अनस अंसारी के मकान में किराए से रहता था। उसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों के विवाद हो गया। तभी से उनके बीच रंजिश चल रही थी। बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात करीब साढ़े 12 बजे चौकी के पास बुधवारा चौराहे पर दोनों का आमना-सामना हो गया।

- बुधवारा चौराहे चौकी के पास की घटना, आरोपी फरार


शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती मनाते हुए लोग।

### 'एक कार्यकर्ता-एक पौधा' संकल्प के साथ रोपे पौधे

## शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर गूंजा राष्ट्रभक्ति का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

नगर में महान क्रांतिकारी अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर वार्ड 3 स्थित वेयरहाउस में 'एक कार्यकर्ता–एक पौधा' संकल्प के साथ पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जीवन सिंह पाल ने कहा कि अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के ऐसे महान क्रांतिकारी थे, जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया। उनका जीवन साहस, त्याग, राष्ट्रभक्ति और युवाओं के लिए प्रेरणा का प्रतीक है। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने लगाए गए पौधों की देखभाल का संकल्प लिया। कार्यक्रम के आयोजक सुनील खंबारा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### नशा व्यक्ति, परिवार और समाज-तीनों के लिए विनाशकारी: चौहान

## आईईएस यूनिवर्सिटी में नशे से दूरी है जरूरी जागरुकता व्याख्यान एवं रैली का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आईईएस यूनिवर्सिटी, भोपाल के डिपार्टमेंट ऑफ आयुर्वेदा एंड कम्युनिटी एवं आईईएस आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज द्वारा 'नशे से दूरी है जरूरी' विषय पर जागरुकता व्याख्यान एवं जनजागरण कार्यक्रम का आयोजन आईईएस कैंपस में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शैलेंद्र सिंह चौहान, एडीसीपी क्राइम भोपाल रहे। उन्होंने विद्यार्थियों एवं उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज-तीनों के लिए विनाशकारी है। युवाओं को नशे से दूर रहकर शिक्षा, स्वास्थ्य और राष्ट्र निर्माण की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से समाज में नशामुक्ति के संदेशवाहक बनने का आह्वान किया। इस अवसर पर आयुर्वेद विभाग के विद्यार्थियों ने नशे के दुष्प्रभावों पर आधारित जागरूकता रैली एवं जनसंपर्क अभियान चलाया।



### नशामुक्त जीवन अपनाने की शपथ दिलाई

रैली के माध्यम से लोगों को नशीले पदार्थों से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्परिणामों की जानकारी दी गई तथा स्वस्थ एवं नशामुक्त जीवन अपनाने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, चिकित्सक, विद्यार्थी एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अंत में आईईएस यूनिवर्सिटीके सीईओ देवंश सिंह ने शैलेंद्र सिंह चौहान का आभार व्यक्त करते हुए समाज में नशामुक्त भारत के निर्माण हेतु ऐसे जागरुकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित करने का संकल्प दोहराया।

**शुभांक**

| कल्याण: | 0549 | | |
|---|---|---|---|
| दिन: | 578 | 00 | 226 |
| रात: | 247 | 36 | 448 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 124 | 75 | 348 |
| रात: | 779 | 31 | 380 |

### हमीरी गांव में तीन माह पूर्व करेंट से हुई दो मजदूरों की मौत का मामला

## बालाजी कंस्ट्रक्शन कंपनी के मालिक, मैनेजर समेत तीन पर एफआईआर दर्ज, गिरफ्तारी के प्रयास जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

नगर पालिका अंतर्गत चल रहे 64 करोड़ के अमृत 2 योजना के तहत हमीरी गांव चल रहे वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण कार्य करते समय तीन माह पूर्व करेंट लगने से दो मजदूर की घटना स्थल मौत हो गई थी। आनन-फानन में ठेकेदार के कर्मचारियों द्वारा मृतकों को एम्स ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया था। थाना बागसेवनिया द्वारा जीरो मर्ग कायम कर विवेचना के लिए मंडीदीप थाने में डायरी भेज दी। मंडीदीप थाने के जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर अरविंद पांडे ने बताया कि लापरवाही पूर्ण कार्य करते हुए मज़दूर वकील कुमार लोधी, अनिल लोधी निवासी ललितपुर हाई टेंशन लाइन के करेंट के चपेट में आने से मौत हो गई, जिसमें निर्माण कंपनी बालाजी कंस्ट्रक्शन कंपनी दिल्ली के मालिक कौशल चौधरी, मैनेजर शैलेश सिंह और एक सुपरवाइजर शनि कमल पर धारा 106/1 पर मामला दर्ज किया है, लेकिन अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी।

### तीनों आरोपी फरार


निर्माणाधीन स्थल।

मामला दर्ज होने के बाद से ही तीनों आरोपी फरार चल रहे हैं, जिनकी गिरफ्तारी अभी तक नहीं की हुई है। तीनों आरोपी में एक आरोपी शनि कमल से हरिभूमि के संवाददाता ने बात की तो उन्होंने बताया कि ऐसा कोई मामला नहीं है, मुझे इसकी जानकारी नहीं है। एफआईआर को लेकर बताया कि उससे कुछ नहीं होता है।

### मैंने अभी पदभार संभाला है



मामला तीन माह पहले का है, मैने अभी पदभार संभाला है, क्या मामला है देख कर ही बता पाऊंगा। ऐसी घटना दुबारा घटित न हो इसको लेकर संबंधित ठेकेदार को आदेशित करूंगा।
सुधीर उपाध्याय,
**सीएमओ**, नगर पालिका मंडीदीप

### आरोपी की जल्द होगी गिरफ्तारी



हमीरी गांव में निर्माणाधीन वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में तीन माह पहले हुई दो मजदूर की मौत को लेकर मर्ग कायम कर लिया गया है, जिसमें तीन आरोपी हैं उनकी गिरफ्तारी जल्द की जाएगी।
रंजीत सराठे, थाना प्रभारी मंडीदीप


### अध्यक्ष और पार्षद के विवाद में अटका स्टेशन रोड का निर्माण कार्य

## औबेदुल्लागंज में सड़क के गड्ढों और जलभराव से रहवासी हो रहे परेशान, निर्माण कार्य जल्द शुरू कराने की मांग


सड़क पर भरा बारिश का पानी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर परिषद क्षेत्र में सड़क निर्माण और जल निकासी की समस्याओं को लेकर नागरिकों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। वार्ड क्रमांक-13 की स्टेशन रोड का निर्माण अध्यक्ष और पार्षद के बीच चल रहे विवाद के कारण लंबे समय से अटका हुआ है, जिससे स्थानीय लोगों और व्यापारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रहवासियों ने सीएमओ से जल्द कार्रवाई करने की मांग की है।


सड़क पर हुए बड़े गड्ढे।

क्षेत्र की महिलाओं ममता और अनीता सहित अन्य रहवासियों ने बताया कि सड़क पर फैले कंकड़-पत्थरों के कारण पैदल चलना मुश्किल हो गया है। बाइक सवार फिसलकर गिर रहे हैं और अब तक करीब एक दर्जन लोग घायल हो चुके हैं। महिलाओं ने जनप्रतिनिधियों से जल्द सड़क निर्माण कराने की मांग की है। स्थानीय नागरिक अनु सेठी, मनोज खत्री, राकेश तिवारी, संभव जैन, सुदामा तिवारी, दीपेंद्र नागर, शंकर सेठी, आमीन सहित अन्य लोगों ने बताया कि उन्होंने विधायक सुरेंद्र पटवा से भी सड़क निर्माण की मांग की थी। विधायक ने शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक काम शुरू नहीं हो सका है।

### कॉलोनी में जलभराव की समस्या गंभीर

इधर वार्ड-13 की पोस्ट ऑफिस गली में भी गहरे गड्ढों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। नागरिकों ने तत्काल गड्ढों की मरम्मत और सड़क पर डस्ट डलवाने की मांग की है। वहीं वार्ड क्रमांक-2 की विजय नगर कॉलोनी में जलभराव की समस्या गंभीर बनी हुई है। रहवासियों का कहना है कि पानी निकासी बाधित होने से सड़कों पर लंबे समय तक पानी भरा रहता है। इससे बच्चों को स्कूल जाने में परेशानी हो रही है और संक्रमण फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। नागरिकों ने नगर परिषद से सड़क निर्माण और जल निकासी व्यवस्था में तत्काल सुधार की मांग की है।

### आपसी मतभेदों के कारण कार्य प्रभावित

नगर परिषद उपाध्यक्ष नमिता बागिश अग्रवाल ने कहा कि यदि आपसी मतभेदों के कारण जनहित के कार्य प्रभावित हो रहे हैं तो मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) को नियमों के तहत हस्तक्षेप कर निर्माण कार्य शुरू कराना चाहिए। वहीं सीएमओ किरण रहांगडाले ने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर शासन को अवगत कराकर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## सिद्ध चक्र महामंडल विधान में 24 अर्घ्य समर्पित किए


विधान में हिस्सा लेते हुए श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर में अष्टानिका पर्व के तीसरे दिन अभिषेक शांति धारा के बाद विश्व शांति एवं सुख समृद्धि के लिए सिद्ध चक्र महामंडल विधान में 24 अर्घ्य समर्पित किए।

इस अवसर पर विधानाचार्य डॉ. मीना जैन, इंद्रा जैन, पूर्व पार्षद मीना जैन, संगीता जैन, प्रदीप शिरोमणि भंडारी, आशा रानी, पिंकी जैन वहीं दूसरी तरफ नंदीश्वर विधान मनोज, सुषमा, कविता जैन भक्ति भाव से अराधना कर रहे हैं। मुख्य रोड प्राचीन दिगंबर जैन मंदिर में अनुराग नीति जैन ने विश्व शांति के लिए अर्घ्य समर्पित किए। प्रातः काल शांति धारा में पवन रितेश, रवि जैन एवं मुकेश जैन, सुनील वर्धमान, संभव जैन आदि लोग शामिल हुए।



# करुणाधाम आश्रम में कथक नृत्य की मनभावन प्रस्तुतियों ने बांधा समा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

करुणाधाम आश्रम में गुरुवार को श्री महालक्ष्मी देवालय स्थापना महोत्सव के अवसर पर सुप्रसिद्ध नृत्यांगना क्षमा मालवीय एवं उनके सहयोगी कलाकारों द्वारा देवी की महिमा पर आधारित आकर्षक कथक नृत्य की प्रस्तुतियों देकर दर्शकों का दिल जीत लिया। नृत्यांगना ने काली स्तवन, दुर्गाचरितम तथा नर्मदा अष्टकम की भावपूर्ण कथक प्रस्तुतियों से दर्शकों का दिल जीत लिया।

## नृत्यांगना क्षमा मालवीय एवं उनके सहयोगियों ने दी प्रस्तुति



देवी की महिमा पर आधारित आकर्षक कथक नृत्य की प्रस्तुति देते कलाकार।

### आदिशक्ति मां काली को समर्पित 'काली स्तवन'

प्रस्तुति की शुरुआत 'काली स्तवन' से हुई, ताल मान्तिका में निबद्ध यह भक्तिमय कथक प्रस्तुति आदिशक्ति मां काली को समर्पित है। इस रचना में देवी के अदम्य पराक्रम, निर्भयता, करुणा तथा रक्षात्मक स्वरूप का कलात्मक निरूपण प्रस्तुत किया।

### धर्म की स्थापना की दिव्य गाथा को दर्शाती 'दुर्गाचरितम'

दुर्गाचरितम की प्रस्तुति के माध्यम से मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों-कोमलता, करुणा, उग्रता, शक्ति और विजय-का जीवंत मंचन किया। इस प्रस्तुति में कथक की लय, भाव और गतियों के माध्यम से महिषासुर सहित दैत्यों के संहार और धर्म की स्थापना की प्रस्तुति दी।



### आध्यात्मिक विरासत का उत्सव बनी 'नर्मदा अष्टकम'

अंतिम प्रस्तुति 'नर्मदा अष्टकम' के माध्यम से मां नर्मदा की पावनता, जीवनदायिनी स्वरूप और आध्यात्मिक महिमा को कथक शैली में साकार किया गया। भावपूर्ण अभिनय, सौम्य गतियों और सशक्त पद-संचालन से सुसज्जित यह प्रस्तुति भारतीय सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विरासत का उत्सव बनी।

---

## तीन शैलियां, एक आत्मा: प्रशासनिक अकादमी में 'लास्य त्रिवेणी' की अविस्मरणीय संध्या

# तीन शास्त्रीय नृत्य धाराओं का अद्भुत संगम बना 'लास्य त्रिवेणी'





हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

प्रशासनिक अकादमी में 125वें आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित 'लास्य त्रिवेणी' की सांस्कृतिक संध्या में भारतीय शास्त्रीय नृत्य की विविध रंगों का समावेश नजर आया। एक अविस्मरणीय प्रस्तुति के रूप में सजी इस शाम में श्रीयालयम नाट्यश्री अकादमी ऑफ क्लासिकल आर्ट्स के कलाकारों ने भरतनाट्यम, मोहिनीअट्टम और कुचिपुड़ी की मनोहारी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया।

भरतनाट्यम, मोहिनीअट्टम और कुचिपुड़ी की मनोहारी प्रस्तुतियों ने बांधा समां





### भरतनाट्यम शैली में हनुमान चालीसा की प्रस्तुति रही खास

कार्यक्रम की अगली प्रस्तुति हनुमान चालीसा रही, जिसे भरतनाट्यम शैली में अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। शक्ति, सेवा, समर्पण और भक्ति के प्रतीक हनुमान के चरित्र को कलाकारों ने सशक्त नृत्याभिनय के माध्यम से मंच पर जीवंत कर दिया। दर्शकों ने प्रस्तुति का भरपूर आनंद लिया और कलाकारों का तालियों से उत्साहवर्धन किया।



### कुचिपुड़ी में 'तरंगम' तो मोहिनीअट्टम में प्रस्तुत की 'गणेश वंदना'

कार्यक्रम का शुभारंभ मोहिनीअट्टम शैली में प्रस्तुत गणेश स्तुति से हुआ। राग चक्रवाक और आदि ताल में निबद्ध इस प्रस्तुति ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इसके पश्चात कुचिपुड़ी की लोकप्रिय रचना 'तरंगम' में कलाकारों ने भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का जीवंत एवं आकर्षक चित्रण प्रस्तुत किया। मोहिनीअट्टम में प्रस्तुत राम स्तुति ने भगवान श्रीराम के जीवन के विभिन्न प्रसंगों को भावपूर्ण अभिनय और नृत्य के माध्यम से साकार किया।



### तिल्लाना' में नजर आईं तीनों नृत्य शैलियां

संध्या का भव्य समापन 'तिल्लाना' से हुआ, जिसमें भरतनाट्यम, मोहिनीअट्टम और कुचिपुड़ी, तीनों शास्त्रीय नृत्य शैलियों का अद्भुत संगम देखने को मिला। इसी संगम को कार्यक्रम का शीर्षक 'लास्य त्रिवेणी' सार्थक करता है। जहां 'लास्य' भारतीय नृत्य परंपरा की कोमल, सौम्य और भावप्रधान अभिव्यक्ति का प्रतीक है, जबकि 'त्रिवेणी' तीन धाराओं के पावन संगम का बोध कराती है।

---

# तनाव प्रेशर कुकर की तरह, समय पर उसकी सीटी बजना जरूरी है...

'रवींद्र भवन में आए मोटिवेशनल स्पीकर गौर गोपाल दास से हरिभूमि की खास बातचीत'

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल



हरिभूमि चर्चा

तनाव की तुलना प्रेशर कुकर की तरह हैं जैसे प्रेशर कुकर की सी टी समय-समय पर बजना जरूरी होती है, वैसे ही मन के भीतर जमा तनाव को भी समय रहते बाहर निकलना चाहिए।

यदि ऐसा नहीं होता, तो एक समय के बाद उसका विस्फोट हो सकता है... यह कहना है प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर और आध्यात्मिक चिंतक गौर गोपाल दास का। जो गुरुवार को रवींद्र भवन में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने आए और हरिभूमि से खास बातचीत के दौरान उन्होंने तनाव मुक्त रहने के साथ स्वस्थ रिश्तों की नींव की बात कही।

### तनावमुक्त रहने के बताए तीन सरल सूत्र

उन्होंने कहा कि स्वस्थ रिश्तों की नींव संवाद पर टिकी होती है और मन की बात को भीतर दबाकर रखने के बजाय उसे किसी भरोसेमंद व्यक्ति से साझा करना चाहिए। उन्होंने तनावमुक्त रहने के तीन सरल सूत्र बताए, इनमें पहला, अपनी भावनाओं या मन की बात किसी प्रियजन या विश्वसनीय साथी से साझा करें। यदि ऐसा संभव न हो, तो अपनी बात को लिखें और यदि यह भी संभव न हो, तो अपनी भावनाएं ईश्वर के चरणों में समर्पित कर दें।

### अच्छी चीजें केवल अपने तक न रखें, उन्हें दूसरों तक भी पहुंचाएं

जीवन को सहज सरल ढंग से बयां करने के सवाल पर उन्होंने कहा कि जैसे हम किसी अच्छे रेस्तरां में भोजन करने या कोई अच्छी फिल्म देखने के बाद अपने प्रियजनों को उसकी सिफारिश करते हैं, उसी तरह यदि जीवन में हमें कोई ऐसा विचार, अनुभव या मार्ग मिलता है, जिससे हमारा भला हुआ हो, तो उसे दूसरों तक भी जरूर पहुंचाना चाहिए। उन्होंने कहा, जीवन का वास्तविक आनंद तभी है, जब हमारी सीख और हमारे अनुभव किसी और के भी काम आए।

---

## आत्म-अवलोकन का महत्व बताया



# द राइजिंग सोसायटी ऑफ आर्ट एंड कल्चर की अभिनय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

द राइजिंग सोसायटी ऑफ आर्ट एंड कल्चर की अभिनय कार्यशाला 'अपने-अपने मेथड' के पहले दिन प्रतिभागियों को अभिनय की बुनियादी समझ और आत्म-अवलोकन का महत्व बताया गया। मुख्य प्रशिक्षक अभिनेता तानाजी ने कहा कि किसी भी चरित्र को समझने से पहले अभिनेता का स्वयं को जानना सबसे जरूरी है। उन्होंने बताया कि अभिनय का कोई एक तय तरीका नहीं होता, हर कलाकार का अपना मेथड होता है और वही सही है जो उसे बेहतर अभिनय तक पहुंचाए। कार्यशाला में प्रतिभागियों को अपनी भाषा, उच्चारण, संवाद अदायगी, शारीरिक अभिव्यक्ति और मंच व कैमरे के सामने आत्मविश्वास विकसित करने के गुर सिखाए गए। थिएटर एक्सरसाइज और व्यावहारिक गतिविधियों के माध्यम से झिझक दूर करने तथा अपने व्यक्तित्व से चरित्र में ढलने की प्रक्रिया को भी समझाया गया।

---

# भारत भवन में तीन दिवसीय 'कजरी झूला गायन समारोह' का आयोजन आज से होगा शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

सावन की रिमझिम फुहारों और लोक-संगीत की मधुर परंपरा को स्वर देने के उद्देश्य से भारत भवन के संगीत केंद्र अनहद द्वारा 24 से 26 जुलाई तक तीन दिवसीय 'कजरी-झूला गायन महोत्सव' का आयोजन किया जा रहा है। वर्षा ऋतु की सांगीतिक अनुभूतियों को समर्पित यह महोत्सव लोक और शास्त्रीय संगीत के अद्भुत संगम का साक्षी बनेगा, जिसमें प्रदेश के प्रतिष्ठित कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से सराबोर करेंगे। भारत भवन के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी प्रेम शंकर शुक्ल ने बताया कि महोत्सव का शुभारंभ 24 जुलाई को सायं 7 बजे नीना श्रीवास्तव के गायन से होगा। इसके पश्चात सायं 7:40 बजे सुनन्दा शर्मा की प्रस्तुति होगी।

---

देशभर के सिनेमाघरों में होगी रिलीज

# आज रिलीज होगी 'दुल्हनिया ले आएगी' ग्वालियर के रंगकर्मियों का भी जुड़ाव



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

शुक्रवार को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही हिंदी फिल्म 'दुल्हनिया ले आएगी' में ग्वालियर के कलाकारों का भी अहम योगदान है। फिल्म का निर्देशन जाने माने निर्देशक आकाशादित्य लामा ने किया है, जबकि अमितेश शर्मा, जो लंबे समय से अभिनय और मंच संचालन के क्षेत्र में सक्रिय हैं, फिल्म में सह-निर्देशक की भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म में तीनों कलाकारों का रंगमंचीय सफर ग्वालियर की संस्था कला समूह (रंग श्री लिटिल बैले ट्रूप) से भी जुड़ा रहा है। फिल्म में महेश मांजरेकर, पियूष मिश्रा, खुशाली कुमार, स्नेहिल दीक्षित मेहरा, ओमकार कपूर सहित कई जाने-माने कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

---

26 जुलाई को नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर (मुंबई) में होगा मंचन

# मुंबई मंचन से पहले ध्रुपद संस्थान गुरुकुल में सजा 'नामयाची जनी' का भावपूर्ण पूर्वरंग

## वरिष्ठ शिष्या जाह्नवी फनसलकर ने संगीतबद्ध किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

संत कवयित्री जनाबाई की आध्यात्मिक चेतना, भक्ति और समर्पण को स्वर, लय और नृत्य के माध्यम से साकार करती नृत्य-नाटिका 'नामयाची जनी' का प्रभावशाली पूर्वरंग ध्रुपद संस्थान गुरुकुल में आयोजित किया गया। यह विशेष प्रस्तुति 26 जुलाई को नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर (मुंबई) में होने वाले मंचन से पूर्व दर्शकों के समक्ष प्रस्तुत की गई। संत जनाबाई के अभंगों को हिंदुस्तानी संगीत की ध्रुपद, ख्याल और वारकरी गायन शैलियों में ध्रुपद संस्थान की वरिष्ठ शिष्या जाह्नवी फनसलकर ने संगीतबद्ध किया। इन रचनाओं का सुमधुर गायन जाह्नवी फनसलकर और धानी गुन्देचा ने किया।



ध्रुपद संस्थान में नृत्य नाटिका नामयाची जनी की प्रस्तुति देते कलाकार।

### नव्या नटराजन ने दी सशक्त नृत्याभिव्यक्ति

अभंगों में निहित भक्ति और भावों को सुप्रसिद्ध भरतनाट्यम नृत्यांगना नव्या नटराजन ने अपनी सशक्त नृत्याभिव्यक्ति के माध्यम से जीवंत किया। प्रस्तुति में सजन संकरन और सिंधु सचि ने सूत्रधार की भूमिका निभाई, जबकि पखावज पर ज्ञानेश्वर देशमुख और हृदयेश चोपड़ा ने प्रभावी संगत देकर प्रस्तुति को गरिमा प्रदान की।

---

# स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी में 'साइबर शिक्षा फॉर साइबर सुरक्षा' कार्यक्रम शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी (एसजीएसयू) ने क्विक हील फाउंडेशन के सहयोग से 'साइबर शिक्षा फॉर साइबर सुरक्षा' कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ उन्हें सशुल्क इंटर्नशिप के माध्यम से व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना है।

कुलसचिव डॉ. सतीश कुमार सिंहा के मार्गदर्शन में शुरू हुए इस कार्यक्रम के तहत 20 विद्यार्थियों को साइबर वॉरियर्स के रूप में चुना गया है। साथ ही साइबर वॉरियर्स क्लब की भी स्थापना की गई। साइबर वॉरियर्स के रुप में ये विद्यार्थी विशेष प्रशिक्षण प्राप्त कर अगले तीन महीनों में भोपाल एवं आसपास के क्षेत्रों में साइबर जागरूकता अभियान चलाएंगे। अभियान के माध्यम से 25 हजार से अधिक विद्यार्थियों और नागरिकों को साइबर सुरक्षा, डिजिटल गोपनीयता, ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव और जिम्मेदार सोशल मीडिया उपयोग के प्रति जागरूक किया जाएगा।



'साइबर शिक्षा फॉर साइबर सुरक्षा' कार्यक्रम में हिस्सा लेते विद्यार्थी।

---

बेगम्स ऑफ भोपाल क्लब और वीस का वार्षिक उत्सव

# सशक्त महिलाओं के संग सजी उपलब्धियों की महफिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

महिलाओं के सशक्तिकरण, सामाजिक सहभागिता और सांस्कृतिक विरासत को समर्पित बेगम्स ऑफ भोपाल क्लब एवं वीमेन एजुकेशन एम्पावरमेंट सोसाइटी (वीस) द्वारा गुरुवार को वर्षभर की उपलब्धियों का उत्सव मनाया गया।

यह आयोजन केवल सफलताओं का जश्न नहीं, बल्कि महिलाओं की बढ़ती भागीदारी, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक योगदान का उत्सव भी बना। इस वर्ष इन संस्थाओं से विश्वभर के 25 हजार से अधिक लोग विभिन्न मंचों के माध्यम से जुड़े हैं, जो इनके बढ़ते वैश्विक प्रभाव और महिला सशक्तिकरण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कार्यक्रम की विशेष आकर्षण बेगम्स महफिल, दुबई चैप्टर के प्रतिनिधिमंडल की सहभागिता रही।



### 55 से अधिक महिला सदस्यों ने की सहभागिता

आयोजन में 55 से अधिक महिला सदस्य शामिल हुईं और वर्षभर उत्कृष्ट कार्य, नेतृत्व और समर्पण का परिचय देने वाली सदस्यों को सम्मानित भी किया गया। समारोह का समापन लाइव म्यूजिक संध्या के साथ हुआ, जहां उत्सव, संवाद और सांस्कृतिक रंगों के बीच महिला शक्ति, सहयोग और भोपाल की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का उत्सव देखने को मिला।



लोकसभा-राज्यसभा की कार्यवाही फिर स्थगित, अपनी मांगों पर अड़ा रहा विपक्ष

सरकार ने विपक्ष पर लगाया संसद नहीं चलने देने का आरोप

# सरकार युवाओं के भविष्य के लिए प्रतिबद्ध और हम खुली चर्चा के लिए तैयार विपक्ष बहस नहीं चाहता, राहुल की राजनीति गैरजिम्मेदाराना और अराजक

सत्र के चौथे दिन भी संसद के दोनों सदनों में विपक्ष ने जोरदार हंगामा किया। विपक्ष शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग पर अड़ा है। लोकसभा की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। वहीं, इसी मुद्दे पर राज्यसभा को भी स्थगित कर दिया गया है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद में नीट परीक्षा को लेकर घमासान जारी है। लोकसभा के बाद राज्यसभा की कार्यवाही दोपहर तीन बजे शुरू होने के बाद शुक्रवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित हो गई। संसद के मानसून सत्र के चौथे दिन भी संसद के दोनों सदनों में विपक्ष ने जोरदार हंगामा किया।

विपक्ष शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग पर अड़ा है। लोकसभा की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। वहीं, राज्यसभा को तीन बजे तक तक स्थगित कर दिया गया है।

## राहुल संसद में बहस नहीं चाहते



भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाने का निर्देश दिया है, क्योंकि सरकार युवाओं के भविष्य के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी संसद में चर्चा नहीं चाहते। उन्होंने किसी को बताए बिना धरना दिया। वे गैर-जिम्मेदाराना राजनीति करते हैं। रविशंकर ने कहा कि हम सभी युवाओं के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम खुली चर्चा के लिए तैयार हैं। हमारे पास कहने के लिए बहुत कुछ है, लेकिन उनका काम सिर्फ अराजकता फैलाना है।

## विपक्ष को पुराने रिकॉर्ड और भूमिका पर डर : शिवराज

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान समेत भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं और सांसदों ने विपक्ष पर संसद की



कार्यवाही बाधित करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सरकार छात्रों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है और गंभीर मुद्दे पर संसद में विस्तृत चर्चा के लिए पूरी तरह तैयार है, लेकिन विपक्ष चर्चा से बच रहा है। जब सरकार सभी शर्तें मानने को तैयार हो जाती है, तब भी चर्चा से पीछे हट जाता है। विपक्ष को आशंका है कि सदन में बहस होने पर उसके पुराने रिकॉर्ड और भूमिका पर भी सवाल उठेंगे।

## विपक्ष और राहुल गलत व्यवहार कर रहेः मनोज

भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा, विपक्ष और राहुल गांधी गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार कर रहे हैं। ये लोग तख्तियां लेकर आते हैं।



लेकिन चर्चा नहीं करते। आज हम सभी जानना चाहते हैं कि वे चर्चा से क्यों भाग रहे हैं? संसद में नीट के मुद्दे पर चर्चा कीजिए। पेपर लीक के मामलों के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाए जाएंगे।

मेट्रो स्टेशन बंद होने पर सीजेआई बोले

## दोपहर तक समाधान नहीं हुआ तो हम करेंगे हस्तक्षेप



छात्रों के प्रदर्शन के बीच सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन बंद होने का मुद्दा सुप्रीम कोर्ट में उठा। सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विकास सिंह ने आग्रह किया वकीलों, पक्षकारों और कर्मचारियों को स्टेशन का इस्तेमाल करने की अनुमति दें, जिनके पास सुप्रीम कोर्ट में प्रवेश का वैध पास है। सीजेआई ने हस्तक्षेप की बात कही है।

## पुलिस को मिले एनएसए लगाने के अधिकार

प्रदर्शन के दौरान दिल्ली पुलिस को एनएसए लगाने की शक्ति दी गई है। दपुलिस को यह अधिकार 19 जुलाई से शुरू होकर तीन माह तक लागू रहेगा।

## देश के कई राज्यों में बवाल



पटना : छात्रों ने बैनर लेकर नारेबाजी की।





ठाणे : छात्रों ने प्रदर्शन कर न्याय मांगा।



चेन्नई। छात्र संगठनों ने आंदोलन किया।



कोलकाता। प्रदर्शन के दौरान नारेबाजी की।

## बच्चों को जल्द न्याय मिलेगा सख्त कार्रवाई होगी



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि हम बच्चों से बात करने की जरूर कोशिश करेंगे और उनसे पूछने के लिए कि बातचीत करने में क्या उन्हें कोई एतराज है क्या? बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं और छात्रों का मामला है। बच्चों को न्याय मिलेगा, सख्त कार्रवाई होगी।

एनडीएमसी ने ऐहतियातन उठाया कदम

## कनॉट प्लेस पर सभी दुकानें और रेस्त्रां बंद रखने के निर्देश

कनॉट प्लेस में मौजूदा स्थिति को देखते हुए एनडीएमसी ने एहतियातन सभी दुकानें, कार्यालय और रेस्त्रां बंद रखने के निर्देश दिए हैं। एनडीएमसी ने गुरुवार शाम 6:30 बजे तक प्रतिष्ठान बंद रखने को कहा है। सभी प्रतिष्ठान मालिकों और कब्जाधारकों से अपील की है कि वे आदेश का कड़ाई से पालन करें। एनडीएमसी के अध्यक्ष और



उपाध्यक्ष ने कनॉट प्लेस में सभी दुकानों और प्रतिष्ठानों को बंद करने का निर्देश दिया है। यह निर्देश टेलीफोन के माध्यम से जारी किया गया। यहां गंभीर स्थिति को देखते हुए फैसला लिया गया है। प्रतिष्ठान मालिकों और कब्जाधारियों को इन निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने को कहा गया है।

सपा,आप और कांग्रेस में रार

## राहुल के धरने पर भड़कीं वांगचुक की पत्नी

दिल्ली में आंदोलन में कांग्रेस, आप , सपा समेत तमाम दल भी शामिल हो गए हैं। अरविंद केजरीवाल, शरद पवार, चंद्रशेखर आजाद आदि ने अभिजीत दीपके से मुलाकात करके आंदोलन को समर्थन दिया है। राहुल गांधी लंबे समय से नीट पेपर लीक पर सरकार के हमलावर हैं। वांगचुक की पत्नी गीतांजलि ने उस प्रदर्शन पर सवाल उठाया है।


## कटिहार में छात्रों का हंगामा, कलेक्ट्रेट ऑफिस को घेरा, पुलिस से भिड़ंत के बाद लाठीचार्ज

बिहार के कटिहार जिले में नीट पेपर लीक मामले को लेकर छात्रों का गुस्सा सड़कों पर फूट पड़ा। सैकड़ों छात्रों ने कलेक्ट्रेट का घेराव कर केंद्र के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। छात्रों ने मुख्य गेट को तोड़ने की कोशिश शुरू कर दी। पुलिस ने छात्रों को रोकने का प्रयास किया तो प्रदर्शनकारी पुलिसकर्मियों से ही उलझ गए। स्थिति बिगड़ती देख पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया।

## खबर संक्षेप

### उभरते क्रिकेटर को हनीट्रैप में फंसाया

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उभरते हुए क्रिकेटर साइबर अपराधियों के हनीट्रैप जाल का शिकार हो गए हैं।



बीसीसीआई की एक राष्ट्रीय टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए यह खिलाड़ी बेंगलुरु गए हुए थे। 5 सितारा होटल में ठहरने के दौरान एक महिला ने उन्हें वॉट्सएप वीडियो कॉल पर लिया और आपत्तिजनक हालत में उनका वीडियो रिकॉर्ड कर लिया।

### करनाल में चेयरमैन पद से हटाई गईं राणा


**करनाल।** जिला परिषद की चेयरमैन परवेश राणा को अविश्वास प्रस्ताव के माध्यम से पद से हटा



दिया गया है। जिला परिषद के 25 पार्षदों में से अविश्वास प्रस्ताव पर 19 पार्षद मौजूद रहे। मतदान के दौरान 17 पार्षदों ने चेयरमैन के खिलाफ मतदान किया, जबकि 2 पार्षदों ने उनके पक्ष में वोट डाला।

### 9वीं मंजिल से लिफ्ट गिरी, 4 मजदूर घायल

**लखनऊ।** राजधानी में महानगर के विज्ञानपुरी क्षेत्र में गुरुवार को बड़ा हासदा हो गया। यहां शालीमार



गैलेंट वेस्ट की निर्माणाधीन बिल्डिंग में लिफ्ट का काम कर रहे 4 मजदूर नौवीं मंजिल से नीचे गिर गए। उन्हें प्राइवेट अस्पातल में भर्ती कराया है। निर्माणाधीन अपार्टमेंट लिफ्ट डक्ट में 4 मजदूर काम कर रहे थे।

### चार्जिंग में ई-स्कूटर की बैटरी फटी, 3 झुलसे

**नई दिल्ली।** दिल्ली के अशोक विहार इलाके में गुरुवार को चार्जिंग के दौरान एक इलेक्ट्रिक स्कूटर की



बैटरी में कथित तौर पर विस्फोट हो गया। विस्फोट के बाद झुग्गी में आग लग गई, जिससे एक ही परिवार के 3 भाई झुलस गए। घटना गुरुवार सुबह करीब 7 बजे उत्तर-पश्चिम दिल्ली के एसएस नगर इलाके की है।

देश के कई हिस्सों में बारिश ने किया बेहाल, आवागमन हो गया ठप

लगातार बारिश से लोगों का जीना मुहाल

# गुजरात में भारी बारिश से बिगड़े हालात, बाढ़ से गांवों का संपर्क टूटा, स्कूल-कॉलेज बंद, रेल सेवा पर लगा ब्रेक

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

दक्षिणी गुजरात में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से कई जिलों में जनजीवन पर भारी असर पड़ा है। नर्मदा, वलसाड, नवसारी, डांग, सूरत और तापी पंचमहल, दाहोद और महीसागर जिलों में भारी बारिश ने भारी तबाही मचाई, जिससे कई गांवों में बाढ़ आ गई है और वहां जिला मुख्यालय से संपर्क टूट गया है। बाढ़ में फंसे हजारों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। सरकार ने बाढ़ प्रभावित इलाकों में एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की कई टीमों को तैनात किया है। वलसाड के उमरगांव तालुका में गुरुवार सुबह तक 16 घंटे की बारिश के दौरान 1,100 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। दक्षिण गुजरात के जिलों में भारी बारिश के कारण लगभग 1,200 लोगों को बचाया गया और सैकड़ों लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया। लगातार बारिश के कारण सूरत जिले में नदियां और अन्य जलाशय उफान पर हैं, जिससे निचले इलाकों में बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हो गई है। अहमदाबाद में 2 घंटे में 66 मिमी बारिश हुई, जिससे कई सड़कों पर जलभराव हो गया। यातायात प्रभावित हुआ। मुंबई जाने वाली रेलगाड़ियों को रद्द कर दिया गया या उनका मार्ग छोटा कर दिया गया।

**नदियां और जलाशय उफान पर, 1200 लोगों का रेस्क्यू**



### स्टेशनों पर लोग परेशान नहीं मिल रहा टिकट

दक्षिण गुजरात में लगातार भारी बारिश हो रही है। इसका असर अब रेलवे यातायात पर भी साफ दिखाई दे रहा है। कई ट्रेनों का रूट छोटा कर दिया गया है। बड़ी संख्या में यात्री वडोदरा रेलवे स्टेशन पर फंस गए। यात्रियों की भीड़ उमड़ पड़ी, जबकि पश्चिम रेलवे के वडोदरा डिवीजन पर किसी भी तरह की उचित व्यवस्था नहीं करने के आरोप लगे हैं।

## बाढ़ प्रभावित इलाकों में एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों ने संभाला मोर्चा

### अलर्ट मोड में वायुसेना और नेवी, नवसारी में 200 को बचाया

तापी जिले में बारिश से जुड़ी घटनाओं में एक मौत की खबर मिली है, जबकि बचाव कार्यों के लिए एनडीआरएफ और राज्य की एसडीआरएफ की टीमों के साथ-साथ भारतीय वायु सेना और कोस्ट गार्ड को भी अलर्ट पर रखा गया है। स्टेट इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर के आअनुसार हाल की बारिश से वलसाड जिला सबसे ज्याद प्रभावित हुआ, जहां उंबरगांव तालुका में बुधवार सुबह 6 बजे से गुरुवार सुबह 10 बजे के बीच 1,100 मिमी से ज्यादा बारिश हुई। इसी दौरान जिले के कई अन्य तालुकाओं में भी 600 मिमी से ज़्यादा बारिश हुई। सूरत में 1,500 निवासियों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया है। नवसारी जिले में कावेरी नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण 11 गांवों में फंसे 200 लोगों को बचाया गया और सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया।

असम में दिखा बाढ़ का विनाशकारी रूप

### पूरा गांव पानी में डूबा, 16 जिले के लोगों को खान-पान का संकट



असम में आई बाढ़ ने लोगों के जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। बाढ़ से राज्य के करीब 16 जिले प्रभावित हैं। जिससे इन लोगों के सामने खाने-पीने का भी संकट आ खड़ा हुआ है।राज्य में बाढ़ से प्रभावित कई ऐसे परिवार हैं। जिनके लिए दिन तो किसी तरह कट जाता है, लेकिन रात गुजारना कितना मुश्किल है। इन्हीं में से एक प्रशांत बोरठाकुर का परिवार भी शामिल है। परिवार में इनके 95 साल के बुजुर्ग पिता भी हैं।

हिमाचल में दरक रहे पहाड़ पूरा गांव खतरे की जद में

### कभी भी बड़ी तबाही का अंदेशा एक मकान हुआ क्षतिग्रस्त

**कांगड़ा।** हिमाचल में बारिश आफत लाई है। जिला कांगड़ा में इस बार ज्यादा नुकसान है।



शाहपुर की बोह घाटी में बादल फटने से 18 घर जमींदोज हो गए हैं। वहीं जवाली उपमंडल की नियांगल पंचायत में पूरे गांव पर खतरा मंडरा रहा है। जमोला पहाड़ी लगातार दरक रही है, जो कभी कहर ढहा सकती है। नाले का बहाव मुड़ने से हुए नुकसान के बाद अब मियोली में जमोला पहाड़ी से मलबे से लोग दहशत में हैं।

### मौसम विभाग ने देश के विभिन्न हिस्सों में भारी बारिश की चेतावनी दी

मौसम विभाग ने हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, गिलगित-बाल्टिस्तान और



मुजफ्फराबाद के कुछ हिस्सों में मूसलाधार बारिश का अनुमान व्यक्त किया है। दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़, पूर्वोत्तर भारत के कुछ हिस्सों, बिहार, पूर्वी मध्य प्रदेश, कोंकण और गोवा, मध्य महाराष्ट्र, पंजाब, उत्तर प्रदेश में बारिश होगी।

उत्तराखंड के पिथौरागढ़ भी बारिश से सर्वाधिक प्रभावित

## प्रदेशभर में 99 सड़कें बंद, काली नदी का जल स्तर खतरे के पास पहुंचा



**पिथौरागढ़।** राज्य में 99 सड़क बंद होने के कारण आवागमन प्रभावित है। सबसे अधिक सीमांत पिथौरागढ़ जिला प्रभावित है। यहां पर धारचूला-तवाघाट और न्यू सबेला तिदांग मार्ग बंद है। 21 और ग्रामीण मार्ग बंद हैं।

### नदियों के बढ़ते जल स्तर ने डराया

बारिश होने से राज्य में नदियों का जल स्तर खतरे के पास पहुंचा है। बुधवार तीन बजे तक पिथौरागढ़ जिले में काली नदी का जल स्तर 888.60 तक पहुंच गया था, जबकि खतरे का जल स्तर 890 मीटर है। रुद्रप्रयाग जिले में अलकनंदा और मंदाकिनी का जल स्तर भी खतरे के निशान के पास पहुंच गया।

वैष्णव ने कहा- स्वदेशी एआई के विकास को लगेंगे पंख

# सर्वम और भारतजेन जैसे 20 बड़े मॉडलों को दे रहे मदद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि 'इंडिया-एआई मिशन' के तहत मदद देने के लिए सरकार ने 20 स्वदेशी एआई मॉडल को चुना है। इनमें 12 बड़े लैंग्वेज मॉडल और 8 छोटे लैंग्वेज मॉडल शामिल हैं। इस मिशन का मकसद युवाओं के लिए नए अवसर और नौकरियां पैदा करना है, एआई से जुड़े खतरों को भी कंट्रोल करना है। सरकार भारतीय स्टार्टअप्स और संस्थानों को मदद कर रही है। सरकार जिन प्रोजेक्ट्स को सपोर्ट कर रही है, वे एआई के अलग-अलग इस्तेमाल से जुड़े हैं। इनमें सर्वम, जी नैनी, भारज जेन और अवचार एआई जैसे नाम शामिल हैं। हेल्थकेयर, स्थानीय भाषा तकनीकों और ऑटोमेटेड के लिए मॉडल्स तैयार किए जा रहे हैं।

### इनकी खासियतें

- सर्वम ने हाल में काफी चर्चा बटोरी है। सर्वम की तारीफ पीएम मोदी ने भी की थी।
- जीनैनी भारत के लिए स्पीच-टू-स्पीच (आवाज से आवाज में बात करने वाला) मॉडल तैयार कर रहा है।
- भारत जेनकई भारतीय भाषाओं को समझने वाले फाउंडेशन मॉडल बना रहा है।
- अवतार देश के लिए वीडियो जनरेट करने वाला एआई मॉडल बना रहा है।

## सरकार जिनका सहयोग कर रही वे अलग-अलग





### सरकार कर रही एआई की मदद

वैष्णव ने बताया कि भारत की एआई रणनीति देश के 300 अरब डॉलर के आईटी सेक्टर पर टिकी है, जिसमें करीब 60 लाख लोग काम करते हैं। इंडिया-एआई मिशन के 7 मुख्य पिलर हैं। जैसे- एआई मॉडल बनाना, ऐप्स तैयार करना, डेटासेट जुटाना, टैलेंट तराशना और सस्ता कंप्यूटर इंफ्रास्ट्रक्चर देना। सरकार ने 15 कंप्यूट सर्विस प्रोवाइडर्स को साथ जोड़ा है। साथ ही 237 प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी है।

### 686 छात्रों को फेलोशिप दी

सरकार के अनुसार उसने देश में एआई से जुड़े टैलेंट को बढ़ावा देने के लिए 178 बड़े कॉलेजों व संस्थानों के 686 छात्रों को फेलोशिप दी है। 'युवा एआई फॉर ऑल' प्रोग्राम के तहत 26 लाख से अधिक लोग ट्रेनिंग पूरी कर चुके हैं। देश में 27 'इंडिया डेटा एंड एआई लैब्स' चालू हुई हैं।

हाई-डेंसिटी रेल मार्ग पर तीसरी लाइन

# 440 करोड़ से रेल कॉरिडोर से आवागमन होगा सुगम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय रेलवे ने दक्षिण पूर्व रेलवे के निमपुरा वेस्ट आउटर केबिन और मिदनापुर के बीच 14.52 किमी लंबी तीसरी रेल लाइन बिछाने की 440 करोड़ की परियोजना को मंजूरी दी है। इस परियोजना का उद्देश्य व्यस्त रेल कॉरिडोर की क्षमता बढ़ाना, यात्री और मालगाड़ियों की आवाजाही को अधिक सुगम बनाना तथा परिचालन दक्षता में सुधार करना है।यह परियोजना हाई-डेंसिटी रेल मार्गों पर नेटवर्क क्षमता बढ़ाने की भारतीय रेलवे की व्यापक योजना का हिस्सा है। इस मार्ग पर



हर वर्ष अतिरिक्त लगभग 3.52 मिलियन टन माल ढुलाई की क्षमता विकसित होगी, जिससे उद्योगों और आवश्यक वस्तुओं के परिवहन को गति मिलेगी। यह सेक्शन हाई यूटिलाइजेशन नेटवर्क (एचयूएन-2) का हिस्सा है। वर्तमान में निमपुरा वेस्ट आउटर केबिन से गोकुलपुर तक का हिस्सा सिंगल लाइन है।


## 'निसार' उपग्रह के रडार उपकरणों ने भेजी शुरुआती तस्वीर

# अंटार्कटिका में दिखी हमिंगबर्ड पक्षी जैसी आकृति, बर्फ के भीतर हो रहे बदलावों को समझने और अध्ययन करने में वैज्ञानिकों को मिलेगी मदद

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

भारत और अमेरिका के संयुक्त पृथ्वी अवलोकन उपग्रह 'निसार' (नासा-इसरो सिंथेटिक एपरेचर रडार) ने अब अपने दोनों रडार उपकरणों से जुटाए गए वैज्ञानिक डेटा को सार्वजनिक करना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में अंटार्कटिका की एक शुरुआती रडार तस्वीर सामने आई है, जिसमें बर्फ से ढका एक इलाका हमिंगबर्ड पक्षी जैसा दिखाई देता है। वैज्ञानिकों का कहना है कि यह सिर्फ एक आकर्षक तस्वीर नहीं, बल्कि बर्फ के भीतर हो रहे बदलावों को समझने का महत्वपूर्ण माध्यम भी है।

> भारत और अमेरिका का संयुक्त पृथ्वी अवलोकन उपग्रह है 'निसार'



पूर्वी अंटार्कटिका का नुनातक जतेरजावशिज्जा नाम का पर्वतीय क्षेत्र

> 'निसार' का डेटा वैज्ञानिकों और आम जनता के लिए किया

### 30 जुलाई को निसार उपग्रह की पहली वर्षगांठ

नासा के अनुसार 20 जुलाई से 'निसार' का एल-बैंड और एस-बैंड रडार डेटा वैज्ञानिकों और आम लोगों के लिए उपलब्ध करा दिया गया है। भारत और अमेरिका की टीमें अब लगातार प्रोसेस किया गया डेटा जारी करेंगी। यह डेटा ऐसे समय जारी किया गया है, जब 30 जुलाई 2025 को लॉन्च किए गए 'निसार' उपग्रह की पहली वर्षगांठ आने वाली है। लॉन्च के बाद से वैज्ञानिक इसकी प्रणालियों को कैलिब्रेट करने और डेटा प्रोसेसिंग को बेहतर बनाने में जुटे थे।

### प्राकृतिक बदलवों का सटीक आकलन

इस डेटा की मदद से वैज्ञानिक जमीन, जंगलों और दलदली क्षेत्रों और ग्लेशियरों में निगरानी की जा सकेगी। साथ ही भूकंप, भूस्खलन, बाढ़ और अन्य प्राकृतिक आपदाओं के बाद धरती पर हुए बदलावों का भी पहले से बेहतर तरीके से सटीक आकलन किया जा सकेगा।

### अंटार्कटिका के ग्लेशियरों की बर्फ में गहरी दरारें दिखीं

नासा ने एक शुरुआती रडार तस्वीर जारी की है, जिसमें पूर्वी अंटार्कटिका का नुनातक जतेरजावशिज्जा नाम का पर्वतीय क्षेत्र दिखाई देता है। इस पहाड़ के चारों ओर बर्फ उत्तर-पूर्व दिशा में समुद्र की ओर बह रही है। बर्फ की टूटी हुई संरचना को देखने पर यह आकृति उड़ते हुए हमिंगबर्ड जैसी नजर आती है। वैज्ञानिकों के अनुसार जब ग्लेशियर पहाड़ के चारों ओर से गुजरता है, तो जमीन की बनावट के कारण बर्फ पर दबाव पड़ता है और उसमें गहरी दरारें बन जाती हैं।

### अहमदाबाद स्थित इसरो के 'भूनिधि' पोर्टल ने जारी की तस्वीरें

इसरो के अहमदाबाद स्थित स्पेस एप्लीकेशंस सेंटर ने 'भूनिधि' पोर्टल के जरिए एस-बैंड डेटा जारी करना शुरू कर दिया है। वहीं अमेरिका की ओर से 17 जून से जुटाया गया कैलिब्रेटेड एल-बैंड डेटा भी लगातार उपलब्ध कराया जा रहा है। यह मिशन हर दिन कई दर्जन टेराबाइट वैज्ञानिक डेटा तैयार करता है और दक्षिणी ध्रुव से लेकर उत्तरी गोलार्ध में 77.5 डिग्री अक्षांश तक के क्षेत्रों को स्कैन करता है। इसमें लगा 12 मीटर चौड़ा ड्रम आकार का रडार रिफ्लेक्टर अब तक नासा का अंतरिक्ष में भेजा गया सबसे बड़ा रडार एंटीना रिफ्लेक्टर है।

**तस्वीरों में दिख रहे सूक्ष्म विवरण**

*नासा की जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी के सिग्नल विश्लेषण इंजीनियर सेओंगसू जियोंग ने कहा कि यह तस्वीर बेहद सुंदर होने के साथ बहुत महत्वपूर्ण है। इसमें कई ऐसे सूक्ष्म विवरण दिखाई देते हैं, जिनसे यह समझने में मदद मिलती है कि ग्लेशियर किस तरह आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि 'निसार' का रडार बर्फ और हिम की परतों के भीतर तक देखने में सक्षम है।*

## खबर संक्षेप

### बांग्लादेश में राष्ट्रपति शहाबुद्दीन देंगे इस्तीफा



**ढाका।** बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन के जल्द इस्तीफा देने की चर्चा तेज हो गई है। राजनीतिक सूत्रों और मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, सरकार उनसे सहज नहीं है। उनका कार्यकाल अभी लगभग दो साल बाकी है। शेख हसीना से कथित संपर्क और उनकी प्रस्तावित वापसी को भी इस घटनाक्रम से जोड़कर देखा जा रहा है। वे 2023 में राष्ट्रपति बने थे।

### एरिजोना के चुनाव में अमीश शाह जीते



**फिनिक्स (एरिजोना)।** भारतीय मूल के अमीश शाह ने बुधवार को एरिजोना के एक अहम कांग्रेस (संसद) क्षेत्र में डेमोक्रेटिक पार्टी के प्राइमरी चुनाव में जीत हासिल की है। शाह की जीत से डेमोक्रेटिक कांग्रेसनल कैंपेन कमेटी (डीसीसीसी) को झटका लगा है, क्योंकि उसने शाह के प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार का समर्थन किया था।

### भारतीय मूल की आर्मी सार्जेंट एंजेला की मौत



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी सेना ने बताया कि पिछले सप्ताह जॉर्डन में एक ईरानी हमले में अमेरिकी सैनिक एंजेला रामप्रसाद की मौत हो गई। उनका संबंध त्रिनिदाद और टोबैगो से था। वह 17 जुलाई को जॉर्डन के मुवफ्फक साल्टी एयर बेस पर मिसाइल हमले में मारी गई थीं। डेलावेयर के डोवर एयर बेस पर पूरे सम्मान के साथ यूएस राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने श्रद्धांजलि दी।

### रूस में बंधक बनाए गए उत्तराखंड के दो भाई



**पिथौरागढ़।** रोजगार की तलाश में रूस गए उत्तराखंड के धारचूला के कालिका गांव निवासी भूपेंद्र सिंह कार्की और उनके भाई आनंद सिंह कार्की के बंधक बनाए जाने का मामला सामने आया है। परिजनों के अनुसार दोनों भाइयों के पासपोर्ट और वीजा अपने कब्जे में रखे गए हैं और उन्हें उनकी इच्छा के विपरीत काम कराया जा रहा है। 20 दिनों से संपर्क नहीं हो पाया है।

### श्रीलंका में इस साल डेंगू से 56 लोगों की मौत



**कोलंबो।** इस साल श्रीलंका में डेंगू के वायरस से 56 लोगों की मौत हुई है और 77,000 से ज्यादा लोग संक्रमित हुए हैं, जिनमें से करीब 20 हजार मामले सिर्फ जुलाई में ही सामने आए हैं। ये बीमारी इतने खतरनाक स्तर पर पहुंच गई है कि सरकार को इससे निपटने के लिए ड्रोन तैनात किए हैं। मिलिट्री ड्रोन की मदद से छतों और मच्छरों के पनपने वाली जगहों का पता लगाया जा रहा है।

## 33वीं आसियान क्षेत्रीय मंच की मंत्रिस्तरीय बैठक में एस. जयशंकर बोले

# अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों पर हमले अस्वीकार्य आतंकवाद को लेकर जीरो टॉलरेंस आवश्यक



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नईदिल्ली

भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने मनीला में आयोजित 33वीं आसियान क्षेत्रीय मंच मंत्रिस्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि व्यापारिक जहाजों और नागरिक बुनियादी ढांचे पर हमले पूरी तरह अस्वीकार्य हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों से होने वाला व्यापार सुरक्षित, निर्बाध और स्वतंत्र रूप से जारी रहना चाहिए। जयशंकर ने मनीला प्लान ऑफ एक्शन का स्वागत किया, जिसके पांचों प्रमुख स्तंभ भारत के इंडो-पैसिफिक दृष्टिकोण के अनुरूप हैं। भारत आपदा राहत के क्षेत्र में सहयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाने, सर्वोत्तम प्रक्रियाओं को साझा करने, साझा मानक संचालन प्रक्रियाएं (एसओपी) विकसित करने और वास्तविक समय व टेबल-टॉप अभ्यास आयोजित करने का समर्थन करता है।

> उत्तरी अरब सागर से लेकर पश्चिमी प्रशांत तक समुद्री सुरक्षा में भारत का अहम योगदान

### सीडीआरआई का किया समर्थन



आसियान फोरम की बैठक को संबोधित करते जयशंकर

विदेश मंत्री जयशंकर ने बताया कि भारत कोएलिशन फॉर डिजास्टर रेजिलिएंट इंफ्रास्ट्रक्चर (सीडीआरआई) का समर्थन करता है। नियमित रूप से फील्ड अस्पताल, खोज एवं बचाव दल, राहत सामग्री और चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराता है। हाल के समय में भारत ने श्रीलंका, फिलीपींस, जमैका में आए चक्रवातों के साथ ही म्यांमार, वेनेजुएला और अफगानिस्तान में आए भूकंपों के बाद पुनर्वास और राहत कार्यों में सहयोग दिया है।

### पापुआ न्यू गिनी के विदेश मंत्री के साथ की द्विपक्षीय वार्ता



विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने मनीला में पापुआ न्यू गिनी के विदेश मंत्री जस्टिन डब्ल्यू. तकाचेंको के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। उन्होंने प्रशांत महासागर के द्वीपीय देश विकास और कैपेसिटी बिल्डिंग प्राथमिकता के साथ-साथ समुद्री सुरक्षा को समर्थन करने के लिए भारत की तैयारी पर जोर दिया। दोनों नेताओं ने आपसी सहयोग को गहरा करने पर भी चर्चा की।

### ब्रुनेई के साथ नई तकनीक पर सहयोग



विदेश मंत्री जयशंकर ने ब्रुनेई के विदेश मंत्री अब्दुल मतीन से भी मुलाकात की। जयशंकर ने बताया कि एआई, ड्रोन, डिजिटल समेत तेजी से बदलती तकनीक ने जुड़ाव के नए रास्ते खोले हैं। दोनों पक्षों नई तकनीक में सहयोग बढ़ाने और द्विपक्षीय एजेंडा को आगे बढ़ाने पर भी सहमत हुए।

### आतंकियों के वित्तीय स्त्रोतों पर रोक लगाएं

आतंकवाद के मुद्दे पर जयशंकर ने जीरो टॉलरेंस की नीति दोहराते हुए कहा कि आतंकवादी गतिविधियों के गंभीर परिणाम होने चाहिए। उन्होंने आतंकवाद को वित्तीय सहायता पहुंचाने वाले स्रोतों पर रोक लगाने की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि भारत, मलेशिया के साथ मिलकर आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक प्लस (एडीएमएम+) के आतंकवाद-रोधी विशेषज्ञ कार्य समूह की सह-अध्यक्षता कर रहा है और आतंकवाद से निपटने की सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों का संकलन तैयार कर रहा है। जयशंकर ने दक्षिण चीन सागर के मुद्दे पर कहा कि भारत संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून संधि के अनुरूप एक प्रभावी, सार्थक और कानूनी रूप से बाध्यकारी आचार संहिता का समर्थन करता है, जो सभी वैध उपयोगकर्ताओं के अधिकारों का सम्मान करे। भारत का इन्फॉर्मेशन फ्यूजन सेंटर, इंडो-पैसिफिक मैरीटाइम डोमेन अवेयरनेस पहल और उत्तरी अरब सागर से लेकर पश्चिमी प्रशांत तक भारतीय नौसैनिक बलों की तैनाती समुद्री व्यापार को सुरक्षित बना रही है।

## एलजी सिन्हा ने बैठक में दिए निर्देश

# सुरक्षा खतरों से निपटने आतंकी विरोधी अभियान में तेजी लाएं



एलजी मनोज सिन्हा बैठक लेते हुए

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर में एक आतंकवादी द्वारा एक पुलिसकर्मी को मारे जाने के एक दिन बाद उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुधवार को अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे केंद्र शासित प्रदेश में उभरती सुरक्षा चुनौतियों और खतरों को समाप्त करने के लिए आतंकवाद विरोधी अभियान तेज करें। सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस, नागरिक प्रशासन, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) और प्रमुख सुरक्षा एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आयोजित एक उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक के दौरान उपराज्यपाल ने ये निर्देश दिए।

### एक आतंकवादी की तस्वीर जारी

बैठक में बताया गया कि आतंकियों और उनके समर्थकों के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए, जम्मू-कश्मीर पुलिस ने घाटी के अलग-अलग जिलों से आतंकवादियों के 3,000 से ज्यादा ओवरग्राउंड वर्कर को पकड़ा। हमलावरों का पता लगाने के लिए सुरक्षा बलों ने बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया है और पुलिस ने आतंकवादी की एक तस्वीर भी जारी की है और लोगों से अपील की है कि देखने पर वे रिपोर्ट करें।

### अनंतनाग में दो आतंकियों के मकान ध्वस्त

दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में एक आतंकवादी हमले में पुलिसकर्मी की मौत के कुछ घंटे बाद प्रशासन ने लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकवादियों के मकान ढहा दिए। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि सक्रिय आतंकवादी आदिल ठोकर और हारून रशीद गनई के मकान बुधवार और बृहस्पतिवार की दरम्यानी रात ध्वस्त कर दिए गए। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई बुधवार दोपहर अनंतनाग के लाल चौक में अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात हेड कांस्टेबल आशिक हुसैन की एक आतंकवादी द्वारा गोली मारकर हत्या किए जाने के कुछ ही घंटे बाद की गई।

## यूएई में भारतीयों को बड़ी राहत

# फिर शुरू हुई पासपोर्ट-वीजा सेवाएं, 16 नए कांसुलर केंद्रों के जरिए दी जाएंगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में रहने वाले भारतीयों के लिए बड़ी राहत की खबर है। सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम निर्देशों के बाद पासपोर्ट, वीजा और दस्तावेज सत्यापन की सेवाएं फिर से शुरू हो गई हैं। अब ये सभी सेवाएं 16 नए कांसुलर केंद्रों के जरिए दी जाएंगी। इसके लिए लोगों को पहले ऑनलाइन अपॉइंटमेंट लेना होगा। यूएई में भारतीय पासपोर्ट, वीजा और दस्तावेज सत्यापन की सेवाएं अब नए सेवा प्रदाता अल हिंद टूर्स एंड ट्रैवल्स के जरिए दी जा रही हैं। नई व्यवस्था 22 जुलाई से लागू हो गई है। इसके तहत पूरे यूएई में बने 16 भारतीय कांसुलर आवेदन केंद्र काम करेंगे। दुबई में भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने बताया है कि पासपोर्ट रिन्यू, नया पासपोर्ट, वीजा से जुड़े आवेदन और दस्तावेज सत्यापन अब इन्हीं केंद्रों के जरिए होंगे। किसी भी केंद्र पर जाने से पहले कांसुलर सेवा यूएई पोर्टल पर अपॉइंटमेंट लेना जरूरी होगा। यह बदलाव इसलिए हुआ क्योंकि 30 जून 2026 को पहले के आउटसोर्सिंग अनुबंध समाप्त हो गए थे। वहीं वीजा ऑन अराइवल के लिए पासपोर्ट की वैधता कम से कम 6 महीने की होनी जरूरी है।

## ईरान के 'दोस्त' पर भड़का पाकिस्तान

# शहबाज बोले- हम सऊदी अरब के साथ, हूती विद्रोहियों की निंदा की

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद



पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने लाल सागर में सऊदी तेल टैंकरों पर हुए हूती विद्रोहियों के हमले की निंदा की है। गुरुवार को सुबह ईरान समर्थित हूतियों के हमले के बाद शहबाज शरीफ ने सऊदी अरब के पीएम से फोन पर बात की। इस दौरान पीएम शहबाज ने कहा कि लाल सागर में सऊदी तेल टैंकरों पर हूती मिलिशिया के किए गए इस हमले की पाकिस्तान कड़े से कड़े शब्दों में निंदा करता है। पीएम शहबाज शरीफ ने कहा कि इस तरह की हरकतें पूरी तरह से अमान्य हैं। ये अंतरराष्ट्रीय कानून का सीधा उल्लंघन है। इससे जहाजों की आवाजाही की स्वतंत्रता और कमर्शियल शिपिंग को खतरा पहुंचता है, जिससे क्षेत्रीय शांति, सुरक्षा और स्थिरता को नुकसान होता है। पीएम शहबाज ने भरोसा दिया कि पाकिस्तान सऊदी अरब के साथ है। दरअसल यमन के ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने हाल ही में सऊदी अरब के खिलाफ समुद्री नाकेबंदी का ऐलान किया था। यमन के उनके नियंत्रण वाले इलाकों के पर सऊदी अरब की लगाई गई नाकेबंदी के जवाब में बाब अल-मंदेब में सऊदी जहाजों को रोकेंगे।

## पाक उप-प्रधानमंत्री की टिप्पणी को भारत ने किया खारिज, कहा

# सीमा पार आतंकवाद की छवि से ध्यान हटाने की पाकिस्तान की नापाक कोशिश

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

33वें आसियान क्षेत्रीय मंच में आतंकवाद के मामले पर पाकिस्तान के डिप्टी पीएम और विदेश मंत्री इशाक डार ने भारत के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय स्तर के इस आयोजन में काफी ऊलजलूल टिप्पणी की। मामला बेहद गंभीर और संवेदनशील था, जिस पर तुरंत भारत की प्रतिक्रिया आई और उसमें विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पाकिस्तान की टिप्पणी को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि उनके बयान पूरी तरह से निराधार हैं।

### सिंधु जल संधि रहेगी स्थगित



जायसवाल ने कहा कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख का पूरा इलाका भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग था, है और हमेशा बना रहेगा। इस विषय पर पाकिस्तान को टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं है। वहीं, सिंधु जल संधि को लेकर भारत के रुख में फिलहाल कोई परिवर्तन नहीं आया है। यह आज भी पहले की तरह ही स्पष्ट और अपरिवर्तित बना हुआ है। सिंधु जल संधि तब तक स्थगित रहेगी जब तक पाक आतंकवाद को पूरी तरह से मदद देना समाप्त नहीं करेगा।

### आतंकी ढांचों को नष्ट करे पाकिस्तान

जायसवाल ने कहा कि पाकिस्तान को भारत पर सवालिया निशान लगाने और वैश्विक मंचों का दुरुपयोग करने की जगह पर खुद के लिए और अपनी आम जनता की भलाई के लिए सबसे पहले पाकिस्तानी जमीन पर बने हुए आतंकी ढांचे को नेस्तनाबूद करने और अपने खुद के घर को व्यवस्थित करने पर होना चाहिए। भारत पाकिस्तान द्वारा यूं उसके खिलाफ प्रायोजित दुष्प्रचार फैलाने की लगातार बढ़ती प्रवृत्ति की भी कड़े शब्दों में निंदा करता है। जिसे वह आमतौर पर फितना अल हिंदुस्तान जैसे धार्मिक शब्दों का प्रयोग कर प्रस्तुत करता है।

## लंबी दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल है कुशा

# डीआरडीओ ने कुशा मिसाइल का किया पहला सफल परीक्षण

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने गुरुवार को लंबी दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल 'कुशा' का पहला सफल परीक्षण किया है। ओडिशा के एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से किए गए इस परीक्षण के दौरान मिसाइल ने अपने निर्धारित किए गए लक्ष्य को बेहद सटीकता के साथ ढूंढा और फिर उसे नष्ट कर दिया। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, इस परीक्षण को एक इलेक्ट्रॉनिक लक्ष्य के खिलाफ किया गया था। जो उच्च गति और ऊंचाई वाले हवाई खतरे का अनुसरण पर आधारित था।

> लंबी दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल है कुशा

> वर्तमान में यह क्षमता दुनिया के कुछ चुनिंदा देशों के ही पास



कुशा मिसाइल का परीक्षण

### कई प्रयोगशालाओं और उद्योग जगत की साझेदारी

कुशा मिसाइल प्रणाली लड़ाकू विमानों, मिसाइलों, मानव रहित हवाई वाहन, दुश्मन के बड़े विमानों सहित विभिन्न प्रकार के हवाई खतरों को अधिक दूरी और ऊंचाई पर निष्क्रिय करने में पूरी तरह से सक्षम है। इस हथियार प्रणाली में मिसाइल, रडार और कमांड-कंट्रोल सेंटर जैसे विभिन्न कारक शामिल हैं। जिनका विकास संगठन की देशभर में मौजूद प्रयोगशालाओं और उद्योग जगत के साझेदारों ने मिलकर किया है।

### रक्षा मंत्री ने दी टीम को बधाई

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस परीक्षण से जुड़ी पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि कुशा की सफलता डीआरडीओ के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। जो संगठन की लंबी दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली को विकसित करने की क्षमता को प्रदर्शित करता है। वर्तमान में यह क्षमता दुनिया के कुछ चुनिंदा देशों के ही पास है। लेकिन अब इस दिशा में आगे बढ़ने से ऐसी प्रणालियों के आयात पर निर्भरता खत्म होगी। साथ ही देश की वायु रक्षा क्षमता में भी बड़ा बदलाव आएगा।

### टर्बो जेट इंजन विकसित

डीआरडीओ की प्रयोगशाला गैस टर्बाइन अनुसंधान प्रतिष्ठान (जीटीआरई) ने सफलता के साथ 350 किलो की श्रेणी के पहले स्वदेशी एक्सपेंडेबल टर्बो जेट इंजन विकास किया है। इंजन के निर्माण और असेंबली के लिए जीटीआरई ने हैदराबाद स्थित आजाद इंजीनियरिंग को औद्योगिक भागीदार के रूप में चुना था। इसी महीने की 22 तारीख को आजाद इंजीनियरिंग ने इंजन का निर्माण कर उसे जीटीआरई को सौंप दिया। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान के जरिए इस उपलब्धि को भारत के एयरोस्पेस और रक्षा क्षेत्र के लिए बेहद महत्वपूर्ण उपलब्धि करार दिया है।

## टोही विमान विकसित किए जाएंगे

# डीआरडीओ ने दो निजी कंपनियों के साथ महत्वपूर्ण समझौते साइन किए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



देश की हवाई निगरानी और रक्षा क्षमता को नई मजबूती देने की दिशा में रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने बुधवार को दो महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए। ये समझौते एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल (एईडब्ल्यू एंड सी) मार्क-2 कार्यक्रम के तहत किए गए हैं। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, इससे भारतीय वायुसेना की निगरानी, कमान और नियंत्रण क्षमता में उल्लेखनीय बढ़ोतरी होगी। साथ ही, आत्मनिर्भर भारत अभियान को भी नई गति मिलेगी। पहला समझौता एआई इंजीनियरिंग सर्विसेज लिमिटेड के साथ किया गया है। इसके तहत छह ए321 यात्री विमानों को सैन्य उपयोग के अनुरूप तैयार किया जाएगा। इन विमानों में विशेष उपकरण और अत्याधुनिक प्रणालियां लगाकर उन्हें एईडब्ल्यू एंड सी मार्क-2 विमान के रूप में विकसित किया जाएगा। दूसरा समझौता अडाणी डिफेंस सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के साथ हुआ है। कंपनी इस परियोजना में विकास एवं उत्पादन साझेदार की भूमिका निभाएगी।

# कॉमनवेल्थ गेम्स की ओपनिंग सेरेमनी: किंग चार्ल्स ने किया उद्घाटन



मीराबाई चानू और लवलीना बोरगोहेन ने तिरंगा लेकर भारतीय दल की अगुवाई की

**ग्लासगो।** कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 की ओपनिंग सेरेमनी स्कॉटलैंड के ग्लासगो में शुरुआत हो गई है। ओपनिंग सेरेमनी ग्लासगो के ओवो हाइड्रो एरिना मेंकरीब 13 हजार दर्शकों की मौजूदगी में हुई। ब्रिटेन के किंग चार्ल्स और क्वीन कैमिला ने उद्घाटन किया। इसके बाद 74 देशों के खिलाड़ियों का मार्च-पास्ट शुरू हुआ। भारत की ओर से दो बार की ओलिंपिक मेडलिस्ट वेटलिफ्टर मीराबाई चानू और टोक्यो ओलिंपिक ब्रॉन्ज मेडलिस्ट बॉक्सर लवलीना बोरगोहेन तिरंगा लेकर दल की अगुवाई की। इलेक्ट्रॉनिक म्यूजिक बैंड वाल्टोस समेत कई कलाकारों ने उद्घाटन समारोह में प्रस्तुति दी। इनमें स्कॉटलैंड के कई मशहूर सिंगर केटी टनस्टॉल, सिंगर कैलम बिट्टी, नीना नेस्बिट्ट, नाथन इवांस ने परफॉर्म किया। इनके अलावा म्यूजिक डुओ सैंट फंक्स और वाल्टोस भी ने भी प्रस्तुति दी।



कॉमनवेल्थ गेम्स का शुभारंभ करते ब्रिटेन के किंग चार्ल्स और क्वीन कैमिला

### स्कॉटलैंड की संस्कृति और विरासत के वीडियो से हुई सेरेमनी की शुरुआत

ओपनिंग सेरेमनी की शुरुआत स्कॉटलैंड की संस्कृति और विरासत के वीडियो से हुई। इसके बाद किंग चार्ल्स और क्वीन कैमिला एरिना पहुंचे। उनके साथ प्रधानमंत्री एंडी बर्नहैम भी मौजूद रहे। इसके बाद यूनाइटेड किंगडम का राष्ट्रगान 'गॉड सेव अवर किंग' प्रस्तुत किया गया। राष्ट्रगान के बाद एक-एक कर कॉमनवेल्थ देशों के खिलाड़ियों का मार्च-पास्ट शुरू हुआ।

### भारत 126 खिलाड़ियों के दल के साथ ले रहा हिस्सा

23 जुलाई से 2 अगस्त तक चलने वाले इन खेलों में भारत 126 खिलाड़ियों के दल के साथ हिस्सा ले रहा है। इससे पहले भारत ने लॉन बॉल्स में दो जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। वहीं, भारतीय ध्वजवाहक लवलीना बोरगोहेन महिला 75 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में सीधे पहुंचने के कारण बिना मुकाबला खेले ही कम से कम ब्रॉन्ज मेडल पक्का कर चुकी हैं।



स्कॉटलैंड की संस्कृति और विरासत को दर्शाते वीडियो से हुई सेरेमनी की शुरुआत।

## आज का कार्यक्रम

commonwealth games

राष्ट्रमंडल खेलों के दूसरे दिन यहां शुक्रवार को भारतीय खिलाड़ियों का कार्यक्रम इस प्रकार है।

**जिम्नास्टिक :** पुरुष टीम फाइनल और व्यक्तिगत क्वालिफिकेशन - तपन मोहंती, स्वातिश केपी, तापेश्वरनाथ दास, योगेश्वर सिंह - शाम पांच बजे

**पैरा तैराकी:** पुरुष एस13 100 मीटर फ्रीस्टाइल हीट: आरवीवीबीके बुडिग्ना और इमाम अली (शाम 3:40 बजे)

**तैराकी:** पुरुष 50 मीटर बैकस्ट्रोक हीट: श्रीहरि नटराज, शाम 3:56 बजे

**पैरा पावरलिफ्टिंग:** पुरुष लाइटवेट फाइनल: अशोक और परमजीत कुमार (शाम 5:40 बजे)
महिला लाइटवेट फाइनल: जसप्रीत कौर और सुमन देवी (शाम 7:24 बजे)
महिला हैवीवेट फाइनल: कस्तूरी राजामणि (रात 10:40 बजे)
पुरुष हैवीवेट फाइनल: सुधीर और इंडू कुमार (25 जुलाई को सुबह 00:29 बजे)

**लॉन बॉल्स :** महिला पेयर्स सेक्शन मैच: भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका (शाम 7:30 बजे)
पुरुष एकल सेक्शन मैच: पुतुल सोनोवाल बनाम सेसिल अलेक्जेंडर (फॉकलैंड आइलैंड) (रात 10:20 बजे)

**मुक्केबाजी:** पुरुष 55 किग्रा राउंड ऑफ 32: जादूमणि सिंह बनाम एरन कलन (स्कॉटलैंड) रात 11:00 बजे।

## ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेल : भारत की रूपा रानी और पिंकी ने पहला सेट अपने नाम किया

# भारत ने महिला पेयर्स बॉल्स स्पर्धा में माल्टा को टाई-ब्रेक में हराया

**दूसरा सेट माल्टा की लूसी और कोनी ने 3-4 से जीता**

ग्लास्गो ▶▶| नई दिल्ली

भारत ने ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में बृहस्पतिवार को महिला पेयर्स बॉल्स स्पर्धा में माल्टा को रोमांचक टाई-ब्रेक में हराकर अपने अभियान की जीत से शुरुआत की। भारत की रूपा रानी टिर्की (लीड) और पिंकी (स्किप) ने पहला सेट 7-1 से अपने नाम किया। हालांकि दूसरे सेट में उन्हें माल्टा की रेबेका लूसी रिक्सन (लीड) और कोनी ले रिक्सन (स्किप) की जोड़ी से 3-4 से हार का सामना करना पड़ा, जिसके बाद ग्रुप बी के पहले दौर के मुकाबले का फैसला टाई-ब्रेक से हुआ। टाई-ब्रेक में भारतीय टीम अपने प्रतिद्वंद्वियों से पीछे चल रही थीं लेकिन अंत में पिंकी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी आखिरी बॉल के साथ निर्णायक बढ़त दिलाते हुए भारत को जीत दिला दी।



**इस बार पुरुष और महिला फोर्स स्पर्धाओं को हटाया गया**

*भारतीय महिला पेयर्स टीम शुक्रवार को ग्रुप बी के अपने दूसरे मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका का सामना करेगी। टिर्की और पिंकी दोनों ही 2022 के बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय महिला फोर्स टीम का हिस्सा थीं। हालांकि, ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में बॉल्स प्रतियोगिता से पुरुष और महिला फोर्स स्पर्धाओं को हटा दिया गया है।*






### इस बार दोनों वर्ग में एकल व युगल स्पर्धाएं ही

इस बार केवल पुरुष और महिला एकल तथा पुरुष और महिला युगल स्पर्धाएं ही शामिल की गई हैं। भारत ने 2022 के बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में पुरुष फोर्स स्पर्धा में भी रजत पदक जीता था।

## राष्ट्रमंडल खेलों में मुक्केबाजी में भारत की उम्मीदें लवलीना पर



रिंग में उतरे बिना अपना पहला राष्ट्रमंडल खेलों का पदक पक्का कर चुकी लवलीना बोरगोहेन की नजरें शुक्रवार से खेले जाने वाले मुक्केबाजी स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने पर लगी होंगी। राष्ट्रमंडल खेलों में इस बार दस ही खेल स्पर्धायें आयोजित की जा रही है और भारत को मुक्केबाजों से पदकों की उम्मीद है। मुक्केबाजी में भारत को अभी तक राष्ट्रमंडल खेलों में 44 पदक मिले हैं। भारत के आठ मुक्केबाजों को पहले दौर में बाय मिला है । जैसमीन लंबोरिया (57 किलो), प्रिया घंघास (60 किलो), प्रीति पवार (54 किलो) पदक पक्का करने से एक जीत पीछे हैं । पूर्व विश्व चैम्पियन लवलीना (75 किलो) को सीधे सेमीफाइनल में प्रवेश मिला है जिसमें पांच ही मुक्केबाज हैं ।

### सोनोवाल ने किया उलटफेर

पुतुल सोनोवाल ने लॉन बॉल्स पुरुष एकल स्पर्धा में कनाडा के 2023 विश्व चैंपियन रयान बेस्टर को टाई-ब्रेक में हराकर बड़ा उलटफेर किया जिससे भारत ने बृहस्पतिवार को ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में अपने अभियान की शुरुआत शानदार अंदाज में की। राष्ट्रमंडल खेलों में पदार्पण कर रहे पुतुल ने पहला सेट 5-4 से अपने नाम किया। इसके बाद कई बार के राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेता बेस्टर ने शानदार वापसी करते हुए दूसरा सेट 7-3 से जीतकर मुकाबले को टाई-ब्रेक तक पहुंचा दिया।

## डोपिंग नियम उल्लघंन के कारण भारोत्तोलन में भारत का कोटा घटा

**दिलबाग सिंह टीम से बाहर**



ग्लास्गो ▶▶| ग्लास्गो

क्वालीफिकेशन अवधि के दौरान कई डोपिंग रोधी नियम उल्लंघनों (एडीआरवी) के कारण भारत का कोटा कम किए जाने के बाद भारोत्तोलक दिलबाग सिंह को राष्ट्रमंडल खेलों के लिए दल से बाहर कर दिया गया। राष्ट्रमंडल खेलों के लिए भारत का भारोत्तोलन कोटा 16 से घटाकर 11 कर दिया गया है।

भारतीय भारोत्तोलन महासंघ (आईडब्ल्यूएफ) ने ओलंपिक रजत पदक विजेता मीराबाई चानू की अगुवाई में 12 सदस्यीय टीम की घोषणा की थी। महासंघ का कहना है कि उसे कोटा घटाए जाने की जानकारी बुधवार को ही मिली। एक विश्वसनीय सूत्र ने बातचीत में कहा, ''महासंघ को 12 से घटाकर 11 भारोत्तोलकों का कोटा किए जाने की जानकारी कल ही मिली।'' सूत्र ने बताया, ''चूंकि दिलबाग पीठ की चोट से जूझ रहे हैं और उन्होंने बर्मिंघम में आयोजित तैयारी शिविर के दौरान बिल्कुल भी ट्रेनिंग नहीं की इसलिए उन्हें टीम से बाहर करने का फैसला किया गया।'' राष्ट्रमंडल खेलों से पहले एन अजीत (71 किग्रा), साईराज परदेशी (88 किग्रा) और हरचरण सिंह (110 किग्रा) पर डोपिंग के कारण प्रतिबंध लगाया गया था।

### महिला वर्ग में वंशिता भी प्रतिबंधित

महिला भारोत्तोलक वंशिता वर्मा (86 किग्रा) को भी क्वालीफिकेशन अवधि के दौरान डोपिंग रोधी नियमों के उल्लंघन का दोषी पाए जाने पर प्रतिबंधित किया गया था। कोटा में यह कटौती भारतीय भारोत्तोलन के लिए एक और बड़ा झटका है क्योंकि डोपिंग से जुड़े मामलों के कारण इस खेल को पहले भी कई बार प्रतिबंधों और दंडात्मक कार्रवाई का सामना करना पड़ा है।

# सूर्यवंशी के तूफान में उड़ी जिम्बाब्वे

## अय्यर की कप्तानी में भारत ने चखा पहली जीत का स्वाद



ग्लास्गो ▶▶| हरारे

तेज गेंदबाजों मयंक यादव और प्रिंस यादव की धारदार गेंदबाजी के बाद सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी के तूफानी अर्धशतक से भारत ने बृहस्पतिवार को यहां पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में जिम्बाब्वे के सात विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली।

■ **पहले टी20 में जिम्बाब्वे पर सात विकेट से जीत पाई**

जिम्बाब्वे के 126 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने सूर्यवंशी (50 रन, 19 गेंद, चार छक्के, चार चौके) और इशान किशन (35 रन, 24 गेंद, तीन चौके, दो छक्का) की पारियों से 13.2 ओवर में तीन विकेट पर 126 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। कप्तान श्रेयस अय्यर ने भी नाबाद 28 रन बनाए।

### सूर्यवंशी ने रिचर्ड को लगातार दो छक्के व एक चौका मारा

लक्ष्य का पीछा करने उतरे भारत को सूर्यवंशी ने तूफानी शुरुआत दिलाई। सूर्यवंशी ने रिचर्ड एनगारवा की लगातार गेंदों पर दो छक्कों और एक चौके के साथ तेवर दिखाए। ब्लेसिंग मुजरबानी (26 रन पर दो विकेट) ने अभिषेक शर्मा (01) को ब्रेड इवान्स के हाथों कैच कराके जिम्बाब्वे को शुरुआती सफलता दिलाई।

### पावर प्ले में भारत का स्कोर एक विकेट पर 66 रन था

सूर्यवंशी ने इवान्स की लगातार गेंदों पर चौका और छक्का मारा जबकि मुजरबानी पर दो चौके और एक छक्का जड़कर पांचवें ओवर में भारत के रनों का अर्धशतक पूरा किया। किशन ने न्युमैन नयामहुरी पर तीन चौकों के साथ पावर प्ले में भारत का स्कोर एक विकेट पर 66 रन किया।

### भारत की धारदार गेंदबाजी रही

भारत ने इससे पहले मयंक (18 रन पर दो विकेट) और प्रिंस (19 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी से जिम्बाब्वे को सात विकेट पर 125 रन पर रोक दिया। रवि बिश्नोई और शिवम दुबे ने एक-एक विकेट हासिल किया। जिम्बाब्वे ने 14वें ओवर में 64 रन तक पांच विकेट गंवा दिए थे जिसके बाद वेस्ली माधेवेरे (39 रन, 34 गेंद, तीन चौके, एक छक्का) और ताडिवनाशे मरुमानी (नाबाद 27, 20 गेंद, दो चौके, एक छक्का) ने छठे विकेट के लिए 58 रन की साझेदारी करके टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया।

### स्कोर बोर्ड

| जिम्बाब्वे | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| ब्रायन बेनेट का किशन बो मयंक | 00 | 01 | 0 | 0 |
| बेन कुरेन का सूर्यवंशी बो प्रिंस | 10 | 08 | 2 | 0 |
| डियोन मायर्स का दुबे को मयंक | 06 | 14 | 1 | 0 |
| सिकंदर रजा का स्थानापन्न बो दुबे | 04 | 07 | 1 | 0 |
| रेयान बर्ल का तिलक बो बिश्नोई | 26 | 35 | 1 | 1 |
| वेस्ली माधेवेरे रन आउट | 39 | 34 | 3 | 1 |
| ताडिवनाशे मरुमानी नाबाद | 27 | 20 | 2 | 1 |
| ब्रेड इवान्स का अय्यर बो प्रिंस | 00 | 01 | 0 | 0 |
| न्युमैन नयामहुरी नाबाद | 01 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 12, कुल:20 ओवर में 125/7 रन
गेंदबाजी: मयंक 4-0-18-2, अशोक 4-0-29-0,प्रिंस 4-0-19-2 दुबे 4-0-32-1, बिश्नोई 4-0-24-1

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अभिषेक का इवान्स बो मुजरबानी | 01 | 08 | 0 | 0 |
| वैभव सूर्यवंशी का कुरेन बो एनगारवा | 50 | 19 | 4 | 4 |
| इशान का मायर्स बो मुजरबानी | 35 | 24 | 3 | 2 |
| श्रेयस अय्यर नाबाद | 28 | 24 | 3 | 0 |
| तिलक वर्मा नाबाद | 06 | 05 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 06, कुल : 13.2 ओवर में 126/3 रन
गेंदबाजी: मुजरबानी 4-0-26-2, एनगारवा 2.2-0-30-1, इवान्स 2-0-26-0, नयामहुरी 2-0-30-0, रजा 3-0-14-0



### मांडविया ने साइकिलिंग रैली की अगुवाई की

**नई दिल्ली।** खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने यहां भारतीय समुदाय के सदस्यों के साथ साइकिलिंग रैली की अगुवाई की और भारतवंशियों से राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान 'चीयर फोर इंडिया' मुहिम में शामिल होने का अनुरोध किया । मांडविया ने सभी भारतीयों से फिट इंडिया आंदोलन में सक्रिया भागीदारी का आग्रह भी किया । उन्होंने भारतीय मूल के लोगों से राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान भारतीय खिलाड़ियों की हौसलाअफजाई के लिये भी कहा। उन्होंने आगे कहा कहा कि साइकिलिंग कई समस्याओं का समाधान है जिससे फिटनेस को बढावा मिलता है, प्रदूषण कम होता है और ट्राफिक जाम से निजात मिलती है। उन्होंने कहा ,'' साइकिलिंग मुहिम के तहत हम दुनिया को संदेश देना चाहते हैं कि साइकिलिंग से हमारा स्वास्थ्य, पर्यावरण और धरती की सुरक्षा में मदद मिलती है ।''

## चाइना ओपन के दूसरे दौर से सिंधू बाहर

**शुरुआती बढ़त का फायदा उठाने में नाकाम रही, चीन की खिलाड़ी चेन से हार गई**

एजेंसी ▶▶| चांग्झू

भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधू शुरुआती बढ़त का फायदा उठाने में नाकाम रही और बृहस्पतिवार को यहां दूसरे दौर के मैच में चीन की खिलाड़ी चेन युफेई से तीन गेम के कड़े



मुकाबले में हारकर चाइना ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। लगभग डेढ़ घंटे तक चले इस मैराथन मुकाबले में सिंधू विश्व में चौथे नंबर की खिलाड़ी युफेई से 21-16, 20-22, 18-21 से हार गईं। हैदराबाद की रहने वाली 30 वर्षीय सिंधू ने पिछले सप्ताह जापान ओपन जीतकर लंबे समय से चले आ रहे खिताबी सूखे को खत्म किया था और उन्हें इस टूर्नामेंट में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद थी। पहले गेम से ही यह स्पष्ट हो गया था कि मुकाबला काफी कड़ा होने वाला है। भारतीय खिलाड़ी ने पहले गेम में 7-13 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए स्कोर 16-16 कर दिया था। इसके बाद उन्होंने लगातार पांच अंक हासिल करके पहला गेम अपने नाम कर दिया। दूसरे गेम में वापसी करने की बारी चेन की थी। सिंधू ने चार मैच प्वाइंट गंवाए।

### चेन ने टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण जीता था

टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाली चेन ने 16-20 की स्थिति से वापसी करते हुए यह गेम 22-20 से जीत लिया।

तीसरे और निर्णायक गेम में भी कड़ा मुकाबला देखने को मिला। लेकिन अंत में चेन ने 17-17 के स्कोर से बढ़त बनाकर मैच अपने नाम कर दिया।


**कार्यालय, कार्यपालन यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग डिण्डौरी, जिला डिण्डौरी (म.प्र.)**

नि.आ.सू. क्रमांक/06/व.ले.लि./2026-27 डिण्डौरी दिनांक 21.07.2026

ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा केन्द्रीयकृत लो.नि.वि. में पंजीकृत समस्त निविदाकारों को सूचित किया जाता है कि लो.नि.वि. संभाग डिण्डौरी जिला डिण्डौरी के अंतर्गत निम्नलिखित कार्यों की ऑन लाईन निविदा पोर्टल https://www.mptenders.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की गई है। कार्यों का विस्तृत विवरण वेबसाईट पर देखा जा सकता है :-

| ई-टेंडर नम्बर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि (रुपए में) | निविदा प्रपत्र (रुपए में) | कार्य पूर्ण करने की समयावधि | निविदा खोले जाने का स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2026_PWDRB_522846 | राई-मालपुर-डुंगरिया मार्ग लंबाई 14.60 किमी. का विशेष मजबूतीकरण कार्य (तृतीय आमंत्रण)। | 490.1 | 490100.00 | 15000.00 | 10 माह वर्षाॠतु सहित | कार्या. मुख्य अभियंता लो.नि.वि. परिक्षेत्र जबलपुर (म.प्र.) |

निविदा की तिथि एवं शर्तें :-
(1) ऑनलाईन निविदा प्रपत्र खरीदने की तिथि 21.07.2026 से 03.08.2026 सायं 5:30 बजे तक है ।
(2) ऑनलाईन बिड सबमिट करने की अंतिम तिथि 03.08.2026 सायं 5:30 बजे तक है ।
(3) टेण्डर डाक्यूमेंट, (e-EMD) तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज केवल ऑनलाईन ही सबमिट किये जायेंगे। निविदा दिनांक 05.08.2026 से खोली जावेगी ।
(4) संशोधन या शुद्धिपत्र सिर्फ वेबसाईट में अपलोड किये जावेंगे।
(5) निविदा प्रपत्र वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर भुगतान उपरांत प्राप्त हो सकेंगे। अतिरिक्त जानकारी वेबसाईट पर टेण्डर डाक्यूमेंट में देखी जा सकती है।

(मोहपत सिंह धुर्वे)
कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि. संभाग डिण्डौरी

जी- 16073/26 स्वच्छता ही सेवा

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग हरदा**

निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 05/व.ले.लि./2026-27, हरदा, दिनांक 20/07/2026

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mpetenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 2026_PWDRB_522887 | हरदा | सीवेज लाइन का कार्य | संभाग हरदा के टिमरनी सेक्सन अंतर्गत न्यायालयीन आवासीय एवं गैर आवासीय भवनो पर सीवेज लाइन का कार्य। | द्वितीय आमंत्रण | Rs. 9.98 Lakhs |
| 2 | 2026_PWDRB_522888 | हरदा | सीवेज लाइन का कार्य | संभाग हरदा के खिरकिया सेक्सन अंतर्गत न्यायालयीन आवासीय एवं गैर आवासीय भवनो पर सीवेज लाइन का कार्य। | द्वितीय आमंत्रण | Rs. 9.97 Lakhs |
| 3 | 2026_PWDRB_522890 | हरदा | दिमक अवरोधक कार्य | संभाग हरदा के टिमरनी सेक्सन अंतर्गत न्यायालयीन आवासीय एवं गैर आवासीय भवनो पर दिमक अवरोधक (एंटी टरमाइट) का कार्य। | प्रथम आमंत्रण | Rs. 9.95 Lakhs |
| 4 | 2026_PWDRB_522891 | हरदा | दिमक अवरोधक कार्य | संभाग हरदा के हरदा सेक्सन अंतर्गत न्यायालयीन आवासीय एवं गैर आवासीय भवनो पर दिमक अवरोधक (एंटी टरमाइट) का कार्य। | प्रथम आमंत्रण | Rs. 9.94 Lakhs |
| 5 | 2026_PWDRB_522892 | हरदा | दिमक अवरोधक कार्य | संभाग हरदा के खिरकिया सेक्सन अंतर्गत न्यायालयीन आवासीय एवं गैर आवासीय भवनो पर दिमक अवरोधक (एंटी टरमाइट) का कार्य। | प्रथम आमंत्रण | Rs. 9.93 Lakhs |
| 6 | 2026_PWDRB_522894 | हरदा | रंगाई पुताई कार्य | संभाग हरदा के खिरकिया सेक्सन अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनो की रंगाई पुताई कार्य। | प्रथम आमंत्रण | Rs. 19.98 Lakhs |
| 7 | 2026_PWDRB_522895 | हरदा | रंगाई पुताई कार्य | संभाग हरदा के टिमरनी सेक्सन अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनो की छत मरम्मत कार्य। | प्रथम आमंत्रण | Rs. 19.98 Lakhs |

उपरोक्त निविदा वेबसाइट पर आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से क्रय किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम दिनांक 07.08.2026 सायं 17.30 बजे निर्धारित है। विस्तृत एन. आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग भ/स
संभाग हरदा

जी- 16071/26 स्वच्छता ही सेवा




## खबर संक्षेप

### प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन का प्रदर्शन 31 को, 27 तक का दिया अल्टीमेटम

**भोपाल।** आरटीई के शुल्क सहित विभिन्न मांगों के निराकरण नहीं होने से नाराज प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन मप्र ने एक बार फिर प्रदर्शन और घेराव का आव्हान किया है। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन मांग की है कि यदि 27 जुलाई तक मांगो का निराकरण संबंधित विभाग द्वारा नहीं किया गया तो 31 जुलाई को राज्य शिक्षा केंद्र, लोक शिक्षण संचालनालय एवं माध्यमिक शिक्षा मंडल का एक साथ घेराव एवं प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें प्रदेश के सभी संचालक सम्मिलित होंगे। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अजीत सिंह ने कहा कि निजी स्कूलों की समस्याओं को लेकर अपना आवेदन विभाग प्रमुख प्रमुख, सचिव स्कूल शिक्षा एवं मुख्य सचिव मप्र शासन को बार-बार बताया, परंतु अब तक कोई समाधान नहीं हुआ है। राज्य शिक्षा केंद्र मप्र द्वारा निशुल्क शिक्षा अधिकार अधिनियम के अंतर्गत पढ़ने वाले विद्यार्थियों की फीस प्रति पूर्ति दो-दो, तीन-तीन वर्ष तक लंबित रहती है। मान्यता नवीनीकरण के नाम पर 40,000 की एफडी और 12,000 मान्यता शुल्क लिया जाता है। इसके साथ बोर्ड पैटर्न परीक्षा के नाम पर निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा के अंतर्गत पढ़ने वाले विद्यार्थियों से भी परीक्षा फीस ली जाती है।

### वाइन शॉप के बाहर मिले प्लॉस्टिक डिस्पोजल, लगाया 8 हजार का जुर्माना

**भोपाल।** नगर निगम ने गंदगी फैलाने और सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने वालों के खिलाफ 13 हजार 400 रुपए का स्पॉट फाइन लगाया है। जबकि अयोध्या नगर और अवधपुरी स्थित वाइन शॉप के बाहर प्लॉस्टिक के डिस्पोजल मिलने पर आठ हजार रुपए का जुर्माना वसूल किया गया है। इधर दुकानदारों द्वारा सड़क पर गंदगी करने के मामले में भी स्पॉट फाइन वसूल किया गया है। टीम जब अयोध्या नगर स्थित वाईन शॉप और 80 फिट रोड अवधपुरी स्थित वाईन शॉप पर पहुंची तो वहां गंदगी और सिंगल यूज प्लास्टिक डिस्पोजल्स पड़े मिले। जिस पर निगम अमले ने अयोध्या नगर स्थित वाईन शॉप संचालक से 5 हजार और अवधपुरी स्थित वाईन शॉप संचालक से 3 हजार रुपए का जुर्माना वसूल किया है। इसके इसके साथ जोन 13 से 3 हजार 900 रुपए, जोन 14 में 4 हजार रुपए की राशि स्पॉट फाइन के रूप में वसूल की है। इस तरह 61 प्रकरणों में 21 हजार 400 रुपए वसूल किए गए हैं।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने नीट पेपर लीक मामले में कांग्रेस के बयानों को लेकर दी प्रतिक्रिया

# नीट पेपर लीक मुद्दे पर कांग्रेस सुझाव देने के बजाय भ्रम फैलाकर राजनीतिक रोटियां सेंक रही: हेमंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने नीट पेपर लीक मामले में कांग्रेस और राहुल गांधी द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम को लेकर गुरूवार को मीडिया से चर्चा की। इस दौरान खंडेलवाल ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी नीट पेपर लीक के मामले पर संसद में सार्थक चर्चा की बजाय बच्चों को गुमराह कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छात्रों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पेपर लीक से जुड़े सभी प्रकरणों की सुनवाई अब फास्ट ट्रैक कोर्ट में कराने का निर्णय लिया है। पेपर लीक में जो भी दोषी होगा सभी पर कार्रवाई होगी। केंद्र सरकार पेपर लीक मामले का समाधान चाहती है, कांग्रेस और इंडी गठबंधन के दल संसद को बंधक बनाना चाहते हैं। युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। कांग्रेस और इंडी गठबंधन के दल संसद को बंधक बनाकर रखना चाहते हैं। केंद्र सरकार सभी विषयों पर सार्थक चर्चा के लिए तैयार है, लेकिन कांग्रेस सुझाव देने की बजाय भ्रम फैलाकर राजनीतिक रोटियां सेंक रही है। संविधान में संवाद का स्थान संसद है, कांग्रेस संसद में बहस से बचकर संविधान का विरोध कर रही है। फास्ट ट्रैक कोर्ट के जरिए सभी मामलों को जल्दी से जल्दी निस्तारण कर दोषियों को कठोर दण्ड दिलाया जाएगा।

#### नीट पेपर लीक मामले में प्रतिदिन सुनवाई होगी

खंडेलवाल ने कहा कि नीट पेपर लीक मामले के आरोपियों पर सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 के तहत मुकदमा चलाया जाएगा। इसका मकसद सार्वजनिक परीक्षाओं में पेपर लीक, नकल, सॉल्वर गैंग, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के दुरुपयोग और अन्य अनुचित तरीकों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करना है। कानून के तहत दोषी पाए जाने पर कड़ी सजा और भारी जुर्माने का प्रावधान भी किया गया है। बॉम्बे, कलकत्ता, दिल्ली और मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के अधिकार क्षेत्र में अदालतों में फास्ट ट्रैक कोर्ट स्थापित होने वाली हैं।

### 35 निर्माण कार्यों का किया औचक निरीक्षण

# निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर सख्ती लापरवाही पर नोटिस एवं ब्लैकलिस्ट की कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लोक निर्माण विभाग की ओर से की गई औचक निरीक्षण व्यवस्था के तहत 20 जुलाई को मुख्य अभियंताओं के सात दलों की ओर से भोपाल, जबलपुर, गुना, इंदौर, सीधी, उज्जैन एवं छतरपुर जिलों में 35 निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया गया। समीक्षा के दौरान एमडी यादव ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न करने के निर्देश देते हुए कहा कि लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। गुना जिले में मावन-पिपरिया सड़क निर्माण कार्य तथा उज्जैन जिले में डोंगला-लासुडिया श्रीपथ सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता असंतोषजनक पाए जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने तथा संबंधित निर्माण एजेंसियों के विरुद्ध ब्लैकलिस्ट की कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

#### दुर्घटना स्थलों पर तत्काल क्रैश बैरियर लगाने के निर्देश

इसी तरह गुना में निर्माणाधीन खेल परिसर के कार्य में कमियां पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी करने एवं संबंधित कंसल्टेंट को ब्लैकलिस्ट करने के निर्देश दिए गए। भोपाल संभाग के बरखेड़ी देव परिक्रमा मार्ग पर सड़क सुरक्षा संबंधी कमियां पाए जाने पर संभावित दुर्घटना स्थलों पर तत्काल क्रैश बैरियर लगाने तथा प्रदेश के अन्य संवेदनशील स्थलों पर भी आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान 19 अन्य निर्माण कार्यों में पाई गई कमियों के निराकरण के लिए भी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए।

#### उत्कृष्ट कार्य की सराहना

इंदौर जिले में निर्माणाधीन 250 सीटर कन्या छात्रावास का कार्य उत्कृष्ट गुणवत्ता का पाए जाने पर कार्यपालन यंत्री आरती यादव, सहायक यंत्री राजेश मकवाने एवं उपयंत्री जितेन्द्र भल्ला की सराहना की गई।

### बैरागढ़ वृत्त से अब हुजूर क्षेत्र में पहुंचा तहसील कार्यालय

# करीब 50 साल बाद लालघाटी चौराहे पर पहुंचा हुजूर तहसील का ठिकाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

करीब पचास साल पहले हुजूर तहसील का गठन होने के साथ कलेक्टोरेट परिसर पुराना सचिवालय में चल रहा हुजूर तहसील के दफ्तर को अब नया ठिकाना मिल गया है। शुक्रवार से अगर आपको तहसील से जुड़ा कोई काम है तो लालघाटी चौराहे पर जाना पड़ेगा। जिसके लिए गुरुवार को तहसील दफ्तर का लोकार्पण विधायक रामेश्वर शर्मा ने किया। इस मौके पर एडीएम सुमित पांडे, महेंद्र कवचे और हुजूर तहसील के एसडीएम विनोद सोनकिया मौजूद रहे। तीन मंजिला नए भवन में एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, पटवारी, नाजिर, निर्वाचन समेत सभी शाखाएं रहेंगी। सभी शाखाओं के लिए पर्याप्त जगह भी मुहैया कराई गई है। परिसर में चार पहिया और दो पहिया वाहनो के लिए भी पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था की गई है।



हुजूर तहसील का नया भवन।

#### लिफ्ट स्ट्रक्चर बनाया, लिफ्ट नहीं लगाई

तीन मंजिला भवन में बुजुर्गों और दिव्यांगों के ऊपरी मंजिला तक पहुंचने की व्यवस्था की गई है, लेकिन दफ्तर में लिफ्ट नहीं लगाई गई है, जिससे बुजुर्ग और दिव्यांग लोगों को ऊपरी मंजिल तक जाने में दिक्कत होगी, हालांकि लिफ्ट का स्ट्रक्चर बनाया गया है, जिससे भविष्य में लिफ्ट लगवाई जा सकेगी।

#### बैरागढ़ एसडीएम दफ्तर भी यहीं होगा शिफ्ट

हुजूर तहसील का दफ्तर लालघाटी स्थित नए भवन में शिफ्ट होने के साथ बैरागढ़ एसडीएम दफ्तर भी खाली किया जाना है। जिसके लिए हुजूर तहसील के दफ्तर में ही इसे शिफ्ट किया जाएगा। इधर शहर एसडीएम दफ्तर को लेकर फिलहाल संशय के हालात बने हुए हैं। इसे भी दूसरी जगह पर शिफ्ट किया जाएगा।



लोकार्पण करते विधायक।



नए दफ्तर में सुंदरकांड।

#### 7 करोड़ 44 लाख की लागत से बना भवन

एसडीएम ने बताया कि हुजूर तहसील के नए भवन में किसानों और आवेदकों की सहुलियतों का ख्याल रखा गया है। सभी शाखाओं के लिए भी पर्याप्त जगह दी गई है, जिससे अधिकारी और कर्मचारी भी आसानी से काम कर सकेंगे। इस भवन पर 7 करोड़ 44 लाख रुपए खर्च किए गए हैं।

### पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल में करियर मार्गदर्शन सेमिनार आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल में गुरुवार को गुरु पूर्णिमा पखवाड़े के अंतर्गत कॅरियर मार्गदर्शन सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षाविद, कॅरियर काउंसलर एवं लेखक अभिषेक खरे, शौर्य फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार अंशुमन खरे तथा करियर काउंसलर अंकिता महेश्वरी ने विद्यार्थियों को शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं और कॅरियर के विभिन्न विकल्पों पर मार्गदर्शन दिया।

# चेकिंग के दौरान बिना टिकट के मिले 160 यात्री, 2.30 लाख रुपए का जुर्माना वसूला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रेलवे यात्रियों को सुरक्षित, व्यवस्थित एवं नियमसम्मत यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आज रेलवे मजिस्ट्रेट भोपाल अनुराग खरे द्वारा वरिष्ठ लोक अभियोजक (रेलवे) अनिल कुमार सिंह के साथ विशेष जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान गाड़ी संख्या 11077 झेलम एक्सप्रेस के पेंट्रीकार का निरीक्षण किया गया तथा टिकट जांच एवं अवैध वेंडिंग के विरुद्ध सघन कार्रवाई की गई। जांच के दौरान



अवैध वेंडिंग करने वालों के विरुद्ध जनविश्वास विधेयक के तहत 8,000 का जुमार्ना लगाया गया। वहीं टिकट जांच अभियान में भोपाल से बीना के मध्य बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों से टिकट जांच स्टाफ द्वारा 36,750 की जुमार्ना राशि वसूल की गई। इसके उपरांत बीना रेलवे स्टेशन पर रेलवे मजिस्ट्रेट द्वारा कैम्प कोर्ट का आयोजन किया गया। कैम्प कोर्ट में अवैध वेंडिंग, रेल लाइन पार करना, बिना टिकट यात्रा, महिला एवं दिव्यांग कोच में अनधिकृत यात्रा, चेन पुलिंग तथा रेलवे अधिनियम की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत दर्ज मामलों का त्वरित निस्तारण किया गया। इस कार्रवाई के दौरान रेलवे सुरक्षा बल की विभिन्न पोस्टों से प्रस्तुत कुल 160 मामलों में 2,29,920 का जुमार्ना अधिरोपित कर मौके पर ही वसूल किया गया।

### श्री सत्य साईं महिला महाविद्यालय में एक दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी

# पर्यावरण संरक्षण आज केवल वैज्ञानिक विमर्श का विषय नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के प्रतिष्ठित नेक द्वारा ए +प्लस ग्रेड प्राप्त श्री सत्य साईं महिला महाविद्यालय द्वारा आयोजित एवं मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा प्रायोजित 'पर्यावरणीय संरक्षण एवं जलवायु कार्यवाही : एक सुस्थिर धरा की ओर' विषयक एक दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि टल बिहारी बाजपेई



संगोष्ठी को संबोधित करते अतिथि।

सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान के उपाध्यक्ष व प्रोफेसर राजीव दीक्षित थे, विशिष्ट अतिथि थे डॉ. एनपी. शुक्ला पूर्व अध्यक्ष वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग भारत सरकार नई दिल्ली, श्री सत्य साईं महिला महाविद्यालय के शासी परिषद अध्यक्ष जंबू भंडारी, महाविद्यालय की निदेशक डॉ.प्रतिभा सिंह, महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रेनू मिश्रा, विधि महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अंजू बाजपेई, महाविद्यालय की पूर्व प्राचार्य डॉ. अर्चना श्रीवास्तव, संगोष्ठी संयोजक एवं (गुणवत्ता प्रकोष्ठ) प्रभारी डॉ. नीना अरोरा। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ रेनू मिश्रा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज केवल वैज्ञानिक विमर्श का विषय नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है। संगोष्ठी की संयोजक व गुणवत्ता प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. नीना अरोरा ने संगोष्ठी की विषय वस्तु एवं उद्देश्यों पर संक्षिप्त प्रकाश डाला।

### पीएम मोदी को पत्र लिखकर श्रोती ने की कार्रवाई की मांग

# दिव्यांगजनों के लिए देशभर में हो सुगम्यता ऑडिट, लागू हो एक्शन प्लान: पूनम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दिव्यांग अधिकार कार्यकर्ता एवं उद्दीप सोशल वेलफेयर सोसायटी की संस्थापक पूनम श्रोती ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर देशभर में दिव्यांगजनों के लिए सुगम्यता सुनिश्चित करने की दिशा में तत्काल और ठोस कदम उठाने की मांग की है। उन्होंने सभी सरकारी एवं निजी संस्थानों में प्रभावी सुगम्यता कार्ययोजना लागू करने के साथ ही राष्ट्रव्यापी सुगम्यता ऑडिट कराने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि भारत को वास्तव में समावेशी और विकसित राष्ट्र बनाने के लिए दिव्यांगजनों को बिना किसी बाधा के सभी आवश्यक सेवाओं तक पहुंच उपलब्ध कराना जरूरी है।



#### एक्स-रे कराने में भी करना पड़ा मुश्किलों का सामना

पूनम श्रोती ने बताया कि हाल ही में उनके हाथ में फ्रैक्चर होने के बाद उन्हें केवल एक साधारण एक्स-रे करवाने में बड़ी कठिनाई का सामना करना पड़ा। जिस डायग्नोस्टिक सेंटर में उन्हें जांच करानी थी, वह व्हीलचेयर उपयोगकर्ताओं के लिए पूरी तरह सुलभ नहीं था। न ही वहां दिव्यांगों के लिए कोई रैम्प बना था। उन्होंने कहा कि यह केवल उनका व्यक्तिगत अनुभव नहीं है, बल्कि देशभर में लाखों दिव्यांगजनों को प्रतिदिन ऐसी ही परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। अस्पताल और स्वास्थ्य केंद्र जैसी आवश्यक सेवाओं तक भी यदि दिव्यांगजन स्वतंत्र रूप से नहीं पहुंच पाते हैं, तो यह गंभीर चिंता का विषय है।

#### कानून के बावजूद सुगम्यता बनी बड़ी चुनौती

दिव्यांगों के अधिकारों की लड़ाई लड़ रहीं पूनम श्रोती ने प्रधानमंत्री को भेजे एक पत्र में कहा कि दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 लागू होने के बावजूद देश में सुगम्यता की स्थिति अभी भी संतोषजनक नहीं है। सरकारी कार्यालयों, अस्पतालों, शैक्षणिक संस्थानों, कार्यस्थलों, सार्वजनिक परिवहन, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर दिव्यांगजनों के लिए आवश्यक सुविधाओं का अभाव देखने को मिलता है। उन्होंने कहा कि सुगम्यता की कमी के कारण दिव्यांगजनों को रोजमर्रा के छोटे-छोटे कामों के लिए भी दूसरों पर निर्भर रहना पड़ता है। यह स्थिति उनके आत्मसम्मान, स्वतंत्रता और समान अवसर के अधिकार को प्रभावित करती है।

### वन विभाग संयुक्त रूप से रखेंगे नजर

# घड़ियाल-कछुओं की तस्करी रोकने चंबल में हाई अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देश में घड़ियाल संरक्षण के सबसे महत्वपूर्ण केंद्र राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य में दुर्लभ जलीय वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर मप्र वन विभाग ने हाई अलर्ट घोषित किया है। अंतरराज्यीय वन्यजीव तस्करी गिरोहों के फिर से सक्रिय होने की आशंका के बीच चंबल नदी के संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी कई गुना बढ़ा दी गई है। नियमित गश्त, अवैध मत्स्याखेट पर सख्त कार्रवाई, संदिग्ध मछुआरों की सतत निगरानी और उत्तरप्रदेश-राजस्थान के साथ संयुक्त अभियान चलाने के निर्देश जारी किए गए हैं। प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) एवं मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक डॉ. समीता राजौरा ने राज्य स्तरीय अलर्ट जारी करते हुए सभी संबंधित वन अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

#### एक संगठित अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया

वन विभाग के अनुसार जुलाई 2025 में स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स, शिवपुरी ने चंबल नदी क्षेत्र में घड़ियाल और दुर्लभ कछुओं की तस्करी से जुड़े एक संगठित अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया था। प्रत्येक घाट प्रभारी को मछली पकड़ने वाले व्यक्तियों का पंजी तैयार करने, संदिग्ध गतिविधियों का तत्काल सत्यापन करने तथा घड़ियाल और कछुओं के प्रजनन काल के दौरान संवेदनशील स्थलों पर चौबीसों घंटे निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। अवैध रूप से मत्स्याखेट करने वालों के विरुद्ध वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत कठोर कार्रवाई भी की जाएगी।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930